# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, मंगलवार, 25 मार्च, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 323 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.



सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव

# राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन

मुख्य अतिथि
**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

**25 मार्च, 2025 | आदर्श स्टेडियम, बाड़मेर | दोपहर 3:00 बजे**

## राशि हस्तांतरण / वितरण

- 1.10 करोड़ परिवारों को 200 करोड़ रुपए की एल.पी.जी. सब्सिडी
- 31,790 बालिकाओं को गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटियाँ योजनाओं में 13.16 करोड़ रुपए
- 18,300 महिला समूहों को 100 करोड़ रुपए का हस्तांतरण
- 30,000 बालिकाओं को लाडो प्रोत्साहन योजना में 7.5 करोड़ रुपए
- 5,000 मेधावी छात्राओं को कालीबाई भील योजना में स्कूटी वितरण
- 5,000 महिलाओं को इंडक्शन कुक टॉप का वितरण
- स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना के तहत स्वीकृतियाँ

राजस्थान संवाद

## योजनाओं के दिशा निर्देश

- बर्तन बैंक योजना
- महिला महाविद्यालयों में पुस्तकालय / रीडिंग रूम के उपयोग के सम्बंध में
- अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन योजना में दूध की मात्रा 15 ग्राम से 25 ग्राम
- सोलर दीदी

**समर्थ महिला - समृद्ध राजस्थान**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

# टीबी मुक्त धौलपुर के लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सामुदायिक भागीदारी जरूरी : एडीएम मीणा




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** विश्व क्षय रोग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीणा ने कहा कि 'टीबी हारेगा देश जीतेगा' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामुदायिक भागीदारी आवश्यक है। एडीएम मीणा ने सोमवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित विश्व क्षयरोग दिवस पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य टीबी उन्मूलन की दिशा में सामुदायिक सहायता प्रदान करना है। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि टीबी रोगियों के उपचार में हर संभव मदद करें, ताकि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने सक्षम लोगों से निक्षय मित्र बनकर टीबी के इलाज में अतिरिक्त निदान और पोषण की सहायता प्रदान करने पर जोर दिया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्म सिंह मीणा कहा कि हर साल 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है। इस साल की थीम, हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं। प्रतिबद्ध, निवेश, उद्धार, आशा, तत्परता और जवाबदेही के लिए एक साहसिक आह्वान है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत विभाग के मापदंडों में खरी उतरने पर जिले की 37 ग्राम पंचायतों ने टीबी मुक्त होने का दर्जा हासिल किया हैं। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में निक्षय मित्रों की अहम भूमिका रही है। बिना निक्षय मित्र के किसी भी ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित नहीं किया जा सकता हैं। इसके चलते जिले में निक्षय मित्र बनाए गए और टीबी मरीजों को पोषण सामग्री वितरित करवाई गई। कार्यक्रम के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.गोविंद सिंह मीणा ने कहा कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान शेष ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने के लिए निरंतर जारी रहेगा। इसके लिए टीबी के मरीजों की जांच उपचार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा साथ ही टीबी संबंधित जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएगी, ताकि अन्य ग्राम पंचायतें भी टीबी मुक्त होने के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। इस अवसर पर में टीबी से मुक्त हुई जिले की 37 ग्राम पंचायतों प्रशासकों प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह और गांधी जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजाखेड़ा ब्लॉक तथा विभाग के 26 सीएचओ, एएनएम , लैब टैक्नीशियन, आशा सहयोगिनी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.विजय सिंह, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव मीणा, डीपीसी टीबी प्रेम सैनी ने भी विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि, तथा विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

## जागरूकता और सही इलाज लेकर टीबी से पाई जा सकती है मुक्ति



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** विश्व क्षय रोग दिवस पर उप जिला अस्पताल मे पीएमओ डॉक्टर धर्मेंद्र भामू की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। चिकित्सकों ने कहा कि इस खास दिन को मानने के पीछे का उद्देश्य लोगों के बीच टीबी रोग के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि टीबी बैक्टीरिया से होने वाली बीमारी है। सबसे कॉमन फेफड़ों की टीबी है और यह हवा के जरिए एक से दूसरे इंसान में फैलती है। मरीज के खांसने और छींकने के दौरान मुंह व नाक से निकलने वाली बारीक बूंदें इन्हें फैलाती हैं। ऐसे में मरीज के पास बैठकर बात की जाए तो भी इंफेक्शन हो सकता है। फेफड़े के अलावा ब्रेन, यूट्रस, लिवर, किडनी, गले आदि में भी टीबी हो सकती है। टीबी खतरनाक इसलिए है क्योंकि यह शरीर के जिस हिस्से में होती है, सही इलाज न हो तो उसे बेकार कर देती है। कम से कम तीन सप्ताह तक लगातार खांसी आना टीबी का प्रमुख लक्षण है। खांसी के दौरान रक्त के साथ कफ का बनना एक अन्य लक्षण है। ठंड लगना, बुखार, भूख न लगना और वजन कम होना अन्य लक्षण हैं। टीबी के कारण पेट में दर्द, जोड़ों में दर्द व लगातार सिर में दर्द भी हो सकता है। टीबी को नजर अंदाज करने की भूल न करें। डब्ल्यूएचओ के अनुसार टीबी दुनिया में मृत्यु का सबसे घातक और संक्रामक कारणों में से एक है। टीबी एक संक्रामक बीमारी है, इसका इलाज संभव है। समय रहते अगर इस रोग का इलाज करवा लिया जाए तो रोगी पूरी तरह से ठीक हो सकता है। गोष्ठी में पीएमओ डॉ. धर्मेंद्र भामू डॉ.महेश कडेल, डॉ.विकास शर्मा,डॉ अमित शर्मा, डॉक्टर रामबाबू गुर्जर, डॉ मनोज बियानी, डॉक्टर सरोज बासनीवाल, क्षय रोग सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर आशीष पारीक, डॉट्स भवानी वर्मा, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर रणवीर सिंह, कैलाश वर्मा, पिंकी, रेखा, नवनीत, ताराचंद कुमावत नर्सिंग कर्मी मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने सौंपा ज्ञापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** जिला मुख्यालय पर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से पशुपालन विभाग में कार्मिकों पर की गई दमनात्मक कार्यवाही के विरोध में जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। महासंघ के जिलाध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण ने बताया की पशुपालन विभाग में कुछ अव्यावहारिक नवाचारों के कारण विगत 6 माह से भय का वातावरण बना हुआ है जिससे विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। शासन द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से दैनिक उपस्थिति दर्ज करवाने का अव्यवहारिक एवं अतार्किक निर्णय लिया गया था। विभाग में ऑनलाइन उपस्थिति के नाम पर कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाहियां की जा रही है। मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन दैनिक उपस्थिति दर्ज करवाने के संबंध में प्रकरण उच्च न्यायालय जोधपुर में विचाराधीन है। ज्ञापन देने के अवसर पर सहायक विकास अधिकारी संघ से रंजीत स्वामी, महावीर स्वामी, निवास माली, पशुपालन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष महेंद्र महला, भंवरलाल डूडी, प्रवीण कुमार, बाबूराम, रोहिताश, घनश्याम गोदारा, रवि प्रजापत, जयपाल सिंह, सहदेव सिंह, सुभाष चंद्र सहारण, बोदूराम सैनी, मुकेश कुमार, सत्यनारायण व्यास, प्रमोद शर्मा, राकेश हुड्डा, इंद्राज रूहिल, वीरेंद्र सिंह, नक्षत्र एलवा, मनजीत सिंह, राजेन्द्र, मनमोहन, विजय शर्मा सहित अनेको कर्मचारी उपस्थित थे।


### नि:शुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल स्थान रखने वाली विद्यालय व शेरमल सोना देवी चेरीटेबल ट्रस्ट, श्रीडूंगरगढ़ द्वारा रविवार, 23 मार्च 2025 को सेसोमूं स्कूल में नि:शुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक किया गया, जिसमें लगभग 188 लोंगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ डॉ. गौरव गोम्बर एवं डॉ. मीनाक्षी गोम्बर ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के ट्रस्टी श्रीडूंगरगढ़ निवासी अमेरिका प्रवासी सेवा भावी जगदीश प्रसाद मूंधड़ा ने उपस्थित लोगों को इस शिविर के महत्व और उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी एवं ट्रस्टी पद्मा मूंधड़ा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और उन्हें स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक करना है। शिविर में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिनमें डॉ. गौरव गोम्बर (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. मीनाक्षी गोम्बर (स्त्री रोग विशेषज्ञा), मारवाड हॉस्पिटल, बीकानेर के डॉ. प्रमोद नारंग (लेप्रोस्कोपिक एवं सर्जरी विशेषज्ञ), तुलसी मेडिकल एंड रिसर्च सेंटर से डॉ. अमित सेठिया (हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ), डॉ. गौरव सिंघल (दंत रोग विशेषज्ञ), और जी. एन. एम. परमेश्वर भादू शामिल थे। शिविर के समापन पर स्कूल के प्राचार्य सुब्रत कुंडू ने सभी चिकित्सकों, शिविर में आए लोगों और ट्रस्ट के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों को भविष्य में भी जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर सेसोमूं प्रबंध समिति के सदस्य महावीर माली, सुभाषचन्द्र शास्त्री, मंजू शास्त्री, रूपचन्द सोनी, रामनिवास बेनिवाल, घनश्याम गौड़, समस्त शिक्षकगण एवं प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित रहे। इस शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** तारानगर पंचायती समिति प्रधान संजय कस्वां की अध्यक्षता में पेयजल, बिजली, निर्माण, कृषि, समाज कल्याण, शिक्षा, राजस्व, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सिंचाई, वन, पशु चिकित्सा, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, पंचायती समिति वार्षिक प्लान, मनरेगा पूरक प्लान सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर पंचायत समिति सभागार हॉल में सोमवार को पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। जनप्रतिनिधियों ने बैठक में पानी बिजली, सडक़, पानी निकासी, शिक्षा, चिकित्सा आदि का मुद्दा उठाया। प्रधान कस्वां ने अधिकारियो को उक्त समस्याओं के जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। विकास अधिकारी विनोद कुमार धायल ने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा से घर घर तक पहुंचाने के लिए कहा जिससे गरीब लोगों का भला हो सके। चिकित्सा विभाग से बैठक में कोई अधिकारी कर्मचारी नहीं आया। इस मोके पर उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार, अतिरिक्त विकास अधिकारी छगनलाल छिंपा, बीडीसी सदस्य मोहर सिंह ज्याणी, बन्नेसिंह मोगा, क्षेत्रीय वन अधिकारी सुरेन्द्रसिंह, सहायक अभियंता विजय प्रताप कस्वां, शशिकांत मीणा, राजेंद्र बागोरिया, सरपंच राजेश कस्वां, मोहरसिंह धानक, राकेश शर्मा, कृष्ण कुमार सहारण, सुरेन्द्र सहारण, मनोज व्यास, दिनेश प्रजापत सहित अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

### मनोकामना सिद्ध बालाजी धाम में श्री हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को मनाया जाएगा

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर के रामबास में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री मनोकामना सिद्ध बालाजी धाम में श्री हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल 2025 को सभी भक्तजन मिलकर बड़ी धूमधाम से बनाया जाएगा। उसके पुजारी मनोज कुमार शर्मा के सानिध्य में एक मीटिंग रखी गई जिसमें समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे व अपना विचार- विमर्श किया और अपना सुझाव दिया।

# पारंपरिक गौर बनौरे धूमधाम से मनाया



## महिलाओं ने गाए पारंपरिक गीत, झूला झूले और गीतों में झूमे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** निकटवर्ती गांव घंटेल के पित्तर जी की ढाणी स्थित त्रिनेत्रयोग धाम में पारंपरिक गौर बनौरे का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। आयोजक डॉ.मनोज योगाचार्य ने बताया की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रमुख वंदना आर्य के साथ सैंकड़ों महिलाएं लाल चुनरी थीम परिधान में उपस्थित रही। कार्यक्रम प्रभारी योग प्रशिक्षिका विनीता शर्मा के सानिध्य में गौर ईसर की सवारी निकाली गई। इस दौरान योग धाम में स्थित विभिन्न झूलों पर महिलाओं ने गीत गाएं और बुजुर्ग महिलाओं से पुराने परंपरागत गीतों को सुना और सीखा। प्रमुख वंदना आर्य ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं के लिए नियमित दिनचर्या से हटकर ऊर्जा भरने वाले होते है जो उनमे मानसिक ताकत और ऊर्जा भर देता है, त्रिनेत्र योगधाम पर जैविक खेती और पर्यावरण व ईको टूरिज्म के विभिन्न मॉडल देख कर बहुत खुशी हुई। कार्यक्रम में विप्र महिला मंडल,नेचरपार्क नियमित योग से जुड़ी महिलाओं और अन्य ग्रामीण महिलाओं ने कार्यक्रम को बहुत सराहा व अंत में जैविक भोजन के रूप में प्रसाद ग्रहण किया।

# महिलाओं ने दशा माता की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की

## नल-दमयंती की सुनीं कथा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** महिलाओं ने सनातन रीति रिवाजों के अनुरूप होली के दस दिन बाद मनाएं जाने वाले त्यौहारों के क्रम में दशामाता की कथा सुनकर दशा माता व्रत विधि विधान से पूर्ण किया। शहर में सोमवार को दशा माता का व्रत रखकर महिलाओं ने विधि विधान से पूजा–अर्चना की। प्रात: स्नान आदि से निवृत होने के बाद कच्चा सूत हल्दी में रंगकर पीपल के वृक्ष के पास पहुंची तथा पीपल के दस बिंदिया लगाकर कच्चा सूत लपेट कर पूजा की। वहीं हल्दी से रंगें कच्चे सूत के दस गांठें लगाकर गलें में धारण की महिलाओं ने नल दमयंती की कहानी के माध्यम से बताया कि किस प्रकार अपनी दासी के कहनें पर दमयंती ने दशा माता का व्रत रखकर दस गांठों के धागे वाला सूत बांधा जिसे अज्ञानतावश राजा नल ने तोड़ दिया जिसके बाद उन्हें बहुत ही भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बाद में पुन: श्रद्धा पूर्वक व्रत करने के बाद उनकी स्थिति में सुधार हुआ। कस्बे में बड़ी संख्या में महिलाओं ने दशा माता की पूजा कर दस गांठों के हल्दी से रंगे कच्चे सूत के डोरे को धारण कर सुख समृद्धि कि कामना की।

# राजस्थानी आधुनिक कविता में नवाचारों का स्वागत करें : कच्छावा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** राजस्थान सरकार के जवाहर कला केंद्र सुजानगढ़ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विजयदान देथा साहित्य उत्सव के राजस्थानी री नुंवी कविता विषयक ओम पुरोहित कागद सत्र में बोलते हुए साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि राजस्थानी आधुनिक कविता में हो रहे नवाचारों का स्वागत करना चाहिए ताकि अधिक से अधिक विविध साहित्यिक विधाओं से राजस्थानी भाषा में सृजन हो सके। उन्होंने राजस्थानी कविता में उनके प्रयोगों पर पूछे गये सवाल के प्रतित्तर में बताया कि पढ़ने का अभ्यास छूट सा गया है। अत: अब ऐसी रचनाएं रचने की आवश्यकता है जिनको पढ़ने में कुछ सैकेण्ड खर्च होता है मगर उसका प्रभाव घंटो पाठक के मन–मस्तिष्क पर रहता हैं। डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने अपने हाइकु, तांका, चोअखरी, पिरामिड कविता, सेदोका, लघु कविता और गद्य कविताओं का उदाहरण देते हुए कहा कि कम से कम शब्दों में अपने भावों की अभिव्यक्ति देनी चाहिए। काव्य रचनाओं के अनावश्यक विस्तार से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि छंद मुक्त कविता में भी एक आंतरिक लय होती हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थानी भाषा के लिए जो जैसे काम कर रहा है उसको प्रोत्साहित करना चाहिए।

# राजस्थान दिवस पर सप्ताह भर मनाया जाएगा परंपरा, संस्कृति और विकास का महोत्सव

## आज पहले दिन महिला सम्मेलन का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** राजस्थान की गौरवशाली धरोहर, वीरता की अनगिनत गाथाओं और सांस्कृतिक वैभव को समर्पित राजस्थान दिवस इस वर्ष भी हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 30 मार्च को होने वाले राजस्थान दिवस समारोह के उपलक्ष्य में 25 से 31 मार्च तक विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जो न केवल प्रदेश की संस्कृति और इतिहास को उजागर करेगी, बल्कि विकास, जनकल्याण की संकल्पना को भी दिशा देगी। धौलपुर में राजस्थान दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण की है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने इस आयोजन को भव्य और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। सप्ताह भर चलने वाले इन कार्यक्रमों की श्रृंखला में पहले दिन 25 मार्च को महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जहां महिलाओं के अधिकार, स्वरोजगार और सामाजिक उत्थान से जुड़े विषयों को शामिल किया गया है। इसके बाद 26 मार्च को किसान सम्मेलन में आधुनिक कृषि तकनीकों और किसान हितैषी सरकारी योजनाओं को केंद्र में रखा गया है। प्रदेश की गरीब एवं अंत्योदय योजनाओं को केंद्र में रखते हुए 27 मार्च को एक विशेष सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें जरूरतमंद लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा। राज्य में सुशासन को बढ़ावा देने और प्रशासनिक पारदर्शिता को मजबूत करने के लिए 28 मार्च को सुशासन समारोह का आयोजन होगा, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा प्रदेश में लागू की जा रही नीतियों और योजनाओं पर चर्चा होगी। इसी कड़ी में 29 मार्च को युवा एवं रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जहां युवाओं को नियुक्ति पत्र इत्यादि का वितरण किया जाएगा। राजस्थान दिवस का मुख्य आकर्षण 30 मार्च को आयोजित होने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें लोकगीत, नृत्य, नाटक और परंपरागत कलाओं का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा।

# 'बच्चों के सर्वांगीण विकास में स्काउटिंग की भूमिका अहम'


## जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली-2025 का समापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट/गाइड जिला मुख्यालय धौलपुर के तत्वावधान में डाइट धौलपुर पर 20 मार्च से 24 मार्च 2025 तक आयोजित हुई जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली–2025 का समापन अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना द्वारा किया गया। सी.ओ. स्काउट गजेन्द्र त्यागी ने बताया कि शिविर के चौथे जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली 2025 के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी धौलपुर महेश कुमार मंगल रहें। सीओ स्काउट गजेन्द्र त्यागी द्वारा अतिथियों को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्काउट गाइड को सम्बोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि स्काउटिंग बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है जो भावी पीढ़ी को नि:स्वार्थ सेवाभावी के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, जो कि सराहनीय कदम है। स्काउट गाइड संगठन बालक बालिकाओं में चरित्र निर्माण, अनुशासन, एकता तथा आपसी भाईचारे की भावना को प्रगाढ़ बनाता है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी धौलपुर ने कहा कि इस संगठन का उद्देश्य राष्ट्र की भावी पीढ़ी को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें समाज का उपयोगी नागरिक बनाना है। इस उद्देश्यो की पूर्ति हेतु समय समय पर कई प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाता है। मुख्य अतिथियों द्वारा जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली में आयोजित प्रदर्शनी, झॉंकी, रंगोली, निबंध, कैम्प फॉयर, फूड प्लाजा, आदि प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेताओं को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# गणगौर पर्व पर चंद्र गौरजा कार्यक्रम का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर श्री एवं युक्ति सामाजिक शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गणगौर पर्व पर चंद्र गौरजा कार्यक्रम का आयोजन डॉ. सरोज हारित की अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम के प्रारंभ में गणगौर और ईसर को स्थापित कर महिलाओं द्वारा पूजन किया गया व बनौरा निकला गया। इस दौरान विमला शर्मा, मुन्नी डागा, पल्लवी गौतम, किरण कोठारी, पूनम सोनी ने सुरीले अंदाज में गणगौर के गीतों खिम्पोली म्हारी खिम्पा छाई, म्हारी चंद्र गौरजा, म्हे ईसर थारी साली हां, बाड़ी वाला बाड़ी खोल बाड़ी की किंवाड़ी खोल, ए मोती समदरीए मे निपजे से खूब समां बांधा। कार्यक्रम में लोक नृत्य व बणी ठणी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में उमा वशिष्ट व टिना सैनी संयुक्त रूप से प्रथम रही। शिखा सोनी द्वितीय व रुचिका शर्मा, सोनू शर्मा, नीलम, मुकेश वर्मा, संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। बणी ठणी प्रतियोगिता में बणी ठणी सम्मान संयुक्त रूप से मन्नत सोनी व टिना सैनी को प्रदान किया गया।

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in
जयपुर, मंगलवार, 25 मार्च, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 323 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.


कामरा के सपोर्ट में उतरी जया-स्वरा
पेज: 10

## नागपुर हिंसा के मुख्य आरोपी फहीम के घर चला बुलडोजर

### 500 दंगाइयों को भड़काने का आरोप, देशद्रोह का केस, औरंगजेब की कब्र पर था विवाद

**नागपुर।** औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर नागपुर में हुई हिंसा के मुख्य आरोपी फहीम खान के घर पर सोमवार को बुलडोजर चलाया गया। हिंसा के एक और आरोपी यूसुफ शेख के घर का अवैध निर्माण भी तोड़ा गया है। नागपुर नगर निगम ने संजय बाग कॉलोनी, यशोधरा नगर में मौजूद फहीम के मकान का अवैध निर्माण हटाने के लिए रविवार को 24 घंटे का समय दिया था, जो सोमवार को पूरा हो गया। फहीम का मकान उसकी पत्नी के नाम पर है। नगर निगम ने इसकी बिल्डिंग परमिशन अप्रूवल में गड़बड़ी को लेकर कार्रवाई का नोटिस दिया था। नागपुर में 17 मार्च को औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर विवाद के बाद हिंसा हुई है। इसके मास्टरमाइंड फहीम समेत 6 आरोपियों के खिलाफ देशद्रोह का केस दर्ज है। फहीम पर 500 से ज्यादा दंगाइयों को इकट्ठा करने और हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है।

### फहीम 19 मार्च को गिरफ्तार हुआ, तब से पुलिस हिरासत में

माइनॉरिटीज डेमोक्रेटिक पार्टी के शहर अध्यक्ष फहीम खान को दंगा और आगजनी की घटनाओं के दो दिन बाद 19 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। वह अभी पुलिस हिरासत में हैं। फहीम ने 21 मार्च को सेशंस कोर्ट में जमानत के लिए याचिका लगाई थी। उसका दावा है कि उसे राजनीतिक प्रतिशोध के चलते गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि उसने विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

### फडणवीस ने पहले ही कहा था कि जरूरत पड़ी तो बुलडोजर चलाएंगे



हिंसा के पांचवें दिन शनिवार को सीएम देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने कहा था, नुकसान की भरपाई दंगाइयों की संपत्ति बेचकर वसूली जाएगी। जरूरत पड़ी तो बुलडोजर भी चलाया जाएगा।

### आरोपियों के घर गिराने पर हाईकोर्ट की रोक

**मुंबई।** हिंसा मामले के मुख्य आरोपी फहीम खान, यूसुफ शेख सहित उनके साथियों के घर पर बुलडोजर एक्शन पर बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने सोमवार को रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने संपत्ति मालिकों की सुनवाई न होने पर भी चिंता जताई।

## न्यूज ब्रीफ

### बीएसएनएल ने यूजर्स को फर्जी धमकियों से बचने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** इन दिनों मोबाइल यूजर्स को बीएसएनएल और ट्राई के नाम पर एक नोटिस भेजा जा रहा है, जिसमें केवाईसी डिटेल अपडेट करने के लिए कहा जाता है। ऐसा नहीं करने पर 24 घंटे में सिम बंद होने की चेतावनी दी जा रही है। बीएसएनएल ने इस दावे को गलत बताते हुए कहा है कि बीएसएनएल की तरफ से ऐसा कोई नोटिस यूजर को नहीं भेजा जाता है। इस तरह का नोटिस पूरी तरह से फर्जी है और स्कैमर्स यूजर्स की निजी जानकारी का गलत इस्तेमाल कर सकते हैं।

### पंजाब की जेलों से 450 किसान रिहा

**चंडीगढ़।** पंजाब हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन को पिछले दिनों सरकार ने खत्म करा दिया। 19 मार्च से अब तक करीब 1400 किसानों में से 800 किसानों को रिहा कर दिया गया है। अब महिलाओं, दिव्यांगों, मेडिकल समस्याओं वाले किसानों और 60 साल से अधिक उम्र के किसानों को तुरंत रिहा किया जाएगा, यही कारण है कि सोमवार को करीब 450 किसानों को रिहा कर दिया गया।

## संसदीय कार्य मंत्रालय की अधिसूचना

## सांसदों की सैलरी 24 प्रतिशत बढ़ी

### हर सांसद को अब 1.24 लाख रुपए मिलेंगे

### पूर्व सांसदों की पेंशन बढ़ाकर 31 हजार की गई

**नई दिल्ली।** सरकार ने सांसदों की सैलरी में 24 प्रतिशत का इजाफा कर दिया है। सोमवार को संसदीय कार्य मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी की। इसके मुताबिक मौजूदा सांसदों को अब 1.24 लाख रुपए प्रति माह मिलेगा। पहले उन्हें 1 लाख रुपए प्रति माह मिलते थे। यह बढ़ोतरी कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स के आधार पर की गई है। बढ़ी सैलरी 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी।



#### डेली अलाउंस और पेंशन भी बढ़ाई गई

डेली अलाउंस और पेंशन भी बढ़ाई गई है। डेली अलाउंस 2,000 रुपए से बढ़ाकर 2,500 कर दिया गया है। पूर्व सांसदों की पेंशन 25,000 रुपए से प्रति माह से बढ़ाकर 31,000 रुपए प्रति माह कर दी गई है। पांच साल से ज्यादा समय तक सांसद रहे सदस्यों को हर साल के लिए मिलने वाली एक्स्ट्रा पेंशन भी 2,000 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 2,500 रुपए प्रति माह कर दी गई है।

## दिल्ली में इंडिया गठबंधन के छात्र संगठनों का प्रदर्शन

### राहुल गांधी बोले, आरएसएस देश का एजुकेशन सिस्टम खत्म कर रहा, किसी को रोजगार नहीं मिलेगा

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी कहा है प्रधानमंत्री महंगाई, बेरोजगारी के बारे में एक शब्द नहीं बोलते हैं। उनका मॉडल अंबानी-अडाणी को देश का धन दिलाना है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री महंगाई, बेरोजगारी के बारे में एक शब्द नहीं बोलते हैं। उनका मॉडल अंबानी-अडाणी को देश का धन दिलाना है।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अगुआई में सोमवार को जंतर-मंतर पर आईएनडीआईए गठबंधन के छात्र संगठनों ने देशभर में बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया। छात्र संगठन नेशनल एजुकेशन पॉलिसी, नियुक्तियों पर यूजीसी के प्रस्तावित दिशा-निर्देशों को वापस लेने और छात्र संघों को



बहाल करने की मांग कर रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि देश में सबसे बड़ा मुद्दा रोजगार का है और सरकार इस मुद्दे पर चुप है। राहुल गांधी बोले हम छात्र हितों से समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि आरएसएस देश के एजुकेशन सिस्टम को खत्म कर रहा है और आने वाले वक्त में किसी को रोजगार नहीं मिलेगा। राहुल गांधी ने कहा, एक संगठन हिंदुस्तान के भविष्य को, एजुकेशन सिस्टम को खत्म करने में लगा है। सच्चाई है कि हमारा शिक्षा का सिस्टम धीरे-धीरे उनके हाथों में जा रहा है। अगर सिस्टम उनके हाथों में चला जाएगा तो देश बर्बाद हो जाएगा। किसी को रोजगार नहीं मिलेगा।

प्रदर्शन में नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया,ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन, मुस्लिम स्टूडेंट्स फेडरेशन, समाजवादी छात्र सभा और छात्र राष्ट्रीय जनता दल शामिल हैं।

## विधानसभा में बहस...

## राजस्थान में आज से 45 कानून खत्म

### राणा सांगा को गद्दार कहने का मुद्दा विधानसभा में गूंजा, कांग्रेस विधायक ने टोका तो बीजेपी विधायकों ने हंगामा किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** विधानसभा में बहस के बाद राजस्थान विधियां निरसन विधेयक पारित किया गया। इस बिल में पुराने 45 कानून खत्म करने का प्रावधान है। इनमें 37 कानून तो पंचायती राज से जुड़े हैं। अब प्रदेश में 45 गैर-जरूरी और पुराने हो चुके कानून खत्म हो जाएंगे। इनमें बीकानेर स्टेट डिस्ट्रिक्ट बोर्ड अमेंडमेंट एक्ट 1952, बीकानेर म्यूनिसिपल अमेंडमेंट एक्ट 1952 जैसे पुराने कानून खत्म किए जाएंगे।

समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा को गद्दार कहने का मुद्दा राजस्थान विधानसभा में उठा। बीजेपी विधायक श्रीचंद कृपलानी ने पॉइंट ऑफ इंफॉर्मेशन के जरिए राणा सांगा को गद्दार कहने का मामला उठाते हुए पूरे मामले में कार्रवाई की मांग की। इस पर कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा सदन में इस पर चर्चा नहीं हो सकती। हरिमोहन शर्मा के इतना कहते ही बीजेपी विधायकों ने कड़ी आपत्ति की।

इस पर बीजेपी विधायकों ने कहा- राणा सांगा के अपमान पर चर्चा क्यों नहीं हो सकती? कई बीजेपी विधायक जोर-जोर से बोलने लगे, इससे सदन में हंगामे की स्थिति बन गई। बीजेपी विधायकों ने कहा कि आप राणा सांगा पर टिप्पणी का समर्थन कर रहे हो क्या? श्रीचंद कृपलानी ने कहा आपके खड़ा होने से यह तय हो गया कि आप रामजीलाल सुमन के साथ हो? कांग्रेस ने खुद अपनी पोल खोल ली। आप मुगलों का साथ दे रहे हो। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा- कांग्रेस विधायक दल रामजीलाल सुमन के साथ खड़ा है, राणा सांगा का अपमान करने वाले के साथ खड़ा है, शर्म आनी चाहिए। इससे पहले प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को बिजली से जुड़ा पूरक सवाल पूछने की अनुमति नहीं मिली। इस पर कांग्रेस ने हंगामा किया। कांग्रेस विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी की। इसके बाद सदन से वॉकआउट किया।

स्पीकर वासुदेव देवनानी ने तर्क दिया कि नेता प्रतिपक्ष को 2 पूरक सवाल पूछने की मंजूरी दी जा चुकी है। अब इससे ज्यादा नहीं होगा। जूली ने कहा- यह विपक्ष का अधिकार है। कुछ देर स्पीकर और जूली के बीच तकरार हुई। कांग्रेस विधायकों के हंगामे पर नाराजगी जताते हुए स्पीकर ने कहा- मैं जितना कॉपरेट कर रहा हूं, आप उतना सिर पर चढ़ रहे हो। इस तरह करोगे तो सहयोग की उम्मीद मत करना। मुझे कठोर कार्रवाई के लिए मजबूर मत करो। कोचिंग रेगुलेशन बिल पर बहस के दौरान बीजेपी विधायक गोपाल शर्मा ने इसके कुछ प्रावधानों पर सवाल उठाते हुए इशारों में तंज कसे। शर्मा ने कहा इस बिल में कोचिंग पर नियमों के उल्लंघन पर 2 और 5 लाख के जुर्माने का प्रावधान है, अच्छी शुरुआत है।

## शिक्षा मंत्री के भतीजे की सड़क हादसे में मौत

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, उछलकर गिरे, स्कूल में बिगड़ी थी तबीयत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बारां।** बारां में सोमवार को सड़क हादसे में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के भतीजे की मौत हो गई। अस्पताल से लौटते समय अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वे बाइक से उछलकर दूर जाकर गिरे। हादसा अटरू थाना इलाके के आमली के पास बगली रोड पर हुआ।



एएसआई बाबूलाल ने बताया भंवरलाल दिलावर (54) सोमवार को स्कूल में तबीयत खराब होने के बाद चरडाना सीएचसी में इलाज कराने गए थे। अस्पताल से लौटते समय आमली के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें एंबुलेंस से बारां जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

परिजन शव को लेकर पैतृक गांव रवाना हो गए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजन शव को लेकर पैतृक गांव रवाना हो गए। एएसआई बाबूलाल ने बताया भंवरलाल दिलावर चरडाना के रहने वाले थे। वे बगली स्थित सरकारी स्कूल में टीचर के पद पर कार्यरत थे। भंवरलाल के 3 बेटे हैं। इनमें सबसे बड़ा दिनेश, दूसरा गिर्राज और सबसे छोटा हरीश है। इनमें से 2 बेटे प्राइवेट जॉब करते हैं। एक बेटा नर्सिंग स्टाफ है।

### विमान में टेक्निकल खराबी, इमेरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली से शिमला जा रही एलायंस एयर की फ्लाइट संख्या 9i821 के पायलट ने सोमवार सुबह शिमला एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान विमान के ब्रेक में टेक्निकल खराबी की सूचना दी। विमान में हिमाचल प्रदेश के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री और डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा समेत सभी 44 यात्री सवार थे। विमान को निरीक्षण के लिए शिमला में उतार दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया, हम सोमवार की सुबह विमान से शिमला पहुंचे। विमान की लैंडिंग में कुछ समस्या थी। मुझे टेक्निकल जानकारी नहीं है, लेकिन मैं एक आम आदमी के तौर पर बता सकता हूं कि जब विमान उतरने वाला था, तो वह उस जगह पर नहीं उतरा, जहां उसे उतरना चाहिए था।

## उदयपुर में बाइक टच होने पर दो पक्षों में चाकूबाजी

### 5 थानों के सीआई जाब्ते के साथ पहुंचे, सड़क पर प्रदर्शन



**उदयपुर।** शहर के धानमंडी थाना क्षेत्र में मुख्य बापूबाजार के पास नाडाखाड़ा क्षेत्र में सोमवार को दो पक्षों के बीच चाकूबाजी की घटना के बाद माहौल गर्मा गया। घटना के बाद भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। आसपास बाजार बंद करा दिए गए। सूचना पर डिप्टी छगन पुरोहित सहित 4 से 5 थाने के सीआई जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। मामला बाइक टच होने को लेकर शुरू हुआ।

जिसके बाद दोनों पक्ष शांत होकर वहां से चले गए थे। इसके बाद दूसरा पक्ष अपने कुछ साथियों को लेकर वहां पहुंचा। फिर से दोनों पक्षों में वापस झड़प हुई। इसी दौरान एक पक्ष ने दूसरे पर चाकूबाजी कर दी। हालांकि इसमें दो से तीन लोगों को मामूली चोट लगी है। फिलहाल एहतियात के तौर पर पुलिस जाब्ता लगा हुआ है।

डिप्टी छगन पुरोहित ने बताया कि बाइक टच होने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। जो एक बार शांत हो गया। लेकिन फिर दूसरा पक्ष कुछ साथियों को लेकर आया और दोनों के बीच झड़प हुई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को वहां से हटाया गया। घायलों में करीब 3 लोग हैं जिनके मामूली चोट लगी हैं। आरोपियों को डिटेन कर लिया है। उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## छात्रों की खुदकुशी के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया बड़ा एक्शन

### बना दी नेशनल टास्क फोर्स

**नई दिल्ली।** देश के बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थानों और कोचिंग हॉस्टल में बढ़ते स्टूडेंट्स की खुदकुशी के मामले पर सर्वोच्च न्यायालय ने चिंता जाहिर की।

कोर्ट ने कैंपस में छात्रों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अगुवाई में एक नेशनल टास्क फोर्स गठित कर दी है। पीठ ने कहा कि



टास्क फोर्स एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करेगा, जिसमें छात्रों द्वारा आत्महत्या करने के प्रमुख कारणों की पहचान, मौजूदा नियमों का विश्लेषण और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सिफारिशें शामिल होंगी।

### आत्महत्या के कारणों की पहचान करेगा टास्क फोर्सः कोर्ट

कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि पूर्व सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट टास्क फोर्स के अध्यक्ष होंगे, जबकि महिला और बाल विकास मंत्रालय के अलावा किसी राज्य के उच्च शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता तथा कानूनी मामलों के सचिव इसके सदस्य होंगे।

### टास्क फोर्स को अदालत ने दी विशेष ताकत

अदालत ने कहा कि अपनी रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया में टास्क फोर्स के पास किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान का औचक निरीक्षण करने का अधिकार होगा। चार महीने के भीतर टास्क फोर्स एक अंतरिम रिपोर्ट पेश करेगा, जबकि अंतिम रिपोर्ट अधिमानतः आठ महीने के भीतर दायर की जाएगी। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित दो छात्रों के माता-पिता द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश सुनाया है। इन छात्रों की मौत आईआईटी दिल्ली मे हुई थी। छात्रों के माता-पिता ने अपनी याचिका में एफआईआर दर्ज करने और एक केंद्रीय एजेंसी से इन मौतों की जांच की मांग की है। इस याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने 2024 में खारिज कर दिया था। जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने कहा कि पिछले दो महीने में कॉलेज के हॉस्टल में यौन शोषण और अन्य मामलों की वजह से छात्र खुदकुशी कर चुके हैं। 19 मार्च को गुजरात के लॉ यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट की खुदकुशी के मामले का भी जिक्र किया। बेंच में शामिल जस्टिस आर महादेवन ने कहा, हमें सुसाइड के पैटर्न पर चर्चा करनी चाहिए। हमें इस बात की चिंता है कि बहुत सारे छात्र भेदभाव, रैगिंग और यौन शोषण की वजह से जान दे देते हैं।

**महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर रैली निकालेंगे**

# तैयारियों को लेकर हुई बैठक, 11 अप्रैल को संयुक्त रूप से मनाएंगे फुले-अंबेडकर जयंती



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के तत्वावधान में रविवार को सैनी मंदिर झुंझुनूं में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विशाल वाहन रैली सैनी मंदिर झुंझुनूं से अंबेडकर पार्क तक जाएगी। संस्था के संरक्षक मुरारी सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि हमें गरीबों और पिछड़ों की आवाज उठाने वाले महापुरुषों की जयंती संयुक्त रूप से मनानी चाहिए। क्योंकि इन दोनों महान व्यक्तित्व ने आधुनिक भारत की नींव रखने में अहम योगदान दिया है। जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने माली जनचेतना महारैली की तर्ज पर गांव-गांव और ढाणी ढाणी समाज के अंतिम छोर तक इन महात्माओं के संदेश को पहुंचाने पर जोर दिया तथा वाहन रैली को ऐतिहासिक बनाने की अपील की। संस्था के विधि सलाहकार होशियार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में वहीं समाज मजबूत होता है। जो समय-समय पर अपनी आवाज उठाता रहता है। महापुरुषों ने अपना पूरा जीवन समाज की भलाई में समर्पित किया। हमें उनके पदचिह्नों पर चलकर उनके संदेशों को आम जन तक पहुंचाना है। इस मौके पर महामंत्री रतनलाल सैनी, माली सैनी समाज संस्था के संगठन मंत्री महेंद्र सैनी, भामाशाह एवं प्रधानाचार्य ओमप्रकाश सैनी, पंचायत समिति सदस्य दिनेश कायस्थपुरा, सोशल मीडिया प्रभारी सचिन सैनी, सोशल मीडिया कोर्डिनेटर अमित सैनी, संस्था के झुंझुनूं ब्लॉक संयोजक संदीप सैनी, संगठन मंत्री किशनलाल सैनी, सत्यनारायण हलकारा, कैलाश सैनी पीडब्ल्यूडी, मीडिया प्रभारी नरेश बगड़, राहुल सैनी डूंडलोद सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना है। धन्यवाद के साथ बैठक के समापन की घोषणा की गई।

## 24वें कला मेले में डीवीएम के अध्यापक जयदीप ने किया धमाल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चिड़ावा।** ललित कला अकादमी और जवाहर कला केंद्र की सहभागिता से जेकेके के शिल्पग्राम में पांच दिवसीय 24वां कला मेला आयोजित किया गया। जिसमें देशभर के 500 से अधिक कलाकारों ने कलाकृतियां प्रदर्शित की। मेले में डालमिया विद्या मंदिर चिड़ावा के शिक्षक जयदीप दईया की जल रंग पर आधारित कला प्रदर्शनी ने धमाल मचाते हुए सभी का आकर्षित किया।

## अजमेर डिस्कॉम प्रबंधन के साथ श्रमिक समस्याओं को लेकर हुई चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ प्रतिनिधि मंडल की अजमेर डिस्कॉम प्रबंधन के साथ श्रमिक समस्याओं पर चर्चा बैठक सोमवार को अजमेर मुख्यालय पर डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी की अगुवाई में तथा प्रबंध निदेशक केपी वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में श्रमिक संघ द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र के सभी बिंदुओं पर प्रबंध निदेशक द्वारा विस्तृत सुनवाई समीक्षा की तथा समाधान के लिए प्रतिबद्धता जताई। बैठक में स्पॉट बिलिंग में आने वाली समस्याओं का त्वरित निराकरण करने, विद्युत निगम में हो रहे अंधाधुंध निजीकरण पर रोक लगाने, अनुकंपा पर नियुक्त सहायकों को लिपिक बनाने, टंकण परीक्षा निगम स्तर पर कराने, विद्युत निगम में चिकित्सा राहत की एक ही योजना आरजीएचएस लागू करने, तकनीकी मंत्रालयिक व सूचना सहायकों, लेखाकर्मियों सहित सभी संवर्ग का रिस्ट्रक्चर करने, दो से अधिक संतान होने वंचित पदोन्नति से वंचित कार्मिकों के लिए शैडों पोस्ट सृजन करने, उच्च गुणवत्ता के सेफ्टी डिवाइस सभी तकनीकी कामगारों को उपलब्ध कराने, टेक्नीशियन के री डेजिग्नेशन का लाभ जयपुर डिस्कॉम की तर्ज पर करने, सूचना सहायकों के लिए प्रमोशन चैनल बढ़ाने, वर्ष 2025 की सभी पदोन्नतियां अप्रेल माह में ही जारी करने, पीएसपी से नॉन टीएसपी विकल्प पुन: खोलने, नॉन टीएसपी से संबंधित कार्मिकों को पद स्थापित करने, टेक्नीशियन को जयपुर डिस्कॉम की तर्ज पर री डेजिग्नेशन के लिए विकल्प फिर से खोलने आदि प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में निगम प्रशासन की ओर से निदेशक वित्त एमके गोयल, संयुक्त निदेशक कार्मिक आरके अरोड़ा, उप निदेशक कार्मिक मुकेश गुप्ता, सहायक लेखा अधिकारी दिनेश खंडेलवाल, श्रमिक संघ प्रतिनिधिमंडल की ओर से राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ के महामंत्री सुशील कुमार सैन, डिस्कॉम अध्यक्ष हेमराज डांगी, डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी, संयुक्त व्यवस्था परिषद ऊर्जा विभाग के सदस्य सुरेश कुमार शर्मा झुंझुनूं आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री मोक्ष भूमि व गौशाला में बने आजीवन ट्रस्टी पवन कोठरी का अभिनन्दन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** श्री मोक्ष भूमि व गौ सेवा समिति चेरिटेबल ट्रस्ट में आजीवन सदस्यता राशि दो लाख का चैक गौशाला को प्रदान कर पवन कोठरी सुपुत्र मूलचन्द कोठरी सादुलपुर के आजीवन ट्रस्टी बनने पर अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर पवन कोठरी ने गौसेवा को सर्वोपरि पुण्य कार्य बताते हुए गौ संरक्षण का दायित्व आवश्यक बताया। इस अवसर पर निश्चल प्रसाद एम (आई.पी.एस.) किशोरीलाल ए.एस.पी. राजगढ़ पुलिस थाना अधिकारी सीआई राजेश सिहाग, हमीरवास पुलिस थाना अधिकारी जयप्रकाश भादू, ट्रस्टीगण चानणमल डोकवेवाला, अमरचन्द कन्दोई, सत्यनारायण डोकवेवाला, समिति अध्यक्ष नन्द किशोर मरोदिया, उप मंत्री मंगतूराम शर्मा दाधीच शिक्षा प्रशासनिक अधिकारी,नन्द कुमार दाहिमा, कृष्ण भोजानिया, दीपचन्द स्वामी, दुष्यन्त शर्मा, मुरारीलाल बैरासरिया,प्रवीण गोयल,गणेश दाधीच, संजय मांजू, कृष्ण दाहिमा, करणी सिंह, उपस्थित रहे। संस्था मंत्री विजय सिंह गहलोत ने सभी का आभार जताया तथा गौशाला में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी।

### नरेश सैनी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** कुरुक्षेत्र प्रेरणा समिति हरियाणा द्वारा पिछले अनेक वर्षों से सेवाभवियों को सम्मानित करने का बीड़ा उठाया हुआ है। इस कड़ी में आज समाज सेवा को समर्पित नरेश सैनी को आजीवन सेवा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रेरणा समिति हरियाणा के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा उन्हें प्रदान किया। सेवाभावी नरेश सैनी को यह आजीवन सेवा सम्मान उन्हें आदर सहित बुलाकर प्रदान किया गया। प्रेरणा समिति हरियाणा के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि नरेश सैनी का चयन इस सम्मान के लिए उनके द्वारा प्रदान की गई अभूतपूर्व सेवाओं को देखते हुए किया गया। नरेश सैनी हरियाणा के विभिन्न जिलों के सरकारी अस्पताल के रक्त कोषों में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी के रूप में सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। सेवानिवृति के पश्चात वे रोटी बैंक, प्रयास फाउंडेशन और प्रेरणा समिति से जुडक़र अनेक समाज सेवा के कार्य करते हैं। प्रयास फाउंडेशन में वे नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करते हैं। वे प्रयास फाउंडेशन के प्रधान, रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष के रूप में सेवा कर रहे हैं। रोटी बैंक के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों, वृद्धों और दिव्यांग की सहायता में उनका योगदान सराहनीय है। इस सम्मान के प्राप्त होने पर सतपाल बंसल, भारतेन्दु हरीश, डॉ अरुण धीमान सहित अनेक संस्थाओं ने उन्हें बधाई दी।

### शिवाजी बस स्टैंड पर एटीएम मशीन लगाने की मांग, संयुक्त व्यापार संघ ने दिया ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** कस्बे के अतिव्यस्त शिवाजी बस स्टैंड पर एटीएम मशीन लगाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। सोमवार को संयुक्त व्यापार संघ के प्रतिनिधि मंडल ने भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक रवि कुमार से मुलाकात कर शिवाजी बस स्टैंड पर एटीएम मशीन लगाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया है कि बस स्टैण्ड के आस पास एटीएम मशीन नहीं होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । ज्ञापन में बताया गया है कि बस स्टैण्ड के अलावा राजकीय उप जिला चिकित्सालय, पंजीयन कार्यालय, पुलिस थाना, धर्मशाला और रीको क्षेत्र होने के कारण यहां आने वाले लोगो को नगदी रकम निकालने के लिए काफ़ी दूर जाना पड़ता है। शाखा प्रबंधक रवि कुमार ने संयुक्त व्यापार संघ के पदाधिकारियों को उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने के दौरान संयुक्त व्यापार संघ के महामंत्री राजेंद्र कंदोई, कोषाध्यक्ष बाल कृष्ण व्यास, प्रवासी उद्योगपति सत्यनारायण रानियावाला, रीको के तिलोक चंद बंसल और गोपाल गीदड़ा सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

### श्री राम वाटिका में लगेगी भगवान श्री राम की भव्य प्रतिमा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** नगर पालिका मंडल की ओर से राम नवमी के अवसर पर यहां श्री राम वाटिका में भगवान श्री राम की भव्य आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसको लेकर निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इसी संबंध में पालिका अध्यक्ष खातून टाक ने बताया की रामनवमी के शुभ अवसर पर श्रीराम वाटिका में स्थित फव्वारे के स्थान पर भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह प्रतिमा स्थापित करने के लिए फाउंडेशन का निर्माण कार्य चल रहा है। इसका निरीक्षण सोमवार को पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील सिकंदर टाक ने किया। इस दौरान उनके साथ पार्षद दिनेश सिंह भाटी, इंजीनियर गोपाल स्वामी आदि मौजूद रहे।

## खांडल विप्र समाज महिला मंडल ने गणगौर महोत्सव मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी ।** शहर के बालाजी बाजार स्थित खंडेलवाल भवन में खांडल विप्र समाज महिला मंडल द्वारा गणगौर महोत्सव 2025 धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर राजस्थानी व राजपूती वेशभूषा में पारंपरिक गीत 'गोर गोर गोमती ईशर पूजे पार्वती' गाकर गणगौर पूजन किया।

**महिलाओं ने दी नृत्य प्रस्तुतियां, मिस गणगौर 2025 का हुआ चयन :** महिला मंडल की महिलाओं ने गीत-संगीत के साथ नृत्य प्रस्तुतियां दी। बड़ी संख्या में महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर गणगौर पूजन किया और धूमधाम से आयोजन में भाग लिया। बालिकाओं ने आयोजन की व्यवस्थाएं संभाली और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक रंग के वस्त्र धारण कर मिस गणगौर 2025 का चुनाव भी किया।

**आपसी सहयोग व संस्कृति को आगे बढ़ाने की अपील :** मुख्य अतिथि सावित्री देवी नवहाल ने महिलाओं को गणगौर उत्सव की बधाई देते हुए आपसी सहयोग व सद्भावना बनाए रखने की अपील की। अध्यक्ष भारती पीपलवा ने महिलाओं को भारतीय संस्कृति के आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**समाज की महिलाओं की रही विशेष भागीदारी :** इस अवसर पर समाज की मीना माटोलिया, मंजू नवहाल, उपाध्यक्षा मीनू रिणवां, सांस्कृतिक मंत्री लक्ष्मी जोशी, शालू नवहाल, सुशीला, अनीता शर्मा, सुमन पीपलवा, गुड्डू गोवला, निर्मला चोटिया, मंजू चोटिया, दु संचला, स्नेहला पीपलवा, कौशल्या पीपलवा, ममता बीलवाल, संगीता चोटिया, अंजली शर्मा, कृतिका चोटिया, कविता माटोलिया, कृष्णा संथला, कमला चौटिया, कंचन सेवदा और सुप्रिया सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

## रामनवमी को भगवा वाहन रैली का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** शहर में राम जन्मोत्सव के उपलक्ष में 6 अप्रैल को विश्व हिन्दू परिषद् व बजरंग दल के तत्वावधान में डूंगरी वाले बालाजी मंदिर से विशाल भगवा वाहन रैली का आयोजन होगा।

कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शहर के पुराने बस स्टैंड स्थित शीतला माता मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद् व बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्व हिंदू समाज मौजूद रहा। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष प्रकाश सारडा व बजरंग दल जिला संयोजक योगेश शर्मा ने भगवान श्री राम को दीप प्रज्जवलन कर बैठक की शुरुआत की। प्रखंड मंत्री अनंत तिवाड़ी ने सभी का परिचय करवा कर बैठक को सुचारू रूप से प्रारंभ किया। बजरंग दल प्रखंड संयोजक हर्ष महर्षि ने बताया कि वाहन रैली की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई व 6 अप्रेल को शाम 4 बजे डूंगरी वाले बालाजी से रैली प्रारंभ होकर जो कुचामन के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी तथा वाहन रैली मे मातृ शक्ति की भी भूमिका रहेगी जो अग्रिम पंक्ति में रहेगी व रैली मे रामजी की झांकी के साथ बड़े भगवा ध्वज लहरायेगे तथा डीजे के साथ प्रत्येक वाहन पे ध्वज लगेंगे। बैठक में प्रतीक बंसल, परमेश्वर सोनगरा, अशोक राणा,सौरभ गौड, देसी गुर्जर, रामेश्वर, तरुण सोनी,नेमीचंद कुमावत, कमल गोयर, विशाल चंदेलिया, दुष्यंत, राम सिंह, देवी सिंह, शुभम वर्मा आदि सर्व हिंदू समाज मौजूद रहा।

## शहीद दिवस पर शहीदों को किया नमन



**सादुलपुर।** सिद्धमुख आदर्श प्रजापत धर्मशाला में रविवार को शहीद दिवस मनाया गया। मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का त्याग करने वाले शहिद सुखदेव, भगत सिंह, और राजगुरु के बलिदान दिवस पर उनको कोटि-कोटि नमन करने के साथ-साथ स्वर्गीय कामरेड महावीर प्रसाद छापोला को भावभिन्न श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीदों की फोटो पर फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम कामरेड नाथूराम छापोला के अध्यक्षता में किया गया।इस मौके पर विधानसभा प्रत्याशी रहे कामरेड निर्मल प्रजापत, चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष करतार सिंह टाण्डी, रोहित पूनिया, पवन कुमार सैनी, एडवोकेट कामरेड बिर्जामल राजपुरोहित, रामकुमार सिहाग, डॉक्टर संजय खुडीया,भीमसाना सरपंच राम सिंह कस्वां, कामरेड मोहनलाल शर्मा, बेगराज राजपुरोहित, कामरेड माई चंद बागोरिया, कामरेड राम सिंह, कामरेड कुरड़ाराम दमीवाल, कामरेड नरेंद्र सिंह ढाका, कामरेड छगनलाल चौधरी, कामरेड चिमनाराम, कामरेड पूर्णाराम कामरेड नूर मोहम्मद, दुनीराम छापोला, विनोद कुमार छापोला, संतलाल छापोला, आसपास गांवों से आए किसान ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## फागोत्सव व होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नवलगढ़।** कस्बे के झाझड़ रोड पर स्थित कटेवा फॉर्म हाउस पर रविवार को भाजपा नेता राजेश कटेवा के नेतृत्व में फागोत्सव व होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ साधु संतों के सानिध्य में हुआ। वहीं कार्यक्रम के दौरान संत चेतननाथ महाराज व नृसिंहदास महाराज का शॉल ओढ़ाकर व पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। दीप प्रज्जवलन के साथ में फागोत्सव व होली स्नेह मिलन समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के दौरान बल्ली मोहनवाड़ी व पूजा डोटासरा की ओर से अनेक प्रकार के फाल्गुन धमालों की प्रस्तती दी गई। भाजपा नेता राजेश कटेवा ने कार्यक्रम के आए हुए अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने 51 किलों की पुष्प माला पहनाकर भाजपा नेता राजेश कटेवा का अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर ने कहा कि हमारे पारंपरिक खेल, पारंपरिक नृत्व व साजो सामान लुत्फ होते जा रहे है। हमें इनको जीवित रखने के लिए इनके दुबारस से शुरू करना होगा। साथ ही कहा कि व्यक्ति को कसरत आवश्यक रूप से करनी चाहिए। जिससे शरीर स्वस्थ्य रहे और मस्त रहे। भाजपा नेता राजेश कटेवा ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम के झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, सीकर के पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, उदयपुरवाटी के पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, सीनियर आरएएस राकेश ख्यालिया, सीकर के उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल, पूर्व जिला महामंत्री रमेश जलधारी, पूर्व महामंत्री शमसाद खान, रोहिताश्व मेघवाल पूर्व मंडल महामंत्री आदि मौजूद रहे।

**सादुलपुर में उल्लेखनीय रहा सिरेकंवरी का संथारा**

# संथारा संपन्न होने पर विधिपूर्वक अंतिम संस्कार किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

सादुलपुर। महाराणा प्रताप चौक के निकट रहने वाली तेरापंथी जैन श्राविका सिरेकंवरी देवी उर्फ सीरिया बाई बैद का अंतिम संस्कार सोमवार की शाम को जैन विधि पूर्वक किया गया। मोक्ष गमन के लिए जैन धर्म के अनुसार संलेखना संथारा कर देह त्याग करने वाली श्राविका स्व. झूमर मल बैद की धर्मपत्नी एवं सादुलपुर के ही कुंदन मल कोठारी परिवार की बेटी थी। उन्होंने स्वैच्छिक देह त्याग के लिए आचार्य महाश्रमण की आज्ञा मिलने के पश्चात गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को की दोपहर को संथारा व्रत स्वीकार किया था। हालांकि उनके स्वास्थ्य स्थिति नाजुक थी तथा डॉक्टर ने यह कहा था कि उनकी जिंदगी एक या दो दिन की चलेगी मगर त्याग तपोबल के प्रभाव से 93 वर्षीय श्राविका ने संथारे के 56 दिन पूरे करते हुए 57वें दिन तडक़े सवेरे देह त्यागी है। उनके मोक्ष गमन की सूचना मिलते ही सवेरे से ही उनके निवास पर श्रद्धालुओं का तांता लग गया और लोगों ने अंतिम दर्शन करते हुए अध्यात्म भावना व्यक्त की। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 2:00 बजे शुरू हुई जो सबसे पहले सेठिया भवन पहुंची वहां प्रवास कर रही आचार्य महाश्रमण की वरिष्ठ शिष्य शासनश्री साध्वी विद्यावती एवं सहयोगी साध्वी दिव्य प्रभा, साध्वी सूर्य यशा और साध्वी प्रशस्त प्रभा ने मंगल पाठ सुनाया। उसके बाद बैकुंठ यात्रा गोगाजी मंदिर होते हुए राजगढ़ के मुख्य बाजार और नगर पालिका के रास्ते होते हुए गौशाला मोक्ष भूमि पहुंची। रास्ते में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए पेयजल आदि की व्यवस्था की मुख्य बाजार में खुद थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग व्यवस्थाओं में जुटे दिखे और उन्होंने भी पुष्पांजलि अर्पित की। संथारा साधिका के पुत्र अभय कुमार, पौत्र अमित, ललित, मनीष व राहुल ने मुखाग्नि दी। मोक्ष यात्रा में तथा मोक्ष भूमि में भी बड़ी संख्या में जैन समाज की श्राविकाएं उपस्थिति रहीं।

## कार और बाइक की टक्कर में 18 वर्षीय युवक की मौत

**कुचामन सिटी।** डीडवाना के पास बालिया रोड पर सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बालिया निवासी मस्तान पुत्र यूनुस के रूप में हुई। दरअसल, मस्तान अपनी बाइक से बालिया गांव की ओर जा रहा था, तभी बालिया से डीडवाना की ओर आ रही तेज रफ्तार कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मस्तान बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मस्तान को राजकीय बागड़ जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही डीडवाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# मतदान केन्द्रों पर बूथ स्तरीय अभिकर्ता की जल्द हो नियुक्ति

## उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिये निर्देश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रक्रिया के सभी चरणों में पारदर्शिता बढ़ाने, शत् प्रतिशत् प्रात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जुडवाने, राज्य स्तर, जिला स्तर एवं उपखण्ड स्तर पर राजनैतिक दलों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा मतदान केन्द्रों पर बूथ स्तरीय अभिकर्ता की नियुक्ति करने व लिंगानुपात में सुधार करने के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एडीएम कक्ष में आयोजित हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए राजनैतिक दलों के प्रदेशाध्यक्षों द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में संबंधित विधानसभा क्षेत्र के मतदाता की ही नियुक्ति बीएलए प्रथम के रूप में की जाए।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार के बीएलए द्वितीय की नियुक्ति संबंधित विधानसभा क्षेत्र के बीएलए प्रथम द्वारा की जाएगी। इस दौरान आईएनसी के राजेश सैनी, गोपाल लाल मीणा, वसीम खान, गुलाम मुस्तफा और राजेश कुमार अटल, बीएसपी के प्रमोद कुमार दिवाकर, आरएलपी के शंकर लाल नारोलिया सहित अन्य राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जिला रसद अधिकारी की बड़ी कार्रवाई

# 97 घरेलू गैस सिलेंडर, एक इलेक्ट्रॉनिक मोटर, दो वाहन जब्त



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ.जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में कार्यालय, जिला रसद अधिकारी के प्रवर्तन जांच दल ने जयपुर के सुल्तान नगर, गुर्जर की थड़ी इलाके में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए रसोई गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण एवं अवैध रीफिलिंग का पर्दाफाश किया।जिला रसद अधिकारी त्रिलोक चंद मीणा ने बताया कि प्रवर्तन दल ने मौके से 97 घरेलू गैस सिलेंडर (मय 95.8 किलोग्राम गैस) जब्त किये, साथ ही घरेलू गैस के अवैध परिवहन में काम लिये जा रहे दो वाहनों सहित, एक इलेक्ट्रॉनिक मोटर, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी बरामद किया है।

## पटवार मण्डलों के भवन निर्माण आवश्यकता एवं वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार परः मीणा

**जयपुर।** राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि भवन विहीन पटवार मण्डलों में भवन निर्माण राज्य सरकार की नीति, प्रशासनिक आवश्यकताओं एवं वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है। राजस्व मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। इससे पहले विधायक रेवन्तराम डांगा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में राजस्व मंत्री ने बताया कि खींवसर विधान सभा क्षेत्र में कुल 59 पटवार मण्डल है। इनमें से 40 पटवार मण्डलों के भवन निर्मित है तथा 19 पटवार मण्डल भवन विहीन है। उन्होंने इनकी सूची सदन के पटल पर रखी।

# सुषमा शर्मा को पीएचडी की उपाधि

## फिल्म निर्देशक भंसाली की डायरेक्टोरियल विजन पर मिली पीएचडी की उपाधि

**जयपुर।** आईआईएस यूनिवर्सिटी ने विनोद कुमार शर्मा और वेणु शर्मा की पुत्री और अंशुल गंगावत की पत्नी सुषमा शर्मा को पीएचडी की उपाधि देकर सम्मानित किया है।



उन्होंने प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली के निर्देशन दृष्टिकोण पर शोध किया है। डॉ. रुचि गोस्वामी के मार्गदर्शन में उन्होंने अपना शोध कार्य 'क्रिटिकल एनालेसिस ऑफ संजय लीला भंसालीज़ डायरेक्टरल विजन' विषय पर पूरा किया। डॉ. सुषमा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने आध्यात्मिक गुरुओं को दिया है। उन्होंने बाबा जय गुरुदेव महाराज के आ ध्या त्मि क उत्तराधिकारी बाबा उमाकांत महाराज का विशेष आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने अपने दादाजी सेवानिवृत्त तहसीलदार पंडित जगदीश प्रसाद शर्मा और परिवार के अन्य सदस्यों का भी आभार जताया है।


जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com


## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

### 3 केन्टर सामान किया जब्त

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में ट्राफिक पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए एसएमएस अस्पताल के सामने तथा झोटवाड़ा जोन व पुलिस थाने के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए कालवाड़ रोड़ 200 फीट बाईपास से मार्बल मण्डी चौराहा तक अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 03 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में ट्राफिक पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए एसएमएस अस्पताल के सामने तथा झोटवाड़ा जोन व पुलिस थाने के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए कालवाड़ रोड़ 200 फीट बाईपास से मार्बल मण्डी चौराहा तक अस्थाई अतिक्रमण अतिक्रमण हटवाया गया।

उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 03 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## बीकानेर हाउस में कल से प्रारंभ होगा नौ दिवसीय राजस्थान उत्सव


### राजीविका शिल्प मेला और खाद्य उत्सव रहेंगे मुख्य आकर्षण

**जयपुर।** राजस्थान के स्थापना दिवस पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंगलवार से नौ दिवसीय राजस्थान उत्सव-2025 का शुभारंभ होगा। देश की राजधानी दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस के प्रांगण में आगामी दिनांक 25 मार्च से 2 अप्रैल 2025 तक आयोजित होने वाले इस भव्य उत्सव में राजस्थान की विभिन्न सांस्कृतिक शैली के रंगारंग कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे से सायं 8 बजे चलने वाले इस उत्सव में राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न दिवसों में आयोजित करवाए जाने वाले पारंपरिक सहारिया, चरी, गैर, कालबेलिया और मयूर नृत्य, मशक वंदना, भवाई, चंग धाप, रंगों और फूलों की होली आदि प्रमुख आकर्षण का केन्द्र होंगे। इस उत्सव को आकर्षित एवं लोकप्रिय बनाने के लिए पेंटिंग प्रतिस्पर्धा, मेहंदी प्रतिस्पर्धा, गोलगप्पा खाना की प्रतिस्पर्धा के साथ ही पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जाएगा।

## अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम में प्रभावी कार्रवाई

# जनवरी, 2025 में 1210 प्रकरण दर्ज कर 1393 अपराधी गिरफ्तार : बेढ़म

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर ।** गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि युवा पीढ़ी में नशे की लत चिंताजनक है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में राज्य सरकार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और आमजन को जागरूक करने के लिए अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाईयां कर रही हैं। इसमें हम सभी जनप्रतिनिधियों को भी आगे बढ़ते हुए सामाजिक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाने चाहिए। गृह राज्य मंत्री सोमवार को विधान सभा में सदस्य घनश्याम के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 8 अक्टूबर, 2024 को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन का महत्वपूर्ण निर्णय लिया। इसके साथ ही प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए 9 चौकियों, जयपुर में 1 पुलिस थाने की स्थापना की गई है। इनके लिए 255 नवीन पद स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी भर्ती प्रक्रियाधीन है।

### *गत सरकार की तुलना में अब बढ़ी कार्रवाईयां*

*बेढ़म ने कहा कि गत सरकार के समय नशा रोकथाम को लेकर प्रभावी कार्रवाईयां नहीं हुई। वर्ष 2022 में 3 हजार 740 प्रकरण दर्ज हुए थे, जबकि हमारी सरकार ने वर्ष 2024 में 5 हजार 246 प्रकरण दर्ज कर नशे की तस्करी पर शिकंजा कसा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 3 जनवरी से लेकर 31 जनवरी, 2025 तक नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत 1 हजार 210 प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें 1 हजार 393 अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए अग्रिम कार्रवाईयां की जा रही हैं।*

### ऑपरेशन स्मैक आउट और जागरूकता अभियान

गृह राज्य मंत्री ने कहा कि टोडाभीम क्षेत्र में भी अवैध मादक पदार्थों की तस्करी बढ़ना गंभीर विषय है। जिला पुलिस अधीक्षक, स्पेशल टास्क फोर्स और पुलिस थानाधिकारी आमजन के साथ बैठक कर जागरूक कर रहे हैं। जनसहभागिता के तहत जन प्रतिनिधियों के सहयोग से प्रभावित ग्राम पंचायतों में 'ऑपरेशन स्मैक आउट' अभियान चलाकर भी रोकथाम की जा रही हैं। हर वर्ष 26 जून को नशा मुक्ति दिवस पर राज्य में नशा मुक्ति अभियान चलाकर स्कूल, कॉलेजों और गांवों की चौपालों में नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जा रही है।

# बानसूर में लंबित 410 कृषि कनेक्शनों को जून तक उपलब्ध कराने का लक्ष्य : नागर

**जयपुर।** उर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र में फसल खड़ी होने, आरओडब्ल्यू उपलब्ध नहीं होने तथा विवाद की स्थितियों के कारण कृषि विद्युत कनेक्शन के 410 आवेदन लम्बित हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि जून माह तक प्रकरणों का निस्तारण कर लंबित कृषि कनेक्शन जारी करने के प्रयास किये जाएंगे। उर्जा राज्यमंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि फसल कटाई होने के बाद, आरओडब्ल्यू उपलब्ध होने तथा विवादों का निपटारा होने पर खरीफ फसलों की बुवाई से पूर्व इन लंबित कनेक्शनों को देने के प्रयास किये जाएँगे। इससे पहले विधायक देवी सिंह शेखावत के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उर्जा राज्यमंत्री ने बताया कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र में अप्रैल 2023 से दिसंबर, 2024 तक 33 केवी व 11 केवी संयुक्त किट और कृषि कनेक्शन के लिए जारी किये गये 22 कार्योदेशों में से 10 कार्य पूर्ण हो चुके है एवं शेष कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने बताया कि किसी भी कार्यादेशों का अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने इनका विवरण सदन के पटल पर रखा। नागर ने बताया कि विद्युत निगम द्वारा उपलब्ध संसाधनों के आधार पर समय-समय पर किये गये निगम कार्यो की जॉच करवायी जाती है। जिसके अन्तर्गत तकनीकी अकेंक्षण विंग द्वारा वर्ष 2019-20 में उपखण्ड कार्यालय रामनगर, बानसूर में तकनीकी अंकेक्षण वर्ष 2024 में उपखण्ड कार्यालय नारायणपुर में कृषि कनेक्शनो की नमूना जॉच का कार्य किया गया। उन्होंने बानसूर में अप्रेल 2013 से दिसंबर 2024 तक 33 केवी एवं 11 केवी की भूमिगत केबल डालने के फर्मवार जारी कार्यादेश मय राशि, कार्य पूर्ण की स्थिति एवं आज दिनांक तक जारी भुगतान का विवरण सदन के पटल पर रखा।



# स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालयों में 402 पदों का सृजन कर प्राइमरी कक्षाओं को किया प्रारंभः दिलावर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**




**जयपुर ।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा में नेतृत्व में प्रदेश सरकार नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यालयों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। इसी दिशा में वर्तमान सरकार ने प्रदेश में 134 स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालयों में 402 पदों का सृजन कर प्राइमरी कक्षाओं को प्रारंभ किया हैं। उन्होंने कहा कि गत सरकार द्वारा केवल नाम के लिए ही महात्मा गाँधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोल दिए गए। इन विद्यालयों में ना तो कक्षा- कक्षों की व्यवस्था की गई और न ही प्रशिक्षित अंग्रेजी माध्यम शिक्षक उपलब्ध करवाए गए। जिसका विद्यार्थियों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। शिक्षा मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय पिछड़े क्षेत्रों में महिलाओं की शिक्षा के स्तर में गैप के आधार पर खोले गए थे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इन स्कूलों में कुल 4020 पद सृजित किये गए हैं। इनमें प्राइमरी कक्षाओं के लिए 402 पद तथा कक्षा 6 से 12 तक के 3618 पद सृजित किये गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा राज्य के 186 शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े ब्लॉक्स में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय खोला जाना प्रस्तावित था, जिनमें से राज्य के 27 जिलों के 134 शैक्षणिक दृष्टि से पिछडे ब्लॉकों में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय संचालित है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के आदेश 21 अप्रैल 2015 द्वारा इस योजना को सत्र 2015-16 से डीलिंक्ड कर दिया गया हैं एवं यह योजना अब राज्य सरकार को स्थानान्तरित कर दी गई हैं। वर्तमान में मॉडल विद्यालय विधानसभा क्षेत्र आसीन्द के उपखण्ड बदनोर में नवीन स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय खोलने का परिषद स्तर पर कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं हैं।

## राजस्थान विधियां निरसन विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित, अप्रचलित 45 विधियां निरस्त

# जनमानस को सुगम न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता:पटेल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर ।** विधि एवं विधिक संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राज्य सरकार जनसामान्य तक विधि प्रणालियों को अधिक सुगमता से पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। हमारी सरकार विधियों में सुधार करने के साथ अप्रचलित और अनावश्यक को निरस्त करने की दिशा में आगे बढ़ी है। इससे जनमानस को लाभ मिलेगा और न्याय सुगमता से मिलेगा। पटेल सोमवार को विधान सभा में राजस्थान विधियां निरसन विधेयक, 2025 पर चर्चा के बाद जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व से ही असम्बद्ध व अप्रचलित विधियों को हटाने के कार्य किए जाते रहे हैं। इस बार भी विभिन्न विभागों से जानकारी जुटाकर सक्षम स्तर से अनुमोदन कराते हुए विधि विभाग ने विधेयक का प्रारूप तैयार किया था। इसके बाद ही विधेयक के जरिए 45 विधियों को हटाया जा रहा है।

विधि एवं विधिक संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के जरिए राजस्थान सूचना का अधिकार (निरसन) अधिनियम, 2006 को भी हटाया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में केंद्र सरकार की विधियों के अनुरूप ही 'सूचना का अधिकार' प्रभावी है। ऐसे में राजस्थान में यह अधिनियम न्याय संगत नहीं है। पटेल ने बताया कि राजस्थान विधान सभा में पहले भी अप्रचलित विधियां निरस्त की गई हैं। इनमें वर्ष 1954 में 31, वर्ष 1962 में 221, वर्ष 1997 में 303, वर्ष 2015 में 248 और वर्ष 2023 में 123 विधियां हटाई गई थीं। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम गनवेंस' अनुरूप देश में चहुमुंखी प्रगति सुनिश्चित की जा रही है। इस अनुसार लॉ कमीशन बना और इसी के जरिए 1 हजार 600 कानून रिपील किए गए। विधि एवं विधिक संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि इस बिल में पंचायती राज के 37, स्वायत्त शासन के 5, प्रशासनिक सुधार विभाग, कृषि विभाग, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के 1 निरसन किए गए हैं। चर्चा के बाद सदन ने राजस्थान विधियां निरसन विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

# सर्प दंश रोकथाम व नियंत्रण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सोमवार को बीटू बाईपास स्थित होटल में Snake bite envenoming कार्यक्रम के अंतर्गत सर्प दंश रोकथाम व नियंत्रण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनपीसीसीएचएच के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों के सम्बंध में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल, कंसल्टेंट (वैक्टर बोर्न डिजीज) कामेश्वर सिंह व आईडीएसपी टीम, जिला सलाहकार (एनटीसीपी) डॉ. योगेश पूनिया जिला कार्यक्रम समन्वयक (आईईसी) अनिल शर्मा,जयपुर द्वितीय, जिला चिकित्सालय, उप जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चिकित्सा अधिकारी व नर्सिंग अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य स्तर से एंटोमोलॉजिस्ट ज्योति गुप्ता ने Snake bite envenoming कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में वर्ष 2024 से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में आगामी वर्ष 2030 तक सर्प दंश से होने वाली मृत्यु दर को आधा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने 2030 तक प्रति वर्ष किए जाने वाले एक्शन प्लान पर बात की और सर्प दंश रोकथाम के लिए चिकित्सा संस्थान स्तर पर की जाने वाली 04 प्रकार की गतिविधियों के विषय मे विस्तार से चर्चा की।



जिला अस्पताल, सांगानेर के डॉ. सत्येंद्र पाराशर ने स्नेक बाईट के ट्रीटमेंट प्लान पर विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम (जुलाई माह) में सर्प दंश के केस बढ़ने लगते हैं। रोकथाम के लिए अप्रैल माह से ही तैयारियां प्रारम्भ कर देनी चाहिए। उन्होंने चिकित्सा संस्थान स्तर पर दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता व रोगी को समय पर उपचार मिलने की बात कही। उन्होंने साँप काटने पर क्या करें व क्या न करें पर विस्तार से बताया। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार महावर ने सर्पदंश से जुड़ी मिथ्या धारणाओं और अंधविश्वासों के बारे में बात करते हुए सर्प दंश को पहचानने व उपयुक्त उपचार के बारे में बारीकी से समझाया।

उन्होंने लक्षण आधारित उपचार के अलावा रोगी की मेडिकल कंडीशन के अनुसार सावधानीपूर्वक उपचार किए जाने की बात कही। डॉ. महावर ने एंटी स्नेक वीनम के अतिरिक्त मरीज को दी जाने वाली अन्य दवाओं और वैक्सीन की जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को स्नेक बाईट ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल के विषय में बताते हुए ट्रीटमेंट के बाद रोगी को अपेक्षित निगरानी में रखे जाने की बात कही।

# पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृति उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : गहलोत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि छात्र-छात्राओं को छात्रवृति उपलब्ध कराना विभाग की सतत प्रक्रिया है। राज्य सरकार छात्रवृति की प्रक्रिया में निरंतर सुधार कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता है कि छात्रवृति की पेंडेंसी शून्य हो और किसी भी श्रेणी के पात्र छात्र-छात्राएं छात्रवृति से वंचित ना रहे।



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024—25 के लिए 31 मार्च अंतिम तिथि तय की है। केवल उन्हीं छात्र-छात्राओं की छात्रवृति होल्ड पर है, जिनके आक्षेपों की पूर्ति छात्र-छात्राओं या शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर परीक्षण कर आक्षेपों की पूर्ति के लिए छात्र-छात्राओं को मौके दिए जाएंगे, ताकि वे छात्रवृति से वंचित ना रहें। गहलोत ने सदन को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि छात्र-छात्राओं के आक्षेप 31 मार्च तक अपलोड नहीं हुए तो अंतिम तिथि को बढ़ाया जा सकता है। सरकार की कोशिश है कि पात्र अभ्यर्थी छात्रवृति से वंचित नहीं रहें। नेता प्रतिपक्ष के हस्तक्षेप के जवाब में उन्होंने विगत वर्षों में जारी की गई छात्रवृति का वर्षवार ब्योरा भी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इससे पहले विधायक चेतन पटेल कोलाना के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने विभाग द्वारा संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शिक्षण संस्थान के स्तर पर कोटा जिले के लम्बित आवेदन जो कि निरस्त किये गये है, ऐसे आवेदकों की वर्गवार एवं वर्षवार संख्यात्मक विवरण सदन के पटल पर रखा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना केन्द्र सरकार द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत संचालित की जाती है। उक्त दिशा-निर्देशों में विद्यार्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त 90 दिवस में छात्रवृति आवेदन पत्रों के निस्तारण किये जाने का प्रावधान है। विद्यार्थी द्वारा आवेदन की सभी प्रविष्टियां की पूर्ति करने एवं सभी दस्तावेज उपलब्ध कराये जाने पर योजनान्तर्गत बजट उपलब्धता के आधार पर छात्रवृति से लाभान्वित किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आवेदन पत्र जो अपूर्ण अथवा आक्षेपित है वे आवेदन छात्रवृति हेतु अपात्र होते हैं। विद्यार्थी/शिक्षण संस्थाओ के पास (शैक्षणिक सत्र 2016-17 से 2022-23 तक) ऐसे लम्बित आवेदन पत्र जिन्हें अनेक प्रयास यथा मैसेज, 181 हेल्प लाइन द्वारा वॉइस मैसेज, शिक्षण संस्थाओं के साथ विडियों कान्फ्रेस एवं दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति द्वारा सूचित करने के उपरान्त भी शिक्षण संस्थाओं द्वारा आक्षेप पूर्ति कर विभाग को अग्रेषित नहीं किये गये, ऐसे आवेदन पत्रों को दिशा-निर्देशों की पालना में निरस्त किया गया है। अतः इन्हें छात्रवृत्ति नही दी जा सकती है।

## सुविचार

जीवन में ये भ्रम ना रखें कि वो हमेशा आपके साथ ही रहेंगे। अगर कदर नहीं करोगे तो वो भी चले जाएंगे।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### बेलगाम बोल

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के कॉमेडी वीडियो के कारण शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुंबई में हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान कुणाल कामरा ने बिना नाम लिए महाराष्ट्र के एक राजनेता को 'गद्दार' कहा। जवाब में शिवसेना के सदस्यों ने उस स्थान पर तोड़फोड़ की, जहां कुणाल कामरा का शो रिकॉर्ड किया गया था। इस मामले में कई राजनेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया साझा की है। प्रदेश के मंत्री योगेश कदम ने भी कुणाल कामरा को लताड़ लगाई है। महाराष्ट्र के मंत्री योगेश कदम ने सोमवार को कहा कि उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के ठिकाने का पता लगाया जा रहा है और इस मामले में कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। पत्रकारों से बात करते हुए शिवसेना नेता योगेश कदम ने यह भी कहा कि कानून सबके लिए समान है और वह कामरा की टिप्पणी को लेकर मुंबई में एक स्टूडियो में तोड़फोड़ करने वाले अपने पार्टी कार्यकर्ताओं की कार्रवाई का भी समर्थन नहीं करते हैं, लेकिन गृह राज्य मंत्री ने कहा कि शिवसैनिकों के गुस्से को समझना चाहिए। उन्होंने कहा, 'कुणाल कामरा के ठिकाने का पता लगाया जा रहा है। कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। सिक्के के दोनों पहलुओं को समझना चाहिए।' मुंबई के खार इलाके में यूनिकॉन्टिनेंटल होटल के हैबिटेट स्टूडियो में अपने प्रदर्शन के दौरान कुणाल ने बिना नाम लिए राजनेता को 'देशद्रोही' कहा था और उन पर एक पैरोडी भी गाई थी। कुणाल कामरा ने फिल्म 'दिल तो पागल है' के एक हिंदी गाने के मॉडिफाइड वर्जन का इस्तेमाल किया। पुलिस के अनुसार रविवार रात को कई शिवसेना कार्यकर्ता स्टूडियो में गए और कथित तौर पर वहां और होटल में तोड़फोड़ की। अधिकारियों ने पहले बताया कि मुंबई पुलिस ने सोमवार को एकनाथ शिंदे के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए कुणाल कामरा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शिवसेना के पदाधिकारी राहुल कनाल और 11 अन्य को मुंबई के उस होटल में तोड़फोड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जहां कुणाल कामरा ने राजनेता के खिलाफ विवादास्पद 'देशद्रोही' टिप्पणी की थी। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी कुणाल कामरा को चेतावनी दी है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि स्टैंड-अप कॉमेडी करने की आजादी है, लेकिन वह जो चाहे बोल नहीं सकते। महाराष्ट्र की जनता तय कर चुकी है कि गद्दार कौन है। कुणाल कामरा को माफी मांगनी चाहिए। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएम ने कहा कि कॉमेडी करना अधिकार है, लेकिन जान बूझकर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बदनाम करने के लिए ऐसा किया जा रहा है, तो यह ठीक नहीं है।

### देश में साइबर ठगों का कहर

# हर दिन 7920 लोग ठगी के शिकार



वीना गौतम

रेडियो, फोन, सोशल मीडिया और टेलीविजन चैनलों में दिन रात साइबर ठगों से सावधान रहने के लिए किए जा रहे प्रचार के बावजूद देश में साइबर ठगों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। हाल में वित्त मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में साइबर धोखाधड़ी के पेश आंकड़ों के मुताबिक पिछले दस महीने में यानी अप्रेल 2024 से जनवरी 2025 तक डिजिटल धोखाधड़ी की 24 लाख घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं, जिनमें ठगों ने लोगों से 4245 करोड़ रुपए ठग चुके हैं। इस तरह देखें तो गृह मंत्रालय के युद्ध स्तर पर साइबर धोखाधड़ी के विरुद्ध चलाए जा रहे सजगता अभियान के बावजूद साइबर स्कैमर्स के हौसले बुलंद हैं, जिस कारण इतने प्रचार प्रसार के बावजूद डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों में पूरी तरह से रोक आने की बात तो दूर है, जरा भी मामले कम नहीं हो रहे उल्टे लगातार बढ़ रहे हैं। साल 2022-23 में जहां पूरे एक साल में साइबर धोखाधड़ी की कुल 20 लाख घटनाएं दर्ज की गई थीं, वहीं साल 2023-24 में पूरे एक साल में ये घटनाएं बढ़कर 28 लाख हो गईं।

साल 2022-23 में जहां कुल 2537 करोड़ रुपए की ठगी हुई थी, वहीं साल 2023-24 में ठगी का आंकड़ा बढ़कर 4403 करोड़ रुपए हो गया, जबकि इस साल तो अभी दस महीने ही गुजरे हैं और अपराधियों द्वारा ठगी गई रकम 4245 करोड़ रुपए हो चुकी है, जो कि साल 2022-23 के मुकाबले 67 फीसदी अधिक है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गृह मंत्रालय द्वारा हाल में गठित साइबर प्रकोष्ठ की तमाम सक्रियता के बावजूद किस तरह अपराधियों के सिर में डर की जूं तक नहीं रेंग रही। भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान धोखाधड़ी निगरानी करने के लिए सेंट्रल पेमेंट्स फ्रॉड इनफॉर्मेशन रजिस्ट्री लागू की है, जिसमें बैंक, नॉन बैंक प्री पेड पेमेंट, इंस्ट्रूमेंट जारीकर्ता और नॉन बैंक क्रेडिट कार्ड कार्यकर्ता धोखाधड़ी की घटनाओं की रिपोर्ट करते हैं। इसका मकसद तत्काल रिपोर्टिंग के जरिये ठगों को धन निकालने से रोकना है और अब तक इस प्रयास के जरिये 13 लाख शिकायतों पर तुरंत कार्यवाही करके बैंक नेटवर्क ने 4386 करोड़ रुपए बचाये भी हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस, जांच एजेंसियों और बैंकों की साझी सतर्कता के बावजूद धोखेबाजों का कहर इन सब पर भारी पड़ रहा है। आरबीआई ने इस संबंध में आर्टिफिशियल इंटलीजेंस के एक खास टूल 'म्यूल हंटर डॉट एआई' का सहारा ले रही है। इस सबके बावजूद अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे सब पर भारी पड़ रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया में यूपीआई लेनदेन की सुरक्षा को भी कई स्तरों तक बढा.दिया है, क्योंकि इस पर भी धोखाधड़ी की घटनाएं किसी भी तरह से घटने की बजाय लगातार बढ़ रही है। हद तो यह है कि साइबर ठगों ने पिछले एक साल के भीतर ठगी के अपने तौर तरीकों में कोई एक दो चार दस या सौ नहीं बल्कि एक हजार से ज्यादा नए तरीकों का इस्तेमाल किया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वास्तव में साइबर अपराधी कितने जुनून और बेखौफ अंदाज में अपनी कारगुजारियों को अंजाम दे रहे हैं। सवाल है आखिर हर तरह की कोशिशों और



इमेज

सजगताओं के बावजूद साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं किसी भी कीमत पर रूकने की बजाय आखिर बढ़ती ही क्यों जा रही हैं? दरअसल इसमें बैंकिंग सिस्टम में जो लूप होल्स हैं, वो तो हैं ही, उससे कई गुना ज्यादा आम लोग जो डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं, वे बार बार बताने, समझाने के बावजूद लापरवाहियों से बाज नहीं आ रहे। आज की तारीख में डिजिटल डिवाइस इस्तेमाल करने वाला शायद ही कोई इंसान हो, जो दिन में कम से कम चार बार डिजिटल धोखाधड़ी से सावधान रहने के लिए आह्वान करने वाले विज्ञापनों, सलाहों को न सुनता हो। लेकिन विभिन्न रिपोर्टें और लगाए गए डिजिटल अनुमान बताते हैं कि अभी भी ऑनलाइन बैंकिंग या किसी भी तरह के लेनदेन का इस्तेमाल करने वाले 50 फीसदी से ज्यादा लोग न सिर्फ अपने आपके ठगे जाने की चिंता से रहित हैं बल्कि उन्हें इसे जानने, समझने की कोई जरूरत ही नहीं महसूस होती। दिन रात डिजिटल लेनदेन करने वाले कई लोग भी ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति बेहद लापरवाही बरतते हैं और सब कुछ जानने के बावजूद ठगी का शिकार हो जाते हैं। उदाहरण के लिए ऑनलाइन अरेस्ट या डिजिटल अरेस्ट अथवा साइबर अरेस्ट जैसे मसले को ही लें, पिछले एक साल से इस संबंध में हजारों तरह से आगाहकिए जाने की हर संभव कोशिशें हुई हैं। फोन में कोई कॉल आने के पहले ज्यादातर बार लोगों को इरीटेट कर देने वाला यह संदेश बार बार सुनाई देता है, बावजूद इसके सच्चाई यही है कि ज्यादातर लोग इस सबको एक कान से सुनते हैं और दूसरे कान से निकाल देते हैं। ठगों द्वारा बार बार ठगी की अपनी बदली जा रही तकनीक से भी वह पुलिस और जांच एजेंसियों को गच्चा देने में कामयाब हो रहे हैं। मगर इससे भी बड़ी बात यह है कि देश में इतने बड़े पैमाने पर डिजिटल जीवनशैली जीने वाले हमारे देश में ज्यादातर लोगों की डिजिटल साक्षारता 50 फीसदी भी नहीं है। आम लोगों में से शायद ही किसी ने अपनी ऑनलाइन गतिविधियों के लिए कहीं से कुछ सीखा हो। आमतौर पर हमारे यहां लोग कोई भी सीख किसी तरह ठोकरें खाते हुए सीखने की आदत का शिकार हैं और इस डिजिटल साक्षारता के मामले में भी लोग ऐसा ही उदासीन रवैय्या इख्तियार किए हुए हैं, जिस कारण सरकार या संचार माध्यम जितना भी चीख चीखकर लोगों को इस संवेदनशील तकनीक के इस्तेमाल के प्रति आगाह करें, लेकिन लोग तब तक इस सबके प्रति जरा भी सजग होने की जरूरत नहीं समझते, जब तक कि खुद भारी धोखा न उठाएं। यह अकारण नहीं है कि अपने यहां हर घंटे 330 लोग और हर मिनट में करीब 5.5 लोग और लगभग हर 11 सेकंड में कोई न कोई व्यक्ति डिजिटल धोखाधड़ी का शिकार हो रहा है। ठगी की ऐसी भयानक स्थिति तो किसी भी दौर में नहीं रही, यहां तक कि जब कानून व्यवस्था को चाकचौबंद बनाए रखने के लिए जरूरी पुलिस और खुफियां एजेंसियां नहीं थीं, तब भी किसी भी दौर में इतनी तेज रफ्तार से आपराधिक घटनाएं नहीं घटीं। हैरानी की बात तो यह है कि कोई हैरान करने वाली घटना घटती है और सरकार तथा जांच एजेंसियां उसे आधार बनाकर लोगों को आनन फानन में ऐसी घटनाओं से बचने की ट्रनिंग और टिप्स दे रहे होते हैं, उसी दौरान न सिर्फ वैसी ही बल्कि अगले कुछ दिनों के भीतर ऐसी ही घटनाओं को और भी नये तौर तरीके से चकमा देने वालों की झड़ी लग जाती है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस दौर में अपराधी, पुलिस और जांच एजेंसियों के डाल डाल के मुकाबले, सिर्फ पात पात में ही नहीं है बल्कि उससे भी कहीं ज्यादा तीव्र है। अतः जरूरी है कि देश में डिजिटल धोखेबाजों और अपराधियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सिर्फ सरकारों और पुलिस व जांच एजेंसियों के भरोसे रहना समझदारी नहीं है।

## पंचांग

मंगलवार, 25 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| • विक्रम संवत् | - 2081 |
| • शक संवत् | - 1946 |
| • ऋतु | - वसंत |
| • माह | - चैत्र |
| • पक्ष | - कृष्ण |
| • तिथि | - एकादशी 27.46 तक |
| • वार | - मंगलवार |
| • नक्षत्र | - श्रवण 27.50 तक |
| • योग | - शिव 14.54 तक |
| • करण | - बव 16.32 तक |
| • सूर्योदय | - 06.40 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - 06.49 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - 06.39 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - 06.54 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - मकर |
| • अभिजित् मुहूर्त | - 12.20 से 13.09 |
| • राहु काल | - 15.47 से 17.19 |
| • व्रत, त्यौहार | - पापमोचिनी एकादशी (कोपरा), कुमारयोग 27.46 तक, राजयोग 27.50 प्रारंभ |
| • दिशा शूल | - उत्तर |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

### पापमोचिनी एकादशी

हिंदू धर्म में एकादशी का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रत्येक वर्ष चौबीस एकादशियां होती हैं। जब अधिकमास या मलमास आता है, तब इनकी संख्या बढ़कर 26 हो जाती है। हिंदू धर्म में कहा गया है कि संसार में उत्पन्न होने वाला कोई भी ऐसा मनुष्य नहीं है, जिससे जाने अनजाने पाप नहीं हुआ हो। पाप एक प्रकार की गलती है, जिसके लिए हमें दंड भोगना होता है। ईश्वरीय विधान के अनुसार पाप के दंड से बचा जा सकता हैं अगर पापमोचिनी एकादशी का व्रत रखें। पुराणों के अनुसार चैत्र कृष्ण पक्ष की एकादशी पाप मोचिनी है अर्थात पाप को नष्ट करने वाली। स्वयं भगवान श्री कृष्ण ने इसे अर्जुन से कहा है। कथा के अनुसार भगवान अर्जुन से कहते हैं, राजा मान्धाता ने एक समय में लोमश ऋषि से जब पूछा कि प्रभु यह बताएं कि मनुष्य जो जाने अनजाने पाप कर्म करता है उससे कैसे मुक्त हो सकता है। राजा मान्धाता के इस प्रश्न के जवाब में लोमश ऋषि ने राजा को एक कहानी सुनाई कि चैत्ररथ नामक सुंदर वन में च्यवन ऋषि के पुत्र मेधावी ऋषि तपस्या में लीन थे। इस वन में एक दिन मंजुघोषा नामक अप्सरा की नजर ऋषि पर पड़ी तो वह उन पर मोहित हो गई और उन्हें अपनी ओर आकर्षित करने हेतु यत्न करने लगी। कामदेव भी उस समय उधर से गुजर रहे थे कि उनकी नजर अप्सरा पर गई और वह उसकी मनोभावना को समझते हुए उसकी सहायता करने लगे। अप्सरा अपने यत्न में सफल हुई और ऋषि काम पीड़ित हो गए। काम के वश में होकर ऋषि शिव की तपस्या का व्रत भूल गए और अप्सरा के साथ रमण करने लगे। कई वर्षों के बाद जब उनकी चेतना जगी तो उन्हें अहसास हुआ कि वह शिव की तपस्या से विरत हो चुके हैं, उन्हें तब उस अप्सरा पर बहुत क्रोध हुआ और तपस्या भंग करने का दोषी जानकर ऋषि ने अप्सरा को श्राप दे दिया कि तुम पिशाचिनी बन जाओ। श्राप से दुःखी होकर वह ऋषि के पैरों पर गिर पड़ी और श्राप से मुक्ति के लिए अनुनय करने लगी। मेधावी ऋषि ने तब उस अप्सरा को विधि सहित चैत्र कृष्ण एकादशी का व्रत करने के लिए कहा।

## तारीख विशेष

### गणेश शंकर विद्यार्थी

गणेश शंकर विद्यार्थी एक निडर और निष्पक्ष पत्रकार तो थे ही, इसके साथ ही वे एक समाज-सेवी, स्वतंत्रता सेनानी और कुशल राजनीतिज्ञ भी थे। भारत के 'स्वाधीनता संग्राम' में उनका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा था। गणेशशंकर विद्यार्थी भी ऐसे ही पत्रकार थे, जिन्होंने अपनी कलम की ताकत से अंग्रेज़ी शासन की नींव हिला दी थी। गणेशशंकर विद्यार्थी एक ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, जो कलम और वाणी के साथ-साथ महात्मा गांधी के अहिंसक समर्थकों और क्रांतिकारियों को समान रूप से देश की आज़ादी में सक्रिय सहयोग प्रदान करते रहे। गणेशशंकर विद्यार्थी का जन्म 26 अक्टूबर, 1890 में अपने ननिहाल प्रयाग (इलाहाबाद) में हुआ था। इनके पिता का नाम जयनारायण था। पिता एक स्कूल में अध्यापक के पद पर नियुक्त थे और उर्दू तथा फ़ारसी ख़ूब जानते थे। गणेशशंकर विद्यार्थी की शिक्षा-दीक्षा मुंगावली (ग्वालियर) में हुई थी। पिता के समान ही इन्होंने भी उर्दू-फ़ारसी का अध्ययन किया। गणेश शंकर विद्यार्थी अपनी आर्थिक कठिनाइयों के कारण एण्ट्रेंस तक ही पढ़ सके। किन्तु उनका स्वतंत्र अध्ययन अनवरत चलता ही रहा। अपनी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने पत्रकारिता के गुणों को खुद में भली प्रकार से सहेज लिया था। शुरु में गणेश शंकर को सफलता के अनुसार ही एक नौकरी भी मिली थी, लेकिन उनकी अंग्रेज़ अधिकारियों से नहीं पटी, जिस कारण उन्होंने वह नौकरी छोड़ दी। किन्तु उनका स्वतंत्र अध्ययन अनवरत चलता ही रहा। अपनी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने पत्रकारिता के गुणों को खुद में भली प्रकार से सहेज लिया था। शुरु में गणेश शंकर जी को सफलता के अनुसार ही एक नौकरी भी मिली थी, लेकिन उनकी अंग्रेज़ अधिकारियों से नहीं पटी, जिस कारण उन्होंने वह नौकरी छोड़ दी। गणेशशंकर विद्यार्थी की मृत्यु कानपुर के हिन्दू-मुस्लिम दंगे में निस्सहायों को बचाते हुए 25 मार्च सन् 1931 ई. में हो गई। विद्यार्थी साम्प्रदायिकता की भेंट चढ़ गए थे। उनका शव अस्पताल की लाशों के मध्य पड़ा मिला। वह इतना फूल गया था कि, उसे पहचानना तक मुश्किल था। नम आंखों से 29 मार्च को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### भारतीय महिलाएं

# सुहाग और सुहाग चिह्न

नीलोफर

हमारे यहां लड़की की शादी और उसे दुल्हन के रूप में सजने और देखने का एक विशिष्ट महत्व है। शादी के बाद उसके जीवन में कई बदलाव आते हैं, उसके लिए किए जाने वाला श्रृंगार और उसके सुहाग चिह्न का विशिष्ट महत्व है। नवविवाहित दुल्हन की कलाईयों में सजा लाल चूड़ा या कांच की चूड़ियां, मांग में सजा सिंदूर, माथे पर चमकती बिंदिया, गले में पहना मंगलसूत्र, पांव में सजे बिछुए, पायल, यह सभी सुहाग के वे चिह्न हैं, जो उसे दूसरों से अलग दिखाते हैं। इनमें हर प्रतीक चिह्न की अपनी एक भाषा है। नथ को हिंदू धर्म में सोलह श्रृंगार में से एक माना जाता है, इसके बिना दुल्हन का श्रृंगार अधूरा होता है। इसे सुहाग की निशानी माना जाता है। नथ पहनने से दुल्हन की खूबसूरती तो बढ़ती ही है, उसका श्रृंगार भी इसी से पूर्ण होता है। दुल्हन की नथ को वैवाहिक जीवन में मजबूती लाने वाला माना जाता है। इससे माता लक्ष्मी प्रसन्न होती है और घर में बरकत बनी रहती है। उत्तराखंड में महिलाओं द्वारा बड़ी नथ पहनना और नाक में सिंदूर लगाना पिछौड़ हर मौके पर पहनी जाती है। पिछौड़ को शुभ माना जाता है। यह सिर्फ शादीशुदा महिलाएं ही पहनती हैं। इसके बिना पहाड़ी शादियों को अधूरा माना जाता है। पिछौड़ का रंग पीला होता है।

हमारे यहां लड़की की शादी और उसे दुल्हन के रूप में सजने और देखने का एक विशिष्ट महत्व है। शादी के बाद उसके जीवन में कई बदलाव आते हैं, उसके लिए किए जाने वाला श्रृंगार और उसके सुहाग चिह्न का विशिष्ट महत्व है। नवविवाहित दुल्हन की कलाईयों में सजा लाल चूड़ा या कांच की चूड़ियां, मांग में सजा सिंदूर, माथे पर चमकती बिंदिया, गले में पहना मंगलसूत्र, पांव में सजे बिछुए, पायल, यह सभी सुहाग के वे चिह्न हैं, जो उसे दूसरों से अलग दिखाते हैं। इनमें हर प्रतीक चिह्न की अपनी एक भाषा है।

**सिंदूर सुहाग का प्रतीक-** सिंदूर का विवाहित स्त्री के श्रृंगार में महत्वपूर्ण स्थान है। इसलिए शादी के बाद कुछ समुदायों को छोड़ दें तो सभी महिलाएं मांग में सिंदूर भरती हैं। हमारे शास्त्रों में भी सीता, लक्ष्मी, पार्वती अपने सुहाग की लंबी उम्र के लिए सिंदूर लगाया करती थीं। बंगाल, असम, ओड़िसा, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, इन तमाम राज्यों में शादी के उपरांत मांग भरना बहुत अहमियत रखता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश व बिहार में चटख केसरिया या लाल सिंदूर होता है। दक्षिण भारत में सिंदूर हल्का हल्दी का आधार लिए होता है, जो गहरे लाल रंग का होता है। उत्तरी भारत में महिलाएं लाल रंग का सिंदूर लगाती हैं। लाल रंग महिलाओं की खुशी, स्वास्थ्य और शक्ति का प्रतीक माना जाता है।

**मांग टीका-** मांग को सजाने के लिए सिंदूर का प्रयोग किया जाता है, तो उत्तर भारत के कुछ हिस्सों राजस्थान में सोने या चांदी का बना मांग टीका पहना जाता है। यह एक प्रकार से सिर पर एक प्रेशर प्वाइंट बनाता है, जिसका वैज्ञानिक महत्व होता है। कहते हैं कि यह सूर्य की हानिकारक किरणों से त्वचा को बचाता है।

**बिंदी-** यूं तो बिंदी कुंवारी लड़कियां भी लगाती हैं, लेकिन विवाहित महिलाओं द्वारा भौंहों के बीच लगाई गई छोटी या बड़ी बिंदी उसके श्रृंगार को पूर्णता प्रदान करती है। धार्मिक शास्त्रों में बिंदी को त्रिनेत्र का प्रतीक माना जाता है।

**नथ-** नथ को हिंदू धर्म में सोलह श्रृंगार में से एक माना जाता है, इसके बिना दुल्हन का श्रृंगार अधूरा होता है। इसे सुहाग की निशानी माना जाता है। नथ पहनने से दुल्हन की खूबसूरती तो बढ़ती ही है, उसका श्रृंगार भी इसी से पूर्ण होता है। दुल्हन की नथ को वैवाहिक जीवन में मजबूती लाने वाला माना जाता है। इससे माता लक्ष्मी प्रसन्न होती है और घर में बरकत बनी रहती है। उत्तराखंड में महिलाओं द्वारा बड़ी नथ पहनना और नाक में सिंदूर लगाना पिछौड़ हर मौके पर पहनी जाती है। पिछौड़ को शुभ माना जाता है। यह सिर्फ शादीशुदा महिलाएं ही पहनती हैं। इसके बिना पहाड़ी शादियों को अधूरा माना जाता है। पिछौड़ का रंग पीला होता है। जिस पर बीच में स्वास्तिक, किनारों पर सूर्य, चंद्रमा, शंख, घंटी के डिजाइन होते हैं। पिछौड़ से ही पता चलता है कि शादी किसकी है। कुमाऊं में हर अवसर पर महिलाएं नथ पहनती हैं। शादी में दुल्हन का मामा सोने की नथ देता है।

**मंगलसूत्र-** मंगलसूत्र जिसे थाली या दुल्हन का हार कहते हैं। महाराष्ट्र, कर्नाटक या आंध्र प्रदेश में एक छोर पर गोल करके धागे पर पिरोया गया आयातकार हार होता है। भारत में हिंदू विवाह में दूल्हा-दुल्हन के साथ एक लंबे और विवाहित सुखी जीवन के लिए इस पवित्र धागे जिसमें तीन गांठे होती हैं, पहनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि मंगलसूत्र व्यक्ति को जीवंत बनाये रखता है। अधिकांश हिंदू उत्तर भारतीय विवाहों में पहनाया जाता है। क्षेत्र और जाति के अनुसार इसके डिजाइन में परिवर्तन होता है। दक्षिण भारत में जाति या उपजाति के आधार पर इनके आकार, आकृति और सजावट अलग अलग तरह की होती है। 108 महीन सूती धागों से बने मंगलसूत्र को शुभ माना जाता है। विवाह की रस्म के दौरान पुजारी के मंत्रोच्चारण के साथ दूल्हा-दुल्हन के गले में तीन गांठों के साथ मंगलसूत्र बांधता है। यह दोनों परिवारों के मिलन के साथ साथ एक दूसरे के प्रति समर्पण का भी प्रतीक है।

**शादी की अंगूठी-** ईसाई धर्म में दुल्हन को उल्टे हाथ की रिंग फिंगर में सगाई व शादी की अंगूठी पहनाई जाती है। कई पश्चिमी देशों में शादी की अंगूठी बायें हाथ की चौथी अंगुली में धारण की जाती है। आजकल शादी की अंगूठियां बायें हाथ की चौथी अंगुली पर भी पहनी जाती है। हमारे देश में शादी की अंगूठी अपनी दाहिने हाथ पर पहनी जाती है। माना जाता है कि उस अंगुली में अंगूठी पहनने से पति हमेशा ह्रदय के करीब रहता है।

**बिछुए-** बिछुए हिंदू महिलाओं द्वारा विवाह के उपरांत पैरों की दूसरी अंगुली में बिछुए पहनाये जाते हैं। इसे वर वधु दोनों पक्षों की ओर से दिए जाते हैं।

**मेहंदी व आलता-** सोलहा श्रृंगार में शादीशुदा महिलाओं के लिए मेहंदी व आलते का खासा महत्व है। उत्तर भारत में आलता व मेहंदी पैरों को ठंडक देने के लिए भी लगाई जाती है।



## गीता सार

**सर्वकर्माणि मनसा संन्यस्यास्ते सुखं वशी।**
**नवद्वारे पुरे देही नैव कुर्वन्न कारयन्॥**
**न कर्तृत्वं न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः।**
**न कर्मफलसंयोगं स्वभावस्तु प्रवर्तते॥**

**हिंदी अर्थ**

अंतःकरण को अपने वश में करके, सब कर्मों को मन से त्याग कर, न उन्हें करता हुआ और न करवाते हुए ही, नौ द्वारों वाले शरीर रूपी घर में योगी सुख पूर्वक रहे। आत्मा मनुष्य के न तो कर्तापन की, न कर्मों की और न कर्मफल के संयोग की रचना करता है, किन्तु इसमें स्वभाव ही कारण है।

## बोले तो...



लोगों ने 2024 के विधानसभा चुनावों में हमें वोट दिया और समर्थन दिया। जो लोग गद्दार थे, उन्हें लोगों ने घर भेज दिया। जनता ने उन लोगों को उनकी जगह दिखा दी, जिन्होंने हास्य पैदा किया। अपमानजनक बयान को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता।

- देवेंद्र फडणवीस



मैंने भारत के साथ आर्थिक सहयोग के लिए कई रास्ते तलाशे, लेकिन मौजूदा सरकार मन्नार में अदाणी समूह के साथ अक्षय ऊर्जा परियोजना को आगे बढ़ाने में फेल साबित हुई। अदाणी हरित ऊर्जा परियोजना पर फिर से बातचीत करने के एनपीपी सरकार के प्रयास में कोई तर्क नहीं दिखता।

- रानिल विक्रमसिंघे



आठ साल पहले उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति क्या थी, यह किसी से छिपा नहीं है। पहले किसान आत्महत्या करता था। युवा के सामने पहचान का संकट था। आज प्रदेश वही है, तंत्र वही है, केवल सरकार बदलने से व्यापक बदलाव महसूस किया जा सकता है।

-योगी आदित्यनाथ

## कुछ अलग | अजब गजब

# कमोड पर होते दो बटन, सब करते इस्तेमाल, आज भी कम लोगों को इसका सही ज्ञान

फ्लश वाले शौचालय में कहीं-कहीं एक बड़ा फ्लश बटन और एक छोटा बटन होता है। हम सभी इनमें से कभी बड़ा तो कभी दोनों बटन एक साथ दबाते हैं। हालांकि बहुत से लोग यह नहीं जानते कि दूसरे यानि छोटे बटन का वास्तविक कार्य क्या है? चाहे वह घर हो, शॉपिंग मॉल हो या आपका कार्यालय हो, आपने दो बटन वाले कमोड पर ध्यान दिया होगा? तो, क्या यह प्रश्न कभी आपके मन में आया है कि आखिर दोनों बटन का अलग-अलग काम क्या होता है? ये सिर्फ प्रेशर के लिए लगाए गए हैं या इनकी अलग-अलग आवश्यकता भी है। आजकल एडवांस बाथरूम सर्विसेज पूरे देश में काफी आम हो गई हैं। इसी कारण से, आप अक्सर कुछ शौचालयों पर दो फ्लश बटन देखेंगे। लगभग हर कोई जानता है कि इनमें से किसी एक का उपयोग कैसे किया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दूसरे का उपयोग किस लिए किया जाता है? सार्वजनिक जगहों पर आप अलग-अलग तरह के शौचालय देखेंगे। इस शौचालय को फ्लश करने की विधि भी अलग-अलग होती है। आमतौर पर आप कुछ शौचालयों में दो फ्लश बटन देखेंगे, जिनमें से एक छोटा और एक बड़ा होता है। दोहरे फ्लश वाले शौचालय में एक बड़ा फ्लश बटन और एक छोटा बटन होता है। हम सभी इनमें से कभी बड़ा तो कभी दोनों



बटन एक साथ दबाते हैं। हालांकि बहुत से लोग यह नहीं जानते कि दूसरे यानि छोटे बटन का वास्तविक कार्य क्या है? आधुनिक शौचालयों में दो ऐसे फ्लश बटन होते हैं। इनमें से एक बटन निकास वाल्व से जुड़ा हुआ है। बड़े बटन को दबाने पर लगभग 6 लीटर पानी निकलता है, जबकि छोटे बटन को दबाने पर 3 से 4.5 लीटर पानी निकलता है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अगर किसी घर में एक फ्लश के बजाय दोहरी फ्लश व्यवस्था हो, तो वर्ष भर में लगभग 20,000 लीटर पानी की बचत संभव है। दोहरी फ्लश स्थापनाएं नियमित फ्लश की तुलना में अधिक महंगी होती हैं, लेकिन वे आपका बहुत सारा पानी बचा सकती हैं। जब भी आपको बाथरूम के कमोड पर दो बटन दिखें, तो यह समझ लेने के बाद ही उन पर अपनी उंगली रखें कि आपको कौन सा बटन दबाना है। एक ही समय में दो बटन दबाने की गलती न करें, इससे पानी ज्यादा खर्च हो जाता है।

## पाठक पाती

### शांति दूत नहीं घाघ नेता मोहम्मद यूनुस

शेख हसीना सरकार के सत्ता पलट के बाद बांग्लादेश की सत्ता को संभालने वाले मोहम्मद यूनुस ने बैंकॉक में होने वाले बीम्सटेक सम्मेलन में मोदी जी से बातचीत की पेशकश की है। बांग्लादेश में सत्ता पलट के बाद जो हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार हुए हैं, मोहम्मद यूनुस सरकार की भी मौन स्वीकृति शामिल है। नोबेल पुरस्कार प्राप्त शेख यूनुस चतुर राज नेता तो नहीं है मगर घाघ मुस्लिम नेता जरूर हैं जो कि बहुत पहले से ही सत्ता पलटने की योजना पर काम कर रहे थे। और सत्ता पैलटते ही बांग्लादेश की बागडोर अपने हाथ में ले ली। वह ऐसे उपाय कर रहे हैं कि बिना चुनाव करवाए ही सत्ता उनके हाथ में बनी रहे। अतः सरकार को भी पहले निचले स्तर के ऑफिसर्स से बातचीत के बाद सकारात्मक परिणाम के बाद ही मोदी के साथ यूनुस की बातचीत का एजेंडा बनाना चाहिए।

- मधु सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### महर्षि गौतम प्राकट्य दिवस 30 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जरगौड़ ब्राहमण महासभा के तत्वाधान में न्याय शास्त्र प्रणेता अक्षपाद महर्षि गौतम प्राकट्य दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। महर्षि गौतम सेवा समिति के अध्यक्ष भैंरुलाल उपाध्याय एवं सचिव सत्यप्रकाश जोशी ने बताया गौतम जयन्ती आयोजन को लेकर समिति के पदाधिकारियों की बैठक की गई। मिटिंग में लिए निर्णयानुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को महर्षि गौतम प्राकट्य दिवस का आयोजन किया जायेगा। चेजारों के बास स्थित श्री गौतम मंदिर में प्रातः 10 बजे महर्षि गौतम पूजन अर्चन, हनुमान चालीसा, गौतम चालीसा व महाआरती की जायेगी। सायं समिति का वार्षिक अधिवेशन, बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान, अस्सी वर्ष से अधिक आयु के समाज बंधुओं का वयोवृद्ध सम्मान, राजकीय सेवा में चर्यानत प्रतिभा सम्मान, महर्षि गौतम को जानो प्रश्नोत्तरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जायेगा। प्रतिभा सम्मान के अन्तर्गत निर्धारित योग्यता रखने वाले अपना आवेदन सत्यप्रकाश जोशी को 9460524851 पर व्हाट्सअप 28.03.2025 तक कर सकेंगे। साथ ही श्री महर्षि गौतम सेवा समिति कार्यकारिणी पुनर्गठन, युवक संघ व महिला मंडल का भी गठन किया जायेगा। कार्यक्रम में भैंरूलाल उपाध्याय, सत्यप्रकाश जोशी, कन्हैया लाल तिवाड़ी, वेणीगोपाल तिवाड़ी, चंद्रप्रकाश उपाध्याय, गोविन्द राम उपाध्याय, मोहन राम कलवाडिया, मूलचंद कलवाडिया, रामदेव उपाध्याय, राजेन्द्र शर्मा, गणपत लाल उपाध्याय, पप्पु लाल शर्मा, मोती लाल उपाध्याय, मनीष, मुकेश उपाध्याय, धर्मेन्द्र कलवाडिया सहित समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### धाबाई की ढाणी में ग्राम कमेटी का गठन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा जखोड़ा के धाबाई ढाणी में ग्राम कमेटी का गठन जिला उपाध्यक्ष बजरंगलाल बराला, नहर यात्रा संयोजक रणधीर सिंह ओला व बजावा ग्राम कमेटी के अध्यक्ष महेश पूनियां की देखरेख में किया गया। जाखोड़ा गांव के बस स्टैंड पर देवनारायण मंदिर परिसर में सीताराम अवाना की अध्यक्षता में पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष समदर सिंह अवाना, सचिव समदर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीपकुमार, उपाध्यक्ष गुरु दयाल सिंह, अनिल कुमार, बुद्धपाल, सह सचिव सुनिल कुमार, संयोजक सीताराम अवाना, संरक्षक केशरदेव अवाना, सदस्य सतवीर, सचिन, कुलदीप, विकास कुमार, सुरेंद्र सिंह, बलबीर सिंह, सूरजमल, गिरधारीलाल, रघुवीर, लीलाधर, अजय कुमार, गोपालराम, सुलतानसिंह, जयसिंह, सावंतराम को सर्वसम्मति से बनाए गए। ग्राम कमेटी के सदस्यों ने गांव में पीने के पानी भारी किल्लत हो रही है। इसके बारे में प्रस्ताव और विचार-विमर्श किया गया तथा इसके समाधान के लिए कमेटी अध्यक्ष समदर सिंह अवाना ने 25 मार्च को एसडीएम चिड़ावा को समाधान के लिए ज्ञापन देने की बात कही। अधयक्षता कर रहे सीताराम अवाना ने आए हुए सभी सदस्यों का आभार जताया।

### 30 मार्च को निकलेगी भव्य यात्रा, समिति ने लोगों को पीले चावल देकर दिया निमंत्रण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** कस्बे में हिंदू नववर्ष के अवसर पर 30 मार्च को भव्य श्रीराम शोभायात्रा निकाली जाएगी। हिंदू नववर्ष समिति इस आयोजन की तैयारियों में जुटी है। समिति के सदस्यों ने सोमवार को शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और व्यापारियों को पीले चावल वितरित किए। साथ ही उन्हें शोभायात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। समिति सदस्य नरेंद्र गिरधर के अनुसार, शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। डीजे की धुन पर यात्रा आगे बढ़ेगी। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरेगी। इसमें श्रीराम के जयकारे लगाए जाएंगे। समिति ने सभी नागरिकों से परिवार सहित इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है। पीले चावल पाने वालों में लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट, श्रीराम परिवार, श्रीराम अमृत वाणी ग्रुप और सनराइज योगा क्लब शामिल हैं। अग्रवाल जन कल्याण समिति, चिड़ावा कॉलेज, श्री हरि नाम प्रभातफेरी और शिवा हेल्थ क्लब को भी निमंत्रण दिया गया। महिला मित्र परिषद और बाजार के व्यापारियों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में संदीप जोशी, महेंद्र मोदी, अशोक शर्मा, रमेश स्वामी और कुलदीप भगेरिया समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे। डॉ. अनिता मोदी, प्रो. कृष्ण मुरारी मोदी और डॉ. अवतार शर्मा जैसे गणमान्य व्यक्तियों ने भी शिरकत की।

### एसएमटीआई के 15 प्रशिक्षणार्थी ऑन-जॉब ट्रेनिंग के लिए रवाना

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बगड़।** ज्योति माहेश्वरी फाउंडेशन द्वारा संचालित शिवओंकार माहेश्वरी तकनीकी संस्थान के 15 प्रशिक्षणार्थियों के दल को वरिष्ठ अनुदेशक विकास के नेतृत्व में ऑन-जॉब ट्रेनिंग के लिए ऑरिक मोर्ट्स झुंझुनूं के लिए रवाना किया गया। अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि आईटीआई पाठ्यक्रम के अनुसार संस्थान में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों को औद्योगिक प्रतिष्ठानों में 150 घंटे की ट्रेनिंग करवाना अनिवार्य किया गया है। जिसकी निरंतरता में एक वर्षीय मैकेनिक डीजल व्यवसाय के 15 प्रशिक्षणार्थियों को ऑरिक मोटर्स झुंझुनूं में प्रशिक्षण के लिए भेजा गया है। जहां प्रशिक्षणार्थी नवीनतम तकनीकों के माध्यम से वाहनों में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। जिससे प्रशिक्षणार्थियों मे आत्मविश्वास बढेगा एवं रोजगार प्राप्त करने का अनुभव प्रदान होगा।

### बालू मिट्टी में हो रही अमेरिकन कस्तूरी की खेती, किसानों में हर्ष

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडावा।** किसी कार्य को करने की मन में लालसा तो की गई मेहनत रंग लाती है। मेहनत से ही सफलता को हासिल किया जा सकता है। कुछ पाने की लालसा और पक्का इरादा होना चाहिए। क्षेत्र की बालू मिट्टी और पानी में अत्यधिक फ्लोराइड मात्रा के साथ रेतीले जगहों पर खेती करना आसान नहीं है। लेकिन मन की मुराद को पूरी करने की ठान चुका एक युवा किसान रविकांत, जो कस्बे की रामगढ़ रोड पर वार्ड नंबर 19 में रहता है। रविकांत ने अपनी छोटी सी जगह में ही उन्नत किस्म की अमेरिकन कस्तूरी लगाने में सफलता प्राप्त की है। रविकांत ने बताया कि चुरू से अपने किसी परिचित से अमेरिकन बीज मिले। जिसको वहीं अपने बाड़े में क्यारिया बनाकर लगाया। लेकिन मिट्टी और पानी में अत्यधिक फ्लोराइड की मात्रा से संभव नहीं होने के बावजूद दुबारा से बीज लगाकर उसमें फिटकरी के घोल का पानी से छिड़काव किया गया तो पौधों में ग्रोथ होने लगी।

# पहचान-2025 में समाज सेवा, शिक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में योगदान देने वाले सम्मानित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट बहरोड़ के वार्षिकोत्सव एवं शपथ ग्रहण समारोह पहचान 2025 का भव्य आयोजन मुस्कान मैरिज पैलेस, अलवर रोड़, बहरोड़ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज सेवा, शिक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में योगदान देने वाले विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया। साथ ही मंच पर उपस्थित हर अतिथि ने सामाजिक बदलाव और सेवा की इस मुहिम को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गणेशनन्द महाराज,तिवाला धाम ने की। मुख्य अतिथि के रूप में मोहित यादव, क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष,अलवर मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों में शालिनी राज, एएसपी, नीमराना,अभिषेक यादव तहसीलदार बहरोड़, लक्ष्मण सिंह,सहायक निबंधक, सहकारिता विभाग,अलवर और रंसार सागर,बीएसओ, बहरोड़ शामिल रहे। सभी ने मंथन फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और इसे और अधिक विस्तारित करने की बात कही। कार्यक्रम में धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड क्षेत्र के गांव खानपुर मीणा के रहने वाले एवं हर घर शिक्षा अभियान के संस्थापक रोहित मीणा ने विशेष उद्बोधन दिया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि कोई भी समाज तभी सशक्त बनता है, जब उसकी जड़ें शिक्षा से मजबूत हों,स्वास्थ्य सेवाएं सभी तक पहुंचे और स्वच्छता जीवन का हिस्सा बने। केवल सरकारी योजनाओं के भरोसे नहीं, बल्कि हर व्यक्ति को व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेकर शिक्षा को घर-घर तक पहुंचाना होगा। स्वास्थ्य सुविधाओं को गरीबों तक ले जाना होगा और स्वच्छता को आदत बनाना होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएं और स्वच्छता को केवल एक सरकारी पहल ना मानकर इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। मंथन फाउंडेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की ओर से डॉ पीयूष गोस्वामी संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. सविता गोस्वामी राष्ट्रीय सचिव और कर्मवीर यादव मीर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने इस पहल को और मजबूत करने के लिए नए संकल्प लिए। मंथन फाउंडेशन इकाई बहरोड़ की ओर से अध्यक्ष अमित यादव, सचिव डॉ सौरभ गौड़, कोषाध्यक्ष रोहित जैन और चैरिटी अध्यक्ष प्यारेलाल सैनी ने अपने विचार रखे। इसी के साथ मंथन फाउंडेशन महिला इकाई बहरोड़ की अध्यक्ष नेहा जैन, सचिव रेनू गोयल और कोषाध्यक्ष चेतना यादव ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की बात कही।

इस कार्यक्रम ने शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर एक नई चेतना जागृत की। मंच से दिए गए प्रेरणादायक संदेशों ने युवाओं और समाजसेवियों को नई ऊर्जा दी। पहचान 2025 केवल एक कार्यक्रम नहीं,बल्कि समाज को नई दिशा देने वाला संकल्प बन गया।

## राजस्थान दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** 25 से 31 मार्च तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित हुई। एडीएम शहर ने कार्यक्रमों से संबंधित नोडल विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्थान दिवस के तहत आयोजित होने वाले सात दिवसीय कार्यक्रमों के भव्य एवं सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के साथ आपसी सामन्जस्य स्थापित करते हुए समयबद्ध रूप में सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त कार्यक्रमों की तैयारियां विभागीय आदेशों के अनुरूप सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में संबंधित योजनाओं के लाभार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करें। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश कुमार डागुर ने बताया कि 25 मार्च अपराह्न 3 बजे से सांय 5 बजे तक महिला सम्मेलन, 26 मार्च को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम, 27 मार्च को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक गरीब एवं अन्त्योदय कार्यक्रम, 28 मार्च को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक सुशासन समारोह, 29 मार्च को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा एवं रोजगार उत्सव, 30 मार्च को सांय 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 31 मार्च को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक निवेश उत्सव आयोजित होगा।

### एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राहुल जाखड़ ने दी गिरफ्तारी

**झुंझुनूं।** यूजीसी के तानाशाही नियम नामंजूरी एवं छात्रसंघ चुनाव की बहाली समेत अन्य मांगों को लेकर जंतर मंतर पर एनएसयूआई के प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष राहुल जाखड़ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। जब दिल्ली में प्रदर्शन उग्र हुआ तो राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी के साथ एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राहुल जाखड़ व जिला महासचिव शुशांक चौधरी समेत कई पदाधिकारियों को हिरासत में लिया गया।

## गाजे-बाजे और नाचते-गाते भरा नानी का मायरा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** शहर के राणी सती रोड स्थित लावरेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा का समापन धूमधाम से हुआ। इससे पहले श्रीकृष्ण-रूकणमी की सजीव झांकी सजाई गई। जिसके साथ महिला सत्संग मंडल की महिला सदस्य भी सजी-धजी थी। गाजे-बाजे और नाचते-गाते धूमधाम से नानी बाई का मायरा भरा गया। इससे पहले फतेहपुर शेखावाटी की दीदी मोनिका शर्मा ने नानी बाई कथा का वाचन करते हुए पूरी कहानी को सुंदर ढंग से बताया। साथ ही भजनों से माहौल का सराबोर कर दिया। इस मौके पर दीदी मोनिका शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति और संस्कार बचाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी मातृशक्ति पर है। जब भी माता-बहनें मंदिर में जाएं तो घर के बच्चों को आवश्यक रूप से साथ लेकर जाएं। ताकि उन्हें हमारे संस्कार और संस्कृति के साथ-साथ धार्मिक आस्थाओं के बारे में जानकारी मिल सके। आपको बता दें कि तीन दिन तक चले इस कार्यक्रम में महिला सत्संग मंडल की महिलाओं के अलावा शहर की महिलाओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। अन्य धार्मिक संगठनों की महिलाओं ने भी कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाई।

## राजस्थान दिवस पर जिला स्तर पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान दिवस उत्सव 30 मार्च-2025 के उपलक्ष्य में 25 मार्च से 31 मार्च 2025 तक जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला कलक्टर श्री पुखराज सेन ने राजस्थान दिवस समारोह को लेकर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संबंधित विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उन्होंने बताया कि 25 मार्च को सायं 3 बजे से 5 बजे तक महिला सम्मेलन होगा। 26 मार्च को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किसान सम्मेलन, 27 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक गरीब एवं अंत्योदय सम्मेलन, 28 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक सुशासन समारोह, 29 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक युवा एवं रोजगार उत्सव तथा 30 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा तथा 31 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक निवेश उत्सव आयोजित किया जायेगा।

## लोहार्गल सरपंच उत्कृष्ट सेवाओं के लिए हुए सम्मानित




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिरोड़।** लोहार्गल ग्राम पंचायत के सरपंच जगमोहन सिंह शेखावत को विश्व क्षय रोग दिवस 2025 के मौके पर हुए टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सरपंच जगमोहन सिंह शेखावत को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने सरपंच जगमोहन सिंह शेखावत की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई भी दी है। सरपंच जगमोहन सिंह शेखावत के सम्मानित होने पर लोहार्गल ग्राम पंचायत क्षेत्र के लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# एसएमएल एलुमनी गेट टूगेदर बढ़ते कदम 2025 एवं साधारण सभा का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** सेठ मोतीलाल कॉलेज शिक्षण संस्थान पूर्व छात्र समिति (एलुमनी) मीटिंग का आयोजन अध्यक्ष श्रवण केजड़ीवाल की अध्यक्षता में किया गया। सभा में उपस्थित सदस्यों ने बहुत ही उत्साह व सक्रियता के साथ भाग लिया। सभा में एसएमएल एलुमनी गेट टूगेदर बढ़ते कदम 2025 एवं साधारण सभा का आयोजन 10 एवं 11 अप्रैल के बारे में विस्तार से विचार विमर्श कर इस अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई। सभा में अध्यक्ष श्रवण केजड़ीवाल, सचिव सीए पवन केडिया, कोषाध्यक्ष सीए मनीष मित्तल, सह सचिव डॉ. डीएन तुलस्यान, संयोजक हरीश तुलस्यान एवं प्रमोद खंडेलिया, पवन गाडिया, राजेश केजड़ीवाल, कैलाशचंद्र सिंघानिया, सीए जिम्मी मोदी, अजीत राणासरिया, परमेश्वर हलवाई, नारायणप्रसाद जालान, नरेंद्र वर्मा, शिवचरण हलवाई, अशोक तुलस्यान, नितिन अग्रवाल, नवलकिशोर खंडेलिया, राजकुमार तुलस्यान, अनिल गुप्ता भोड़कीवाला, दिलीप हंसासरिया, अशोक केडिया, नेमी अग्रवाल, सत्यदेव दड़िया, पुष्करदत्त जांगिड़, डॉ. राजेश निर्वाण, राजेश ढेढिया, प्रदीप पाटोदिया, अमित जगनानी, अंजनी जालान एवं कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. राजेश निर्वाण उपस्थित थे। जिन्होंने कार्यक्रम में 10 अप्रेल को रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम, 11 अप्रेल को साधारण सभा एवं मुख्य कार्यक्रम में वर्ष 1966 से लेकर 1975 तक के एसएमएल कॉलेज पास आउट का सम्मान (अग्रिम सूचना प्राप्त होने पर), सभी डोनर सदस्यो का सम्मान जिन्होंने संगठन में पचास हजार रूपए या इससे अधिक का आर्थिक सहयोग अब तक किया हो, कॉलेज या स्कूल के लेक्चरर या टीचर को गुरु द्रोणाचार्य सम्मान, 2017 के बाद उच्च पदों पर आसीन होने वाले एलुमनी का सम्मान, सत्र 2023-24 में मेरिट होल्डर छात्र-छात्राओं को 20-20 ग्राम चांदी के मैडल से सम्मान, किसी एक सीनियर एलुमनी जिसने अपने जीवन की सभी उपलब्धियां प्राप्त कर चुका हो, उसे सर्वोच्च सम्मान लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड के अतिरिक्त अन्य सम्मान पर विस्तार से विचार विमर्श किया। दोनों दिवस के कार्यक्रम संयोजक हरीश तुलस्यान एवं प्रमोद खंडेलिया के संयोजन में आयोजित होंगे। इस अवसर पर कॉलेज के प्रतिभावान तथा निर्धन 36 छात्र-छात्राओं को कुल तीन लाख पचास हजार रुपए की छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव, लवाजमे के साथ निकलेंगे हजारों निशान, श्री बंधे का बालाजी मंदिर पहुंचकर भक्तजन चढ़ाएंगे निशान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** हनुमान जन्मोत्सव पर 12 अप्रेल को शहर में निशान यात्रियों का लवाजमा निकलेगा। इस दिन हजारों की तादाद में भक्त निशान लेकर चुरू बाईपास स्थित श्री बंधे का बालाजी मंदिर में पहुंचेंगे। शहर के अलग-अलग समूहों के द्वारा इस भव्य कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट के नरेशचंद्र गाडिया ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर 12 अप्रेल को मंदिर परिसर में सतरंगी मेले का आयोजन होगा। इस दिन हजारों की संख्या में भक्तजन निशान लेकर पदयात्रा के रुप में बाबा के दरबार पहुंचकर निशान अर्पित करेंगे। इसके लिए श्री बड़ का बालाजी दुर्गा पूजा समिति, चूणा चौक विकास समिति, गणेश मंदिर सेवा समिति, सूर्य मंडल दुर्गा पूजा समिति, कारूंडिया रोड, गणेश युवा मंडल, मुनि आश्रम, श्याम मंदिर खेतानों का मौहल्ला, हनुमान मंदिर, न्यू कॉलोनी, नगर नरेश बालाजी मंदिर, सिंह श्री वीर हनुमान मंदिर, नमन सिटी, डूंगरी का बालाजी हाऊसिंग बोर्ड आदि



समूह तैयारियो में जुट गए है। इन समूहों के निशान पदयात्री अलग-अलग जगह से रवाना होंगे। गांधी चौक में पहुंचकर निशान यात्राओं का संगम होगा। यहां से हाथों में निशान थामे भक्तों का लवाजमा शाहों वाले कुओं, मल्टी परपज स्कूल, रोड नंबर एक, जिला परिषद सर्किल, मंडावा मोड़, सेंट्रल स्कूल, चुरू बाइपास होते हुए श्री बंधे का बालाजी मंदिर पहुंचेगा। इस दौरान शहर में व्यापारियों और आमजन द्वारा जगह-जगह पदयात्रियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। छावनी बाजार, नेहरू बाजार, शार्दुल छात्रावास, नगर परिषद, मंडावा मोड़ आदि जगह पदयात्रियों की सेवार्थ कैम्प लगाए जाएंगे। पदयात्रियों की भारी तादाद को देखते हुए युवाओं की टोलियां निशानों को तैयार करने के काम में जुट गई है।

### डॉ. जुल्फिकार को मिलेगा अब्दुल कलाम नेशनल अवार्ड

**झुंझुनूं।** युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत युगपुरुष स्वामी विवेकानंद पर पीएचडी करने और उनके विचारों को देश- विदेश में प्रचार-प्रसार करने वाले जिले के निकटवर्ती गांव भीमसर के युवा लेखक व चिंतक डॉ. जुल्फिकार को भारतीय समाज सेवा संस्थान की ओर से नई दिल्ली में 27 मार्च को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह सम्मान विवेकानंद पर विदेशों में शोध कार्य और निशुल्क स्वामी विवेकानंद कैलेंडर वितरित करने के लिए अलंकृत किया जाएगा।

## घर-घर में हो रहा गणगौर पूजन, स्नेह मिलन 31 को



**मंडावा।** चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया पर आयोजित होने वाला शिव पार्वती के प्रतीक में मनाए जाने वाला गणगौर का पर्व 31 मार्च को मनाया जाएगा। होली के दिन से प्रारंभ होने वाले 16 दिवसीय पर्व को लेकर घर घर में गणगौर का पूजन बड़े उत्साह के साथ किया जा रहा है। विवाहिताएं अपने पति की लंबी उम्र और कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की कामना को लेकर शिव पार्वती के प्रतीक में ईशर ओर गणगौर की पूजा कर रही है। गणगौर पर्व को लेकर प्रतिदिन 30 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे है। गणगौर का पर्व राजघराने की परंपराओं के तहत गढ़ परिसर में मनाया जाएगा। पर्व को लेकर गणगौर की शाही सवारी निकाली जाएगी। राजवंशी अगंद देवसिंह बन्ना ने बताया कि गढ़ परिसर में गणगौर पर्व पर स्नेह मिलन का भी आयोजन किया जाएगा।

# जैसलमेर ने पेश की आपसी भाईचारे की मिसाल



▸▸ हिन्दू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों को दी रोजा इफ्तार पार्टी

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर में सर्व समाज ने एक भव्य रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न समुदायों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर जैसलमेर शहर के हिन्दू समाज के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं रोजा इफ्तार पार्टी में पूर्व जिला प्रमुख अब्दुल्ला फकीर, पूर्व प्रधान अमरदीन फकीर, वक्फ कमेटी जिलाध्यक्ष नवाबुद्दीन भाटी समेत मुस्लिम समुदाय के काफी संख्या में रोजेदार मौजूद रहे।

## 'ऐसे आयोजनों से समाज में बढ़ती एकता'

इस मौके पर पूर्व जिला प्रमुख अब्दुल्ला फकीर ने कहा कि रमजान केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि संयम, त्याग और प्रेम की भावना को मजबूत करने का अवसर भी है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता बढ़ती है और लोग एक-दूसरे की परंपराओं को समझते हैं। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए 36 कौम के लोगों का धन्यवाद दिया। जैसलमेर शहर स्थित होटल ग्रांड खलीफा में आयोजित कार्यक्रम में रोजेदारों के लिए विशेष इफ्तारी की व्यवस्था की गई। जिसमें खजूर, शरबत, फल, नमकीन और पारंपरिक व्यंजन शामिल थे।

# बाड़मेर : डिस्कॉम का सरकारी विभागों पर 25.81 करोड़ बकाया



▪ अंतिम नोटिस के बाद भी जमा नहीं कराई राशि, अब कटेंगे कनेक्शन

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति की ओर है। बाड़मेर डिस्कॉम के अधिकारी निजी के साथ-साथ सरकारी विभागों से बकाया को लेकर भी सख्त नजर आ रहे हैं। अब सरकारी विभागों से बकाया की वसूली के लिए डिस्कॉम की टीम कनेक्शन काटने की कार्रवाई करेंगी। सरकारी विभागों से 25.81 करोड़ रुपए का बकाया है। सबसे ज्यादा जलदाय विभाग से 18 करोड़ बकाया है। बाड़मेर के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार मीना ने बताया कि जिले के विभिन्न सरकारी विभागों से लाइट कनेक्शनों के बिलों की राशि जमा नहीं करने के कारण बकाया का आंकड़ा 25.81 करोड़ के करीब पहुंच गया है। मुख्य रूप से जलदाय विभाग से 18 करोड़ रुपए बकाया है। आमजन के कनेक्शन के कारण विभाग अब तक इन कनेक्शनों को काटा नहीं गया था। लेकिन इस राशि को जमा कराने के लिए विभाग की ओर से जलदाय विभाग को निरन्तर पत्राचार किया गया ताकि राशि जमा हो सके। लेकिन अंतिम नोटिस जारी करने के बाद अब तक राशि जमा नहीं होने के कारण राजस्व वसूली को कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

### नगर परिषद से 6.50 करोड़ रुपए बकाया

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि सरकारी विभागों में बकाया में जलदाय विभाग के अलावा नगर परिषद से 6.50 करोड़ रुपए बकाया है। इसमें अधिकांश कनेक्शन रोड़ लाइटों के है। इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार से जुड़े विभिन्न विभागों से 2.80 करोड़ रुपए, जिला प्रशासन के रूप में तहसील, एसडीएम एवं बीडीओ ऑफिस से करीब 46 लाख रुपए, सरपंच व ग्रामसेवकों से करीब 35 लाख रुपए, पुलिस प्रशासन से 8 लाख रुपए बकाया है। वहीं अन्य विभागों से करीब 61 लाख रुपए बकाया है। इन सभी विभागों से बकाया राशि वसूली के लिए निरन्तर पत्राचार किया गया है। फिर भी उनके द्वारा बकाया राशि जमा नहीं कराई गई है, इसलिए डिस्कॉम के उपखण्ड अधिकारियों को इन बकायादारों के कनेक्शन काटने के निर्देश दिए हैं।

### एक महीने में काटे सैकड़ों कनेक्शन

अधीक्षण अभियंता मीना ने बताया कि सरकारी के अलावा निजी खातों से बकाया राशि की वसूली के लिए पिछले कई महीनों से निरन्तर कनेक्शन काटने एवं राशि वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस मार्च महीने में अब तक डिस्कॉम की टीमें करीब 350 से अधिक कनेक्शन काट चुकी हैं। वहीं बड़ी राशि के बकायादारों के यहां से करीब 20 ट्रांसफॉर्मर हटाए गए हैं। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के मद्देनजर बकाया राशि की अधिकाधिक वसूली, बिल जमा करने की सहुलियत एवं त्रुटिपूर्ण बिलों में संशोधन को लेकर आगामी दिनो में अवकाश के दिन भी डिस्कॉम के सभी कार्यालय खुले रहेंगे। उपभोक्ता ई-मित्र के अलावा डिस्कॉम कार्यालय पहुंचकर भी अपने लाइट बिल जमा करा सकते है। वहीं त्रुटिपूर्ण बिल होने पर उसका संशोधन कर उसे वहीं कार्यालय में जमा करा सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं को लाइट संबंध विच्छेद की कार्रवाई से बचने के लिए बकाया बिल जमा करने का आह्वान किया।

जूनियर असिस्टेंट परीक्षा

# टाइपराइटर खराब पाए जाने पर शिकायत निस्तारण के निर्देश

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** हाल ही में राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड द्वारा जूनियर असिस्टेंट पद की भर्ती निकाली गई थी। सुमन बिश्नोई ने भी उस परीक्षा में हिस्सा लिया था और उसका एक भाग टाइपिंग टेस्ट था। टाइपिंग टेस्ट देते समय सुमन बिश्नोई का टाइपराइटर काम करना बंद हो गया। ऐसी स्थिति में उसने इनविजिलेटर से अनुरोध किया कि उसे नया टाइपराइटर दिया जाए। जो नया टाइपराइटर दिया गया था, वह भी खराब निकला और उसके बाद तीसरे टाइपराइटर से उसने बमुश्किल अपना टेस्ट पूरा किया। इस पूरे घटनाक्रम में सुमन का काफी कीमती समय व्यर्थ हो गया मगर टेस्टिंग सेंटर की गलती के बावजूद भी उसे अतिरिक्त समय नहीं प्रदान किया गया। अतिरिक्त समय न मिल पाने की वजह से वह अपना टेस्ट पूरा नहीं कर पाई। सुमन ने राजस्थान हाईकोर्ट में एडवोकेट विवेक फिड़ौदा द्वारा रिट याचिका यह कहते हुए पेश की गई कि उसका दोबारा टाइपिंग टेस्ट लिया जाए ताकि उसका सही आंकलन हो सके। राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकारी अधिवक्ता से जवाब मंगवाया और यह पाया गया कि और भी टेस्ट के समय कई अभ्यर्थियों द्वारा ऐसी शिकायतें पेश की गई है और उसी को मद्देनजर रखते हुए सरकार ने एक समिति का गठन किया है।
एडवोकेट विवेक फिड़ौदा ने आह्वान किया कि इन सभी शिकायतों का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए मगर रिजल्ट जारी करने के पहले किया जाए ताकि किसी अभ्यर्थी को वापस कोर्ट की शरण लेने का मौका मिले और माननीय उच्च न्यायालय ने इस दलील को स्वीकार करते हुए सरकार को समयबद्ध तरीके से शिकायत निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# जोधपुर में मारवाड़ राजपूत सभा ने निकाला पैदल मार्च

▸▸ सपा सांसद की सदस्यता रद्द करने की मांग

**जोधपुर।** योद्धा महाराणा सांगा पर सपा सांसद रामजीलाल की ओर से अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में सोमवार को जोधपुर पैदल मार्च निकाला गया। मारवाड़ राजपूत सभा की ओर से पैदल मार्च पावटा बी रोड स्थित सभा भवन से कलेक्ट्रेट तक निकाला गया। उप राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आपत्तिजनक टिप्पणी को राज्यसभा की कार्यवाही से हटाने और सांसद रामजीलाल की सदस्यता समाप्त करने की मांग की। मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमानसिंह खांगटा ने बताया कि सपा सांसद रामजीलाल ने 22 मार्च को राज्यसभा में न केवल आपत्तिजनक बल्कि ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत टिप्पणी की थी। उन्होंने महाराणा सांगा, जो भारतीय इतिहास के महान योद्धा और स्वतंत्रता के प्रतीक है, को गद्दार कहकर न केवल उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई है बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं को भी आहत किया है। अध्यक्ष खांगटा ने कहा कि इतिहास के अनुसार बाबर को भारत में बुलाने का कार्य दौलत खान ने किया था। महाराणा सांगा ने अपने पूरे जीवनकाल में भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और विदेशी आक्रमणकारियों के खिलाफ वीरता का प्रदर्शन किया। ऐसे में रामजीलाल सुमन द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पूरी तरह से अस्वीकार्य है और यह उनके पद की गरिमा के विपरीत है। ऐसी स्थिति में मारवाड़ राजपूत सभा व सर्व समाज की ओर से उप राष्ट्रप्रति के नाम ज्ञापन प्रेषित कर रामजीलाल की राज्यसभा सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द करने और राज्यसभा की कार्यवाही से उस आपत्तिजनक टिप्पणी को पूर्णतः हटाए जाने की मांग की गई है।

# जैसलमेर के गोडावण ब्रीडिंग सेंटर से आई खुशखबरी

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



▪ एक और गोडावण का जन्म, ब्रीडिंग सेंटर में कुनबा बढ़कर पहुंचा 46

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले के सम गांव के पास स्थित सुदासरी के गोडावण ब्रीडिंग सेंटर से एक बार फिर खुशखबरी आई है। ब्रीडिंग सेंटर में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड यानी गोडावण के एक और चूजे का जन्म हुआ है। इससे पहले 9 मार्च को भी इसी सेंटर में एक चूजे का जन्म हुआ था। अब सुदासरी और रामदेवरा दोनों जगह मिलाकर गोडावण की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। नए चूजे को मादा गोडावण 'अमन' ने जन्म दिया है। राष्ट्रीय संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम के तहत मिली इस सफलता से वन्यजीव संरक्षण विशेषज्ञों और प्रकृति प्रेमियों में उत्साह है। डीएनपी के डीएफओ बृजमोहन गुप्ता ने बताया कि जैसलमेर के सुदासरी से आई इस खुशखबरी से हम सभी काफी उत्साहित है और सरकार द्वारा किए जा रहे गोडावण संरक्षा के प्रयास सफलता की ओर बढ़ते जा रहे हैं। एक ही महीने में दो बच्चों का जन्म लेना एक सुखद संकेत है। इससे इनकी संख्या में वृद्धि होगी। गुप्ता ने बताया कि रामदेवरा स्थित दोनों ब्रीडिंग सेंटरों में अब कुल 46 गोडावण हो गए हैं। इस सफलता के पीछे पांच साल की मादा गोडावण 'अमन' है। उसने 26 फरवरी को एक अंडा दिया था। कृत्रिम रूप से सेने के बाद 21 मार्च को इस अंडे से चूजे का जन्म हुआ, जिसे अब विशेष देखभाल में रखा गया है। इससे पहले इसी महीने 9 मार्च को मादा गोडावण 'रीवा' ने एक चूजे को जन्म दिया था। गौरतलब है कि वर्तमान में देशभर के जंगलों में मात्र 150 से भी कम गोडावण बचे हैं, जिससे यह बाघों से भी अधिक दुर्लभ प्रजाति बन चुकी है। गोडावण एक बड़ा पक्षी है, जिसकी लंबाई 1 मीटर और वजन 15 किलो तक होता है। यह राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के शुष्क घास के मैदानों में पाया जाता है। गोडावण राजस्थान का राज्य पक्षी भी है। जैसलमेर के थार मरुस्थल में इनकी सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई है।

# शिव विधायक की सुरक्षा बढ़ाई

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले के शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी की सुरक्षा एक बार फिर बढ़ा दी है। इंटेलिजेंस को मिले इनपुट के आधार पर पुलिस मुख्यालय से बाड़मेर पुलिस को विधायक की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश मिले है। हालांकि भाटी रविवार को मुंबई दौरे पर थे। इसलिए भाटी के बाड़मेर पहुंचने पर एक्स्ट्रा सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाएगी। बता दें कि जनवरी माह में पहले भाटी को दी गई एक्स्ट्रा सुरक्षा को हटाया गया था। दरअसल रविंद्र सिंह भाटी शिव से विधायक बनने के बाद लोकसभा चुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़ा था। इस दौरान भाटी को सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर जान से मारने की धमकियां दी गई थीं। इसके बाद समाज व अन्य संगठनों की ओर लगातार ज्ञापन देकर सुरक्षा देने की मांग की थी। तब राज्य सरकार ने अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ाई थी। पुलिस ने विधायक भाटी के सुरक्षा में दो पीएसओ लगाए थे, लेकिन अब एक्स्ट्रा पीएसओ (पुलिसकर्मियों) को 25 जनवरी को हटा दिया गया था। अब फिर से सुरक्षा कारणों व इंटेलिजेंस के इनपुट को देखते हुए पुलिस मुख्यालय से बाड़मेर पुलिस को विधायक की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश मिले है। विधायक भाटी के बाड़मेर पहुंचने पर अतिरिक्त सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाएगी।

विश्व क्षय रोग दिवस पर निकाली रैली

# नर्सिंगकर्मियों ने लगाए 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' के नारे

**217 पंचायतें टीबी मुक्त की श्रेणी में**

**बाड़मेर।** विश्व क्षय रोग दिवस पर बाड़मेर जिला स्वास्थ्य समिति टीबी की ओर से एक जागरुकता रैली निकाली गई। नर्सिंगकर्मी हाथों में अलग-अलग स्लोगन लिखीं तख्तियां लिए साथ में चलीं। तख्तियों पर टीबी हारेगा, देश जीतेगा जैसे स्लोगन लिखे थे। सीएमएचओ ने कहा कि टीबी को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। जिले में अब तक 217 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त क्राइटेरिया में आई है। ज्यादा जांच स्क्रीनिंग से भारत टीबी मुक्त होगा। दरअसल, देश भर में टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसको लेकर सोमवार को विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरुकता रैली निकाली गई है। यह रैली हॉस्पीटल परिसर से शुरू हुई, जो शहर के मुख्य रास्तों से होते हुए वापस हॉस्पीटल परिसर पहुंची। इस दौरान गर्ल्स नर्सिंगकर्मियों ने टीबी हारेगा, देश जीतेगा नारे लगाए। सीएमएचओ ने कहा कि टीबी होने पर उसको ठीक होने में काफी समय लगता है। केन्द्र सरकार की ओर से टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। टीबी मुक्त करने के लिए पहले ग्राम पंचायत को मुक्त करने का टारगेट है। इसके बाद पूरा देश टीबी मुक्त होगा। इसको देखते हुए जागरुकता रैली निकाली गई है ताकि लोग टीबी के लक्षण दिखने पर समय पर चैक करवाएं। हमारा टारगेट है कि एक हजार पर 30 बलगम जांच हों।



# बालोतरा में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की कार्यशाला

▸▸ प्रेक्षा ध्यान और योग का प्रशिक्षण दिया



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** बालोतरा में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या साध्वी रति प्रभा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र और नौ मंगल भावना के संगान से हुई। महिला मंडल अध्यक्षा निर्मला संकलेचा ने सभी का स्वागत किया। साध्वी मेघ प्रभा ने प्रेक्षा ध्यान और इम्यूनिटी सिस्टम पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्वेत और लाल रक्त कणिकाएं शरीर को संक्रमण से बचाती हैं। साथ ही उन्होंने स्वस्थ खानपान और जीवनशैली का महत्व समझाया। साध्वी साम्य प्रभा ने विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास करवाया। इनमें प्राण मुद्रा, अपान मुद्रा और महाप्राण ध्वनि शामिल थे। डा. उज्जविता सजलानी ने इम्यूनिटी मजबूत करने के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली पर जोर दिया। प्रेक्षा वाहिनी ट्रेनर ममता गोलेच्छा ने प्रतिभागियों को योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल मंत्री रेखा बालड़ ने किया। इस कार्यशाला से सभी प्रतिभागियों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के प्रभावी उपाय सीखने को मिले।

# व्यापार जगत

चीन ने अमेरिका को हराया...!

# अलीबाबा ने बनाया एआई सिस्टम, सिर्फ चीनी चिप्स का इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में चीन और अमेरिका का मुकाबला कड़ा होने लगा है। फिलहाल इसमें बाजी चीन के हाथ में जाती हुई दिखाई दे रही है। दरअसल, चीन ने एक ऐसा एआई सिस्टम बनाया है, जिसमें चीन में बनी सेमीकंडक्टर चिप्स का इस्तेमाल किया गया है। इसे जैक मा की कंपनी एंट ग्रुप ने बनाया है। एंट ग्रुप जैक मा की कंपनी अलीबाबा की सहायक कंपनी है। जैक मा कभी न केवल चीन बल्कि एशिया के भी सबसे अमीर शख्स रहे हैं। कंपनी का दावा है कि इस एआई मॉडल की कीमत सामान्य एआई मॉडल के मुकाबले 20 फीसदी कम है। जैक मा की इस खबर के सामने आने के बाद चीन की एक मेडिकल कंपनी के फाउंडर अरनॉड बर्ट्रेंड ने एक्स पर एक पोस्ट की है। इसमें उन्होंने लिखा है कि चीन ने अमेरिका को हरा दिया है। ऐसा इसलिए क्योंकि दुनियाभर में अमेरिकी कंपनियों की चिप्स की डिमांड है। इसमें अमेरिकी कंपनी एनवीडिया सबसे आगे है। अब एआई में चीन अपनी पकड़ तेजी से मजबूत बना रहा है। चीनी एआई चैटबॉट डीपसीक के बाद चीन की एक और बड़ी उपलब्धि है।



### ▸▸ किन कंपनियों के चिप्स का इस्तेमाल?

एंट ग्रुप ने घरेलू चिप्स का इस्तेमाल किया। इसमें अलीबाबा और Huawei Technologies जैसे सहयोगी कंपनियों के चिप्स शामिल थे। इन चिप्स का इस्तेमाल 'मिक्सचर ऑफ एक्सपर्ट्स' नामक मशीन लर्निंग टेक्नोलॉजी का उपयोग करके मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया गया था। इसका रिजल्ट एनवीडिया कंपनी के H800 जैसे चिप्स के समान थे। एंट अभी भी AI विकास के लिए एनवीडिया का उपयोग कर रहा है।

### अमेरिका ने लगाई रोक

कुछ समय पहले अमेरिका ने कुछ सेमीकंडक्टर के चीन को निर्यात पर रोक लगाई है। इसमें एनवीडिया का H800 सेमीकंडक्टर भी शामिल है। H800 सबसे उन्नत नहीं है, लेकिन यह एक शक्तिशाली प्रोसेसर है। रोक के बावजूद चीन अमेरिका के सामने नई-नई चुनौतियां पेश कर रहा है। चीन के डीपसीक ने दिखाया कि कैसे OpenAI और Google की ओर से निवेश किए गए अरबों डॉलर की तुलना में बहुत कम लागत पर चीन एआई मॉडल बना सकता है। इसके लिए चीन की कंपनियां स्थानीय विकल्पों का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहीं हैं।

# शादियों के सीजन से पहले सोने के गिरे भाव

**नई दिल्ली।** शादियों के सीजन से पहले सोमवार को सोने के भाव गिर गए। बिना जीएसटी 24 कैरेट गोल्ड आज 324 रुपए सस्ता होकर 87845 रुपए पर खुला, जबकि चांदी के रेट में 18 रुपए का मामूली इजाफा हुआ है। आज चांदी 97638 रुपए प्रति किलो की दर से खुली। बता दें 20 मार्च को पहली बार सोना 88761 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा था। जबकि, चांदी 18 मार्च को 100400 रुपए प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पहुंची थी। ये रेट बिना जीएसटी के हैं। अगर 3 पर्सेंट जीएसटी जोड़ लें तो आज सोने के भाव 90480 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी के 100567 रुपए प्रति किलो पर पहुंच रहे हैं। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपए का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी आज 323 रुपए सस्ता होकर 87493 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव दोपहर 1 बजे के करीब 297 रुपए कम होकर 80466 रुपये पर खुला। 18 कैरेट गोल्ड का भाव भी 243 रुपए सस्ता होकर 65884 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 190 रुपए गिरकर 51389 रुपए पर आ गई है। मार्च में अब तक सोना 2789 रुपए और चांदी 4158 रुपए उछल चुकी है। 28 फरवरी को सोने का भाव 85056 रुपए था। जबकि चांदी की कीमत 93480 रुपए। साल 2025 में अब तक सोना 12105 रुपए और चांदी 11621 रुपए महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 75740 रुपए पर बंद हुआ था। चांदी भी 86017 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी।



## आप का राशिफल 25 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-5-7९-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को ह): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पारिवारिक विवाद टाले। शुभांक-1-3-4

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बांधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो द): घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-2-4-5

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शांतिपूर्वक नित्य कार्य करे। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-1-3-5

इरेडा के शेयरों में करीब 12% की उछाल

# बोर्ड मीटिंग से पहले दांव लगाने की होड़

**मुंबई।** इरेडा के शेयरों की कीमतों में आज फिर से तगड़ी उछाल देखने को मिली।
कंपनी के शेयरों का भाव सोमवार को करीब 12 प्रतिशत की तेजी के बाद बीएसई में 173.30 रुपए के लेवल पर पहुंच गया। यह लगातार दूसरा कारोबारी दिन है, जब इरेडा के शेयरों में तेजी देखने को मिली है।
बता दें कि बड़ी संख्या में इस सरकारी कंपनी के शेयरों को खरीदने के लिए ऑर्डर दिए गए। इरेडा के शेयरों में बीते हफ्ते 11 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई थी। जो कि इस साल सबसे बड़ी साप्तहिक तेजी थी। सरकारी कंपनी ने पिछले हफ्ते अपना पहला परपेचुअल बॉन्ड को लॉन्च किया था। कंपनी के इस बॉन्ड का साइज 1247 करोड़ रुपए था। इसका एनुअप कूपन रेट 8.40 रुपए थे।



### इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से मिली बड़ी राहत

▪ बीते हफ्ते इरेडा ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया था कि 19 मार्च 2025 को 24.48 करोड़ रुपए का रिफंड मिला था। यह एसेसमेंट ईयर 2011-12 का मामला था। इसके अलावा कंपनी ने बताया कि 195 करोड़ रुपए का रिफंड प्रोसेस में है, जो आने वाले समय में मिल सकता है। मंगलवार को कंपनी की बोर्ड मीटिंग है। इसी मीटिंग से वित्त वर्ष 2025-26 के प्लान को लेकर चर्चा की जाएगी।

रॉकेट की रफ्तार से दौड़ेगा देश अगर...

# नितिन गडकरी ने बता दिया राह में अड़ंगा कौन?



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी खुलकर अपनी बात रखते हैं। उन्होंने अर्थव्यवस्था के तमाम पहलुओं पर अपनी राय साझा की है। वह मानते हैं कि लॉजिस्टिक्स की लागत अर्थव्यवस्था के सामने एक बड़ी समस्या है। यह लागत 14-16 फीसदी है। इसे घटाकर 9 फीसदी तक लाने की जरूरत है। गडकरी ने यह भी कहा है कि अगले दो सालों में भारत की कृषि विकास दर 20 फीसदी रहने की उम्मीद है। केंद्र सरकार की पहली प्राथमिकता कृषि क्षेत्र को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना और ज्यादा नौकरियां पैदा करना है। गडकरी ने ये बातें हाल में एक कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि देश की लगभग 65 फीसदी आबादी गांवों में रहती है। लेकिन वे विकास में केवल 12 फीसदी का योगदान करते हैं। भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और दुनिया में तीसरा स्थान हासिल करने के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि बहुत महत्वपूर्ण हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा कि सरकार सिंचाई क्षेत्र को बढ़ावा देने पर काम कर रही है। हमें दुनिया की सबसे सफल तकनीक की जरूरत है। कृषि अर्थव्यवस्था ग्रामीण क्षेत्र में अधिक नौकरियां पैदा करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि 3 लाख करोड़ रुपए की लागत वाली परियोजनाओं के साथ 36 ग्रीन हाईवे बनाए जा रहे हैं, जो बंदरगाहों को जोड़ेंगे। इससे देश में लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में मदद मिलेगी। गडकरी ने कहा कि अर्थव्यवस्था के सामने बुनियादी समस्या लॉजिस्टिक्स की लागत है, जो 14-16 फीसदी है।

## राजस्थान दिवस उत्सव 25 से, विभिन्न कार्यक्रम होंगे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में राज्य सरकार वृहद् स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। 25 से 31 मार्च तक प्रदेशभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश के गरीब, युवा, महिला और किसानों को विशेष सौगातें दी जाएगी। इसके साथ ही निवेश उत्सव, सुशासन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यं म भी आयोजित होंगे। 25 से 31 मार्च तक होंगे। 25 मार्च को अपरान्ह 3 बजे महिला सम्मेलन आदर्श स्टेडियम बाड़मेर से शुरु किया जाएगा। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन राजकीय महाविद्यालय सिरोही (विज्ञान भवन) के छात्रा कक्ष में आयोजित किया जाएगा। इस महिला सम्मेलन में महिला एवं बाल विकास विभाग की लाडो प्रोत्साहन योजना व टेक होम राशन, पंचायतीराज विभाग की बर्तन बैंक योजना, ग्रामीण विकास विभाग की सोलर दीदी व महिला समूहो को सीआईएफ राशि का हस्तान्तरण एवं राजीविका मेला बीकानेर हाउस दिल्ली का उदघाटन, ऊर्जा विभाग/आर.आर.ई.सी. इंडेक्शन कुक टाप वितरण, कॉलेज शिक्षा विभाग की पुस्तकालय/रीडिंग रूम व विवेकानन्द स्कॉलरशिप के चयन पत्र वितरण एवं कालीबाई भील योजना के अन्तर्गत स्कूटी वितरण, स्कूल शिक्षा विभाग की गार्गी पुरस्कार योजना, बालिका प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना, रसद विभाग की रसोई गैस योजना के लाभार्थियों को गैस सब्सिडी वितरण तथा जिलो से विविध सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 26 को किसान सम्मेलन, 27 को गरीब एवं अत्योंदय, 28 को सुशासन समारोह 29 को युवा एवं रोजगार उत्सव, 30 को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 31 मार्च को निवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर अल्पा चौधरी ने समस्त विभागीय कार्यक्रमों के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ दिनेश राय सापेला को बनाया गया है। साथ ही संबंधित समारोह के संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी नोडल अधिकारी रहेंगे।

## धूमधाम से मनाएंगे दादी रतनमोहिनी का जन्मदिन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** ब्रह्माकुमारीज विश्व विद्यालय की मुख्य प्रशस्तिका तथा संस्थान की संस्थापना के समय से सहयोगी रही राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का 101 वां जन्म दिवस 25 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शांतिवन के विशाल डायमंड हॉल में कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें देश विदेश से आये हजारों की संख्या में संस्था के सदस्य शामिल होंगे।

## यात्री सुविधाओं की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** पैसेंजर ऐसोसिएशन के सागरमल अग्रवाल ने डीआरएम को ज्ञापन सौंपा। यात्री सुविधाओं की मांग की। ज्ञापन के अनुसार एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 19735-19736 को साबरमती तक बढ़ाने की मांग की। साथ ही मारवाड़ जं सें आबूरोड के बीच पूर्व में सचालित दो पैंसनर ट्रेने 5अप व 6 डाऊन को फिर से शुरु करने, साबरमती- आबूरोड शटल का समय परिवर्तित कर साबरमती- मारवाड़ जं तक एक्सटेंशन करने, गांधीनगर में आरओबी के पास आरयूबी का निर्माण करवाने डीएमओ को प्लेटफार्म एक से चलाने की मांग की गई हैं।

# गौतम ऋषि मेला व गंगा अवतरण मुहूर्त को लेकर बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** समीपवर्ती चोटिला गांव के पास में गौतम ऋषि महादेव मन्दिर में मीणा समाज के आराध्य देवता गौतम ऋषि का मेला प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष मेला एवं मेले गंगा मैया के आगमन का मुहूर्त निकालने को लेकर समाज के पंच पटेल, पूर्व ट्रस्टी, परगना सदस्य, युवाओं,पूर्व पदाधिकारी एवं सदस्य अंतरिम प्रबंध समिति गौतम ऋषि ट्रस्ट मीणा समाज ग्यारह परगना सिरोही, जालोर,पाली मंदिर व मेला में हित रखने वाले समस्त समाज बंधुओं की गौतम ऋषि मंदिर न्याय हक जाजम में बैठक आयोजित की गईं। 6 बजे से 9.30 बजे पंडित नरेन्द्र कुमार की ओर से समाज की जाजम न्याय हक पर मंत्रोचारण कर मेला एवं गंगा मैया आगमन व पूजन का मुहूर्त तिथि एवं समय निर्धारित कर मेले की पत्रिका लिखी गई।

### यह रहेगा गंगा अवतरण का मुहूर्त

पंडित नरेन्द्र कुमार के आदेशानुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष संवत 2082 शक 1947 वैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा(द्वितीय) में गंगा मैया का आगमन एवं पूजन वैशाख वदी एकम सोमवार को सूर्योदय से पहले सुबह 4 बजकर 55 मिनिट से 6 बजकर 10 मिनिट ( मध्यरात्रि रविवार पश्चात) रहेगा। चन्द्र तुला राशि सूर्य मेष लग्न मीन रहेगा। मेला प्रारम्भ तेरह अप्रेल वैशाख वदी एकम रविवार । गंगा आगमन व पूजा 14 अप्रेल वैशाख वदी एकम सोमवार को सूर्योदय से पहले प्रात 4 बजकर 55 मिनिट से 6 बजकर 10 मिनिट पर रहेगा। मेला समाप्ति 15 अप्रेल को होगी।



### यह थे बैठक में मौजूद

बैठक बाबूलाल मीणा, जैसाराम, नेमाराम, रामाराम पोसालिया, प्रहलादराम, कूपाराम, अनाराम, शोभाराम, गौगाराम, मोतीराम, तगाराम, भैराराम, वीसाराम, गोमाराम, भेरुशंकर, रमेश कुमार, कन्हैयालाल,मोहन लाल, पुखराज, हिम्मताराम सरपंच, दिनेश कुमार, सरूपाराम सहित सैकड़ों पंच पटेल उपस्थित रहे ।

## आइएफडब्ल्यूजे प्रदेश सचिव का किया स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे के नवनियुक्त प्रदेश सचिव और जोधपुर संभाग के प्रभारी विक्रमसिंह करनोत का सोमवार को स्वागत- अभिनंदन किया गया। संगठन की शिवगंज उपखंड इकाई द्वारा आयोजित इस अभिनन्दन समारोह में शिवगंज शहर भाजपा की ओर से नगर मंडल अध्यक्ष ताराराम कुमावत ने करनोत को साफा पहनाकर स्वागत किया तो यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रकाश राज मीणा ने करनोत को माला पहनाकर एवं जिलाध्यक्ष अशोक कुमावत को नवभारत चैरिटेबल ट्रस्ट के संचालक एवं अध्यक्ष पंकज राज मेवाड़ा ने साफा व स्नेक लवर अशोक सोनी ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर राजपूत समाज के प्रबुद्धजनों की तरफ से भी नारायण सिंह बागसीन और राजेंद्रसिंह मुंडी व पूरणसिंह ने करनोत को साफा और माला पहनाकर स्वागत किया।। शिवगंज उपखंड इकाई के अध्यक्ष जैसाराम माली, महासचिव महेंद्र माली, किशोर परिहार, नारायण माली पोसालिया, सेसाराम, जगदीश कुमार द्वारा नवनियुक्त प्रदेश सचिव को साफा और मालाएं पहनाकर संगठन की और से भव्य स्वागत किया गया। स्वागत अभिनन्दन समारोह के दौरान पर्यावरण प्रेमी ओम प्रकाश कुमावत की प्रेरणा से डाक बंगला परिसर में पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे के पदाधिकारियों ने दो परिंडे भी बांधे और उनमें पक्षियों के लिए नित्य पानी का प्रबंधन करने वचन भी दिया।

## सेन समाज काबरी चौखला के प्यारचंद अध्यक्ष व महेश महामंत्री बने

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमन्द।** काबरी महादेव सेन समाज चौखला की बैठक निवर्तमान अध्यक्ष नाथूलाल सेन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में साल भर का आय व्यव का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। समाज मे व्याप्त कुरीतियों को मिटाने, समाज में कन्या शिक्षा को बढ़ावा, समाज सुधार के विभिन बिंदुओं पर चर्चा की गई। उसके बाद नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष प्यारचंद सेन झोर, व उपाध्यक्ष सोहन लाल फूंकिया, मानक सेन सरदारगढ़, महामंत्री एडवोकेट महेश सेन, अनिल सेन आगरिया, शंभुलाल पिपली अहिरान, मंत्री मांगीलाल सेन कुंवारियां, शांति लाल सरदारगढ़, प्रकाश सेन कलामता खेड़ा, कोषाध्यक्ष सोनू सेन गलवा, सह कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सेन गोवलिया, मीडिया प्रभारी शांति लाल भादला, पप्पु दोवड़ा, कालूलाल लोडियाना, व्यवस्था मंत्री हरिराम फूंकिया, किशन कलामता खेड़ा, सुखलाल खण्डेल, जगदीश नेगडिया खेड़ा, घासीराम झोर सुरेश राम लाल सरदारगढ़, संगठन मंत्री बद्रीलाल कलामता खेड़ा, गोपाल मुरडा, भगवती लाल छापरी, कैलाश भिलमगरा, श्याम लाल डिंगरोल, खेल मंत्री मुकेश गोसुंडी सह खेल मंत्री सुनील डिंगरोल, कुशल गोसुंडी सनी देवरिया,पवन पिपली अहिरान, भेरू झोर, कार्यं म मंत्री नाना लाल देवरिया, कालू गलवा,रोशन फियावड़ी, शंकर पिपली अहिरान, कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सरदारगढ़, पारस डिंगरोल, बाबूलाल आगरिया, शंकर लाल बिनोल, भंवर लाल बिनोल, प्रकाश वनाई, बद्रीलाल वनाई, श्याम लाल उलपुरा उदयराम गिरडिया, उदयराम साथ ही सरंक्षक शंकर लाल लोडियाना, शंकर लाल लापस्या, कालूलाल कुंवारियां, श्याम लाल गोसुंडी, शंकर लाल सरदारगढ़, नाथू लाल गलवा, सम्पत लाल वनाईको मनोनीत किया। इस अवसर पर सैन समाज के मातृ कुंडिया अध्यक्ष नंदाराम सेन फरारा चारो चौखला अध्यक्ष केशूलाल सेन, फरारा मंडल अध्यक्ष सम्पत लाल सेन, कोटेश्वर मंडल अध्यक्ष देवीलाल सेन, दुर्गा कुंड अध्यक्ष किशन लाल सेन राष्टीय नाई महासभा जिलाध्यक्ष बाबू लाल सेन सहित सेकड़ो समाज जन उपस्थित थे। कार्यं म का संचालन महेश सेन ने किया।

## माधव विश्वविद्यालय में अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम आयोजित

### जैविक कृषि की नई तकनीक पर छात्रों ने प्रयोग किया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर में अंतिम वर्ष के बीएससी एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों को अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जैविक कृषि की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने बायो-फर्टिलजिरेटर एवं यूनिट की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके अंतर्गत उन्होंने जीवामृत, स्वामीमृत, अमृत जल, दशपर्णी, ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र जैसे बायोलॉजिकल गैस तैयार करने पर प्रयोग किया। इन तकनीकों के उपयोग से बैंगन, टमाटर, काली मिर्च, पत्ता गोभी जैसी फिल्मों पर अत्यंत सकारात्मक परिणाम देखने को मिलते हैं। माधव यूनिवर्सिटी के डॉ. प्रिंस ने कहा कि नवीनतम कृषि तकनीक को अपनाकर छात्र न केवल अपने भविष्य को संवार सकते हैं, बल्कि देश की कृषि प्रणाली में भी सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। अध्यक्ष डॉ. राजीव मथुर ने बताया कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को रोजगार परक शिक्षा देना है और उन्हें बेरोजगार एवं औद्योगिक उद्योग रेडी बनाना है। डॉक्टर डॉ. भावेश कुमावत ने कहा कि हम विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय तकनीकी एवं नवीन तकनीकों से युक्त शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, जिससे वे भविष्य में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें।कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के अधिष्ठाता डॉ. वी. आर. पटेल ने छात्रों के लिए इस कार्यक्रम को अत्यंत प्रतिभाशाली छात्रों के लिए आयोजित किया और कहा कि छात्रों और छात्रों के संयुक्त प्रयास से ही यह कार्यं म सफल हो रहा है। कॉलेज के निदेशक डॉ. गीतम सिंह ने कहा कि हम छात्र तकनीकी रूप से आबाद हो रहे हैं ताकि वे कृषि क्षेत्र में नवाचारों को व्यवहारिक रूप से लागू कर सकें और देश के कृषि विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई कट्टरपंथी व्यक्ति, शिक्षकगण छात्र एवं उपस्थित रह रहे हैं। इस कार्यं म से विद्यार्थियों को निर्दिष्ट ज्ञान के साथ-साथ कृषि में आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की दिशा भी प्रदान की गई।

## हिंदू नव वर्ष महोत्सव समिति गठित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में हिंदू धर्म यात्रा, महाआरती की तैयारी को लेकर चमत्कारी हनुमान मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। हिंदू जागरण मंच के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सच्चिदानंद झा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हिंदू जागरण मंच जिला सहसंयोजक गोविंद मालवीय का सानिध्य रहा। हिंदू नव वर्ष महोत्सव समिति का गठन किया गया। जिसमें हिंदू नव वर्ष महोत्सव समिति मे सरस सिंह चौहान को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। समिति के उपाध्यक्ष छतर सिंह देवड़ा, समिति के उपाध्यक्ष मनीष पांचाल, समिति के सचिव गोविंद मालवीय, सहसचिव हेमेंद्र मरमट, सच्चिदानंद झा, कौशिक लोहार, देवराज सिंह राठौड़, गोविंद राठौड़, धर्मेंद्र पवार, मनीष सोनी, गोविंद मेवाड़ा, पोपटलाल मेघवाल को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

## मोही में किया सामूहिक दशा माता का पूजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** मोही कस्बे मे आश्रम के पास स्थित पीपल के पेड़ के नीचे सोमवार को गांव की हजारों की तादात में महिलाओं ने सामूहिक दशा माता का पूजन किया। गांव की महिलाएं शुभ मुहूर्त में घर की दशा अच्छी रहे इसी कामना के साथ पूजा की गई। इसके बाद कहानी श्रवण कर व्रत खोला गया।



## न्यूज़ ब्रीफ

### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजनैतिक दलों की बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन विभाग से जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी एवं सिरोही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) हरिसिंह देवल ने निर्वाचन के विभिन्न एप्प के बारे में जानकारी दी। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतदाता सूचियों, मतदान केन्द्रों की दूरी व सुविधाओं इत्यादी के बारे में जानकारी दी।

### एबीवीपी ने सपा सांसद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इकाई के कार्यकर्ताओं ने सपा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। राणा सांगा का अपमान करने वाले सपा सांसद के खिलाफविरोध प्रदर्शन किया। राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा उसका पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया गया। राणा सांगा राष्ट्र के महान योद्धा और स्वाभिमान का प्रतीक है। जिला संयोजक छतरसिंह देवड़ा ने कहा कि महाराणा सांगा हमारे राष्ट्र के स्वाभिमान है। उनके नेतृत्व में पूरे भारत ने एक जुट होकर मुगलों और लोधी से युद्ध लड़ कर पराजित किया था। शरीर पर 80 घाव होने के बावजूद सौ से ज्यादा युद्ध में विजय रहे। ऐसे महान योद्धा का अपमान करने वाले सपा सांसद की मानसिक संतुलन खराब हो गया है। यह समाजवादी पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है कि वह किस प्रकार हमारे इतिहास और संस्कृति का नाश करने की मानसिकता रखते है। इस मौके पर इकाई अध्यक्ष पलक झा, इकाई सचिव जयपाल सिंह खींची, पवन कुमार, उज्जवल अग्रवाल आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हाइकोर्ट के आदेश से राणावत क्षेत्रीय वन अधिकारी रूप में पुनः पद स्थापित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** रेंज सिरोही के क्षेत्रीय वन अधिकारी किशन सिंह राणावत को संभागीय मुख्य वन संरक्षक, जोधपुर के आदेश क्रमांक 9829-33 के जरिए 27 दिसम्बर को निलंबित जाने पर किशन सिंह राणावत क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय द्वारा निलंबन आदेश के विरूद्व राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में याचिका एस. बी. सिविल रिट पिटीशन दायर की गई। जिसमें न्यायाधीश राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने आठ जनवरी को स्थगन (स्टे) आदेश पारित किया जाने से नौ जनवरी को रेंज सिरोही का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। स्थगन आदेश दिए जाने के उपरांत भी प्रधान मुख्य वन संरक्षक राजस्थान जयपुर की ओर से राणावत के प्रति द्वेष भावना रखते हुए आदेश द्वारा राणावत को अन्यत्र स्थानांतरित किए बिना ही रतन सिंह क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय को रेंज सिरोही का चार्ज दिया गया तथा राणावत को उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर करने से मना किया गया। दायर याचिका में राणावत के अधिवक्ता अंकित चौधरी द्वारा प्रस्तुत तर्को एवम तथ्यों के आधार पर न्यायाधीश डबल बेंच, राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने वन विभाग को फटकार लगाते हुए 19 अप्रेल को रतनसिंह को एक सप्ताह में अन्यत्र पदस्थापित करने का आदेश एवम राणावत को पुनः सिरोही रेंज में पद-स्थापन के आदेश पारित किया।

### माइनिंग समस्याएं, उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को राजसमन्द माइनिंग सम्बंधित समस्या को लेकर कुम्भलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिह राठौड़ की उपस्थिति में माइंस एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव सिह राठौड़ एवं भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष मानसिंह बाहरठ के नेतृव में उदयपुर एयरपोर्ट पर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि राजसमन्द मार्बल की स्थिति पहले से ठीक नहीं है ऊपर से समय इसी नहीं मिलने से माइंसे बंद होंने की कगार पर है। माइंस सम्बंधित समस्या को कोई ठोस हल निकालना चाहिए। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आश्वस्त किया के में इस सम्बंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात कर इस समस्या का समाधान कराएगी। इस दौरान अशोक रांका, माधव चौधरी, कुलदीप सिंह, ताल नर्बदा शंकर पालीवाल, गोपाल कृष्ण पालीवाल, जवाहरलाल जाट इत्यादि मौजूद थे।

## हिन्दू नववर्ष पर शोभायात्रा में शामिल होंगी मातृशक्ति



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** सर्व हिन्दू समाज व हिन्दू नववर्ष समारोह समिति के तत्वावधान में 30 मार्च को होने वाली विराट धर्मसभा एवं शोभायात्रा में राजसमंद शहर के प्रत्येक गली मोहल्लों से मातृशक्ति कलश यात्रा में शामिल होंगी। महिलाएं केसरिया और पीले परिधान में सुसज्जित होकर नगर में परम्परागत मंगल गीत गाते हुए चलेंगी। समिति के प्रचार प्रसार प्रमुख ने बताया कि शोभायात्रा बालकृष्ण स्टेडियम कांकरोली से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से निकलेगी। शोभायात्रा में गाजे-बाजे के साथ 21,000 महिलाएं मंगल कलश सिर पर धारण करके चलेंगी। शहरी क्षेत्र को 42 बस्तियों में बांटा गया है और इन सभी बस्तियों में सहयोगी समितियां बनाई गई हैं। इन सभी क्षेत्रों में अलग-अलग मातृशक्ति की टोलियां मंदिरों में दशामाता की कथा श्रवण कर रही महिलाओं सहित महिला संगठनों, सामाजिक संगठनों, जाति- बिरादरी प्रमुखों से कलश यात्रा में शामिल होने का आग्रह कर पंजीयन कर रही हैं। समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से महिलाओं को बसों की सहायता से शोभायात्रा स्थल तक लाया जाएगा। इधर शहर में शोभायात्रा को भव्य बनाने को लेकर जगह-जगह समाज-संगठनों की बैठकों के दौर के साथ गृह संपर्क अभियान भी जारी है। 27 मार्च को भगवा वाहन रैली की तैयारियां उत्साह से चल रही हैं।

## करवाया रोजा इफ्तार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** सातपुर की राजपूत नवयुवक समिति के तत्वावधान में रमजान में फैजाने आला हजरत मदरसा में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। गांव में हिन्दू-मुस्लिम एकता के साथ साम्प्रदायिक सदभावना व सौहार्द का सन्देश दिया। समिति ने रोजेदारों का स्वागत कर रमजान की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर समिति के हितेन्द्र सिंह, पुरेन्द्र सिंह, भवर सिंह, युवराज सिंह, दिनेश भाई, हाजी वजीर खान, यासीफ पठान एडवोकेट, नियामतुल्ला खान, आरिफ खान, हैदर पठान, सुल्तान खान, रहीस खान, नासिर खान, इनायत भाटी, इमरान खान, उज्जर खान, सलीम खान, साबिर खान, चंगेज खान, हबीब खान आदि मौजूद थे।

# दम दिखाने को तैयार गुजरात-पंजाब





नई दिल्ली। आईपीएल 2025 की शानदार अंदाज में शुरुआत हो चुकी है। अब 25 मार्च को पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबला खेला जाएगा। पंजाब की कमान श्रेयस अय्यर के हाथों में है। वहीं गुजरात की कमान शुभमन गिल के हाथों में है। दोनों टीमों का पहला मुकाबला होगा। ये दोनों टीमें जीत दर्ज करने की कोशिश करेंगी।

## शुभमन गिल पर प्रभावशाली खेल दिखाने का दबाव

बता दें कि, साल 2022 और 2023 में आईपीएल फाइनल तक का सफर तय करने वाली गुजरात टाइटंस पर इस सीजन में भी सबकी निगाहें टिकी होंगी। अपना चौथा सीजन खेलने जा रही गुजरात टाइटंस ने अपने संक्षिप्त आईपीएल इतिहास में प्रभावशाली खेल दिखाया है। टीम ने साल 2022 में पहले ही सीजन में खिताब जीतकर कमाल कर दिया। 2023 में भी यह टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक पहुंची थी। लेकिन 2024 सीजन में गुजरात टाइटंस टीम की लीडरशिप में काफी बदलाव हुए। हार्दिक पांड्या टीम से बाहर हो गए और युवा शुभमन गिल के हाथों में कमान आ गई। टीम का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा और प्वाइंट टेबल पर 8वें नंबर पर रही।

नए मालिक के साथ 2025 में भी शुभमन गिल गुजरात की कमान संभालेंगे और उन पर टीम की पिछली सफलताओं को दोहराने की जिम्मेदारी है। मोहम्मद शमी, नूर अहमद और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी टीम का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन से सबको चौंकाने वाले ग्लेन फिलिप्स शामिल हैं। गेंदबाजी डिपार्टमेंट की कमान इस बार मोहम्मद सिराज और कृष्णा के कंधों पर होगी।

## जोस बटलर सबसे महंगे खिलाड़ी



आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी के दौरान गुजरात टाइटंस ने राशिद खान, शुभमन गिल जैसे टॉप खिलाड़ियों को अपने पास बरकरार रखा। अफगानिस्तानी खिलाड़ी राशिद खान पर एक बार फिर सभी की निगाहें होंगी। पिछले सीजन में राशिद कोई खास कमाल नहीं कर पाए थे, लेकिन इस बार उनसे खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद की जाएगी। इसके अलावा टीम ने जोस बटलर को 15.75 करोड़ रुपए में लिया है। जोस बटलर टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं और उनसे इस सीजन उम्मीद की जा रही है कि वे आक्रामक खेल दिखाएंगे। सिराज पर 12.25 करोड़ रुपये का दांव खेला गया है। सिराज के लिए आईपीएल के कई सीजन ज्यादा खास नहीं रहे हैं। पिछले दिनों उनका फॉर्म गिरा है और इस कारण उन्हें टीम इंडिया से भी बाहर होना पड़ा है। आरसीबी की तरफ से कई सीजन खेलने के बाद अब उनका नया पता गुजरात है और ऐसे में सिराज अपने प्रदर्शन के जरिए आलोचकों को जरूर जवाब देना चाहेंगे। अनुभवी तेज गेंदबाज रबाडा को 10.75 करोड़ रुपये में लिया गया है। रबाडा के आने से टीम के गेंदबाजी डिपार्टमेंट में काफी सुधार आने की उम्मीद है। उन्होंने पिछले कई सीजन में अपनी गेंदबाजी से काफी प्रभावित किया है। इसके अलावा, प्रसिद्ध कृष्णा पर 9.5 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

# बीसीसीआई के नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान

## 16 महिला खिलाड़ियों को मिली जगह

**नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान कर दिया है। इस बार कुल 16 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है। जिसमें से 3 खिलाड़ी ग्रेड ए में शामिल किए गए हैं। वहीं, 4 खिलाड़ी ग्रेड बी और 9 खिलाड़ी ग्रेड सी का हिस्सा हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने साल 2024-25 के लिए महिला क्रिकेटर्स की नई कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी कर दी है। बीसीसीआई ने इस बार टीम इंडिया की 16 महिला खिलाड़ियों को सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिए जाने का ऐलान किया है। बीसीसीआई ने महिला क्रिकेटर्स की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट को तीन कैटेगरी में बांटा है। 16 में से 3 खिलाड़ियों को ग्रेड ए में रखा है।**




वहीं, ग्रेड बी में 4 खिलाड़ी अपनी जगह बनाने में कामयाब रही हैं। इनके अलावा 9 खिलाड़ियों को ग्रेड सी में जगह दी गई है। ये कॉन्ट्रैक्ट 1 अक्टूबर, 2024 से 30 सितंबर, 2025 तक के लिए है। बीसीसीआई ने ग्रेड ए में कप्तान हरमनप्रीत के अलावा स्मृति मंधाना और दीप्ती शर्मा को ग्रेड ए कैटेगरी में जगह दी है। वहीं बी ग्रेड में 4 खिलाड़ियों को जगह मिली है। ये 4 खिलाड़ी रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष और शेफाली वर्मा हैं। इनके अलावा यस्तिका भाटिया, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, स्नेह राणा और पूजा वस्त्रकार को ग्रेड सी में रखा गया है। बोर्ड ने प्रेस रिलीज करते हुए इसका ऐलान किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्रेड ए में शामिल हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और दीप्ती शर्मा को 50-50 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं, रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष और शेफाली वर्मा को 30-30 लाख रुपए दिए जाएंगे। इनके अलावा ग्रेड सी में शामिल सभी 9 खिलाड़ियों को साल के 10-10 लाख रुपए मिलेंगे। पिछले साल भी तीनों ग्रेड के लिए यही रकम दी गई थी।

## पुरुषों के मुकाबले काफी कम पैसा

बता दें, बीसीसीआई महिला और पुरुष खिलाड़ियों को एक जैसी मैच फीस देती है। लेकिन सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में बहुत बड़ा अंतर है। पुरुष खिलाड़ियों की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में चार कैटेगरी हैं, जिसमें ग्रेड ए प्लस भी, इस ग्रेड के खिलाड़ियों को 7 करोड़ रुपए मिलते हैं। वहीं, ग्रेड ए कैटेगरी में 5 करोड़ रुपए, ग्रेड बी में तीन करोड़ रुपए और ग्रेड सी में शामिल खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपए सलाना मिलता है।

# भोजपुरी में कमेंट्री सुनना पसंद : महेंद्र सिंह धोनी

बोले- 'मजा ही आ जाता है



**नई दिल्ली।** एमएस धोनी ने आईपीएल में क्षेत्रीय भाषा की कमेंट्री की पहल की सराहना की है। उन्होंने भोजपुरी कमेंट्री की प्रशंसा की और इसे "ऊर्जावान" बताया। धोनी ने कहा है कि मुझे भोजपुरी कमेंट्री पुराने जमाने की रेडियो कमेंट्री की याद दिलाती है। सुनकर मजा आ जाता है। भोजपुरी ने आईपीएल 2023 के दौरान कमेंट्री फीड में अपनी शुरुआत की है। इस साल, आईपीएल का 18वां सीजन 16 फीड पर लाइव स्ट्रीमिंग कर रहा है, जिसमें 12 भाषाएं अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, हरियाणवी, बंगाली, भोजपुरी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, गुजराती और पंजाबी शामिल हैं। धोनी ने कहा, "मैंने क्षेत्रीय भाषा की कमेंट्री ज्यादा नहीं सुनी है क्योंकि जब हम लाइव मैच देखते हैं, तो रिप्ले सीमित होते हैं और ज्यादातर कमेंट्री मैं अंग्रेजी या हिंदी में सुनता हूं। इससे हमें खेल का बेहतर विश्लेषण करने में मदद मिलती है। मुझे कमेंटेटरों की बातें सुनना भी पसंद है, क्योंकि उनमें से ज्यादातर पूर्व खिलाड़ी होते हैं। जबकि मैं एक सीजन में 17 मैच खेल सकता हूं, वे अलग-अलग टूर्नामेंट और देशों में सैकड़ों मैच कवर करते हैं। उनका अनुभव काफी ज्यादा है।''धोनी ने कहा, ''खिलाड़ी होने के नाते, हम अपनी टीम की ताकत और कमजोरियों को जानते हैं, लेकिन कमेंट्री सुनने से आपको एक बाहरी व्यक्ति का नजरिया मिलता है।

### जोफ्रा आर्चर पर नस्लीय टिप्पणी के बाद बढ़ा विवाद

# भज्जी पर बैन की मांग



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर पर नस्लीय टिप्पणी करके विवादों को हवा दे दी है। भज्जी इस समय आईपीएल 2025 में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे हैं। । जोफ्रा आर्चर के लिए हैदराबाद के खिलाफ मुकाबला अच्छा नहीं रहा। इसके कारण भज्जी की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई और उन्हें बैन करने की मांग तक उठी। बता दें कि, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को आईपीएल 2025 का दूसरा मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेला जा रहा था। भज्जी ने जोफ्रा आर्चर की बात करते हुए काली टैक्सी का उदाहरण दिया और फिर फैंस के गुस्से का शिकार बने। हरभजन सिंह ने मैच के दौरान कमेंट्री करते समय कहा, 'लंदन में काली टैक्सी का मीटर तेज भागता है और यहां पर आर्चर का साहब का मीटर भी तेज भागा है।'

# दीपक चाहर को बहन ने कहा 'कटप्पा'


## सीएसके को खुलेआम धोखा! मजेदार मीम वायरल

**नई दिल्ली।** दीपक चाहर ने चेन्नई सुपर किंग्स में रहकर एमएस धोनी से बहुत कुछ सीखा है। मगर IPL 2025 मेगा ऑक्शन में सीएसके सीएसकेउन्हें दोबारा खरीदने में नाकाम रही थी। आखिर में उन्हें मुंबई इंडियंस ने 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। इसलिए जब 23 मार्च को आईपीएल 2025 में चेन्नई और मुंबई का मैच हुआ तो दीपक चाहर अपनी ही पुरानी टीम के खिलाफ खेलते दिखे। वैसे मैच में सीएसके को 4 विकेट से जीत मिली, लेकिन दीपक चाहर ने गेंद और बल्ले से भी काफी बढ़िया प्रदर्शन करके दिखाया। इस बीच दीपक की बहन मालती चाहर ने अपने भाई को 'कटप्पा' कहकर संबोधित किया है। दरअसल, दीपक चाहर ने चेन्नई की पारी के दूसरे ओवर में ही राहुल त्रिपाठी को 2 रन के स्कोर पर आउट कर दिया था। इसके अलावा दीपक ने बैटिंग में 28 रनों का योगदान दिया था। चूंकि चाहर सीएसके के लिए खेल चुके हैं, इसलिए उनकी बहन ने कटप्पा का उदाहरण देकर ऐसे दर्शाया जैसे दीपक चाहर ने चेन्नई सुपर किंग्स को धोखा दे दिया है। मालती चाहर के इस मीम को खूब शेयर किया जा रहा है। आपको बता दें कि मैच समाप्त होने के बाद एमएस धोनी को मजाकिया अंदाज में दीपक चाहर को पीटते देखा गया था।



# म नो रं ज न

# राणातुंगा की लंका जलाएगा 'जाट'



सनी देओल की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जाट' का धमाकेदार ट्रेलर आ गया है। मेकर्स ने 24 मार्च को फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। इसमें सनी देओल फुल एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। वहीं, रणदीप हुड्डा ने भी महफिल लूट ली है। ट्रेलर को खूब पसंद किया जा रहा है और रिलीज से पहले ही ट्रेलर ने 'जाट' फिल्म को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है।'जाट' के ट्रेलर में सबसे पहले रणदीप हुड्डा की एंट्री होती है, जिन्होंने विलेन राणातुंगा का रोल निभाया है। उसके जुल्म से हर कोई परेशान है और उसके खिलाफ खड़े होने की कोई जुर्रत नहीं करता है। इसके बाद ट्रेलर में सनी देओल का किरदार जाट एंट्री मारता है और फिर ताबड़तोड़ एक्शन शुरू होता है। कभी वह भारी जंजीरों को अपने हाथों में लपेटकर गुंडों की पिटाई करते हैं, तो कभी बड़े सीलिंग फैन को उखाड़कर सबसे भिड़ जाते हैं। 2 मिनट 52 सेकेंड के ट्रेलर में सनी देओल छा गए हैं। हालांकि, रणदीप हुड्डा ने भी उन्हें कांटे की टक्कर दी है।

# कामरा के सपोर्ट में उतरीं जया-स्वरा



समय रैना के शो इंडिया गॉट लेटेंड का विवाद अभी पूरी तरह से शांत भी नहीं हुआ था कि अब स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने पंगा मोल ले लिया है। वो भी महाराष्ट्र के उपमुखयमंत्री एकनाथ शिंदे से। दरअसल कॉमेडियन ने नाम लिए बगैर एकनाथ शिंदे पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर विवादों में घिर गए हैं। सोमवार को मामला इतना बढ़ गया कि एफआईआर हो गई तो तोड़फोड़ भी देखने को मिली। इस बीच कुणाल कामरा को बॉलीवुड का सपोर्ट भी मिलता दिख रहा है। एक तरफ कामरा का एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने समर्थन किया तो दूसरी ओर सांसद-एक्ट्रेस जया बच्चन ने भी सपोर्ट किया। इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर स्वरा भास्कर ने इस मामले से जुड़े कई पोस्ट शेयर किए। कामरा की एक तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, "ट्रुथ। (सच्चाई)" वहीं, दूसरी पोस्ट में स्वरा, एकनाथ शिंदे पर तंज कसती नजर आईं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल 'हैबिटेट क्लब' का जिक्र करते हुए लिखा, "एकनाथ शिंदे यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हैबिटेट मुंबई के बाकी हिस्सों की तरह दिखे।"वहीं जया बच्चन ने कहा, 'अगर ऐसे ही बोलने पर पाबंदी लगती रही तो मीडिया वालों का क्या होगा। वो आप पर भी प्रतिबंध लगा रहे हैं। कल को कहेंगे कि जया बच्चन का इंटरव्यू मत लो। आखिर अब कहां है फ्रीडम ऑफ स्पीच। क्या बोलने की आजादी का एक्शन तभी होता है जब मारामारी होती है। विपक्ष वालों को मारो, महिलाओं का बलात्कार करो। उनका मर्डर कर दो।

# इमरान हाशमी की 'आवारापन 2'और 'रेड 2' कंफर्म




बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी 24 मार्च 2025 को 46वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। ऐसे में एक्टर ने अपने फैंस को एक बड़ी गुड न्यूज दी। दरअसल एक्टर ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'आवारापन 2' की रिलीज डेट की घोषणा की है। इसके अलावा अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' भी जल्द ही बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। फिल्म से एक्टर का फर्स्ट लुक जारी किया गया है। इमरान हाशमी ने बर्थडे के दिन सोशल मीडिया पर एक स्पेशल पोस्ट शेयर की। जिसमें एक्टर ने अपनी फिल्म 'आवारापन 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। हाशमी ने एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें फिल्म के पार्ट वन के सीन्स दिखाए गए है। साथ ही 'आवारापन 2' से पहली झलक भी इसमें दिखाई गई। इस पोस्ट को शेयर करते हुए इमरान ने लिखा कि, "बस मुझे कुछ और देर जिंदा रख।।'आवरापन 2' सिनेमाघरों में आएगी, 3 अप्रैल 2026।"वहीं अजय देवगन भी एक बार फिर 'रेड 2' के जरिए बड़े पर्दे पर छाने वाले हैं। फिल्म से एक्टर को सोमवार के दिन पहला लुक भी जारी कर दिया गया है। इस लुक में एक्टर नीली शर्ट में गुस्से वाला पोज दे रहे हैं।



# 'छावा' ने स्त्री 2 का ताज छीना

विक्की कौशल की फिल्म छावा ने बॉक्स ऑफिस पर आज भी कमाई में ऐसी रफ्तार पकड़ी हुई है मानो अब भी रिकॉर्ड बनाने की भूख खत्म न हुई हो। हिंदी फिल्मों के अभी तक ज्यादातर रिकॉर्ड तोड़ चुकी फिल्म छठवें वीकेंड में बढ़िया कमाई करने के बाद वीकडेज में भी रुकने का नाम नहीं ले रही है। फिल्म को रिलीज हुए आज 39वां दिन हो चुका है और फिल्म ने आज बॉलीवुड की हर एक सबसे बड़ी फिल्म के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे कर दिया है, सिर्फ शाहरुख खान की जवान को छोड़कर। फिल्म की आज की कमाई से जुड़े शुरुआती आंकड़े सामने आ चुके हैं। ऑफिशियल आंकड़ों के मुताबिक, छावा ने पांच हफ्तों यानी 35 दिनों में हिंदी से 571.40 करोड़ और तेलुगु से दो हफ्तों में 14.41 करोड़ कमाते हुए टोटल 585.81 करोड़ रुपये कमाए। इसके बाद, 36वें, 37वें और 38वें दिन दोनों भाषाओं में फिल्म की कमाई 2.1 करोड़, 3.65 करोड़ और 4.65 करोड़ रही। यानी 38 दिन में टोटल कलेक्शन 596.21 करोड़ हो चुका था। सैक्निल्क पर उपलब्ध आज के 4:15 बजे तक के आंकड़े के मुताबिक, फिल्म आज 0.65 करोड़ कमाते हुए कुल 596.86 करोड़ रुपये हो चुका है।छावा ने आज वो कमाल कर दिया है जिसे कई फिल्में महीनों थिएटर में टिके रहने के बावजूद नहीं कर पाईं। फिल्म आज हाईएस्ट ग्रॉसिंग बॉलीवुड की टॉप 3 फिल्मों की लिस्ट में तीसरे नंबर से उठकर दूसरे नंबर पर आ चुकी है। फिल्म ने श्रद्धा कपूर स्टारर स्त्री 2 के लाइफटाइम कलेक्शन 597.99 करोड़ को पीछे कर दिया है। अब फिल्म से सिर्फ एक ही बॉलीवुड फिल्म आगे है और वो है शाहरुख खान की साल 2023 में आई जवान जिसने तब 640.25 करोड़ रुपये कमाए थे।

# देशभक्ति की अनोखी दास्तान 'केसरी 2'



अक्षय कुमार एक बार फिर पर्दे पर देशभक्ति की अनोखी दास्तान सुनाने जा रहे हैं। 2019 की फिल्म 'केसरी' की सक्सेस के बाद अब वे फिल्म के सीक्वल 'केसरी चैप्टर- 2' के जरिए फैंस का दिस जीतने वाले हैं। उनकी इस फिल्म का शानदार और रौंगटे खड़े कर देने वाला टीजर सामने आ गया है। 'केसरी चैप्टर- 2' जलियांवाला बाग हत्याकांड की अनसुनी कहानी पर बेस्ड है। 'केसरी चैप्टर- 2' के टीजर की शुरूआत कुछ डायलॉग्स से होती है। गोलियों की आवाज, चीखें और बढ़ता तनाव एक ऐसा माहौल बनाते हैं जो दर्शकों को आगे के सीन के लिए एक्साइट करते हैं। इसके बाद अमृतसर के गोल्डन टेंपल की झलक दिखाई जाती है जहां अक्षय मत्था टेकते नजर आते हैं। इसके बाद वे वकील की यूनिफॉर्म पहने कोर्ट में दिखाई देते हैं। अक्षय कुमार 'केसरी चैप्टर- 2' में सर सी। शंकरन नायर का रोल निभाएंगे, जो एक निडर वकील हैं। उन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद ब्रिटिश साम्राज्य से लोहा लेने की हिम्मत की थी। टीजर में एक डायलॉग है- ये मत भूलो कि तुम अभी भी ब्रिटिश साम्राज्य के गुलाम हो। 'केसरी चैप्टर- 2' पुष्पा पलात और रघु पलात की लिखी किताब 'द केस दैट शुक द एम्पायर' पर बेस्ड है। 18 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म'केसरी चैप्टर- 2' की रिलीज डेट पहले ही अनाउंस हो चुकी है। करण सिंह त्यागी के डायरेक्शन और धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी ये फिल्म 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अक्षय कुमार के अलावा फिल्म में एक्ट्रेस अनन्या पांडे और आर माधवन भी अहम किरदार अदा करते नजर आएंगे।

# सुहागिनों ने दशा माता का व्रत रख परिवार के लिए मांगी सुख-समृद्धि





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर में हाउसिंग बोर्ड के नागेश्वर महादेव मंदिर में सुहागिनों ने दशा माता का पर्व परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया चैत्र कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि के अवसर पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से विधि-विधान से दशा माता का पूजन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की । नागेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी भंवरलाल रावल ने बताया कि सोमवार को श्रद्धालु महिलाएं पारंपरिक परिधान में सज-धजकर पीपल वृक्ष के नीचे एकत्र हुईं। उन्होंने पीपल वृक्ष की दस बार परिं मा कर कच्चे सूत का धागा पीपल वृक्ष पर बांध कर पूजन किया। महिलाओं ने पीपल के वृक्ष पर कुमकुम, मेहंदी और हल्दी अर्पित की, साथ ही चुनरी ओढ़ाकर आटे व हल्दी से बनी सोलह श्रृंगार की सामग्री भेंट की। रावल ने बताया कि पूजन के उपरांत आरती कर चावल लापसी का भोग लगाकर नारियल अर्पित किया। इस दौरान महिलाओं ने पूजन के बाद माता रानी की कथा सुनी और दशा माता का धागा 10 गांठ लगाकर अपने गले में बांध माता से परिवार में सुख शांति समृद्धि की कामना की । मंदिर के पूजारी भंवरलाल रावल बताते है कि ऐसा माना जाता है कि दशा माता का पीपल के पेड़ में वास होता है। इसलिए महिलाएं पीपल के पेड़ की पूजा करती हैं। होली से दशमी तक यह व्रत रखने वाली महिलाएं हर दिन मंदिर जाकर देवी की पूजा करती है। इसके बाद दशमी के दिन दशा माता की पूजा की जाती है और उन्हें नए वस्त्र पहनाकर भोग लगाया जाता है।

**जेकेपुरम।** लोडर कॉलोनी में महिलाओं ने दशा माता का व्रत पूजन बड़ी श्रद्धा से मनाया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार दशा माता को मां पार्वती का स्वरूप माना जाता है। घर-परिवार के बिगड़े ग्रहों की दशा और परिस्थितियों को अनुकूल बनाने के लिए यह व्रत किया जाता है। सनातन धर्म की महिलाएं इस दिन विशेष तैयारी करती हैं। वे स्नान कर नए वस्त्र और आभूषण धारण करती हैं। सुबह की शुभ वेला में महिलाएं पीपल के पूजन स्थल पर एकत्रित हुईं। उन्होंने विधिवत रूप से पीपल और पंथवारी का पूजन किया। इसके बाद निश्चित कथा स्थल पर सभी ने कथा का श्रवण किया। परिवार में सुख-समृद्धि, शांति, सौभाग्य और धन-संपत्ति की प्राप्ति के लिए महिलाएं गले में एक विशेष धागा पहनती हैं। अंत में सभी ने घर में दशा माता का पूजन कर व्रत का उद्यापन किया।



## होली स्नेह मिलन समारोह, चंग की थाप पर नृत्य किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** एक निजी फार्म हाउस में लायंस क्लब एवं महावीर इंटरनेशनल का होली स्नेह मिलन समारोह मुख्य अतिथि क्षितिज मेवाड़ा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण चंग पर नृत्य , फूलों से होली, अंताक्षरी, खेलकूद एवं मनोरंजक कार्यक्रम थे। अंत में स्नेह भोज हुआ। लायंस क्लब के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव दीपक बंसल, कोषाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, जॉन चेयर पर्सन पंकज अग्रवाल, महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष माधव दत्त दवे, सचिव पंकज घोड़ावत, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, संयोजक रजत महेश्वरी, योगेश अग्रवाल, योगेश पटवा, सीए मुकेश परमार, हीरालाल पालीवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। महिलाओं एवं बच्चों में भी काफी उत्साह दिखा, एवं शहर के नागरिक भी उपस्थित रहे। अनिल जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## मनाएंगे संत लिखमीदास महाराज मंदिर की वर्षगांठ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** लिखमीदास मन्दिर प्रतिष्ठा की 61 वीं वर्षगांठ पर वार्षिक मेला एवं माली समाज सम्मेलन 10 मई को आयोजित किया जा रहा हैं।नगर के माली बहुल गोकुलवाड़ी कॉलोनी स्थित धर्मशाला में माली समाज के धर्म गुरु संत लिखमीदास महाराज का मन्दिर राजस्थान में पहला व सबसे पुराना हैं। ग्यारह परगनों की ओर से 61वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाने की तैयारियों की रुपरेखा पर चर्चा करने के लिए माली समाज सेवा संस्थान शिवगंज की आवश्यक बैठक गोकुलवाड़ी धर्मशाला प्रांगण में रविवार की रात्रि को आहूत की गई।



### मेले व सम्मेलन को लेकर रुपरेखा तय

संस्थान के अध्यक्ष शंकरलाल मंडोरा परिहार की अध्यक्षता में रखी गई बैठक में मेला व सम्मेलन के भव्य आयोजन की व्यापक तैयारियों के निमित्त एवं आमंत्रण पत्रिका छपवाने,दो दिन 8 व 9 मई को भजन संध्या का आयोजन करने, भोजन प्रसादी में संशोधन करने,प्रति परिवार वार्षिक शुल्क आगामी वर्ष से दुगुना करने,बाहर से आये स्वजाति परिवारों को आधार कार्ड व जाति प्रमाण-पत्र के आधार पर संस्थान से जोड़ने, स्वजाति भामाशाहों व लाभार्थी परिवारों का सम्मान मेले में सम्मेलन की बजाय पूर्व संध्या पर आयोजित भजन संध्या के दौरान करने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में संस्थान के अध्यक्ष एवं कमेटी में शामिल किए गए सदस्यों के अलावा मुख्य रूप से मोहनलाल गहलोत, दिलीप टांक, प्रकाश परिहार, चुन्नीलाल परिहार, छगनलाल परिहार, ओमप्रकाश भाटी, मनसुख परिहार, किशोर परिहार, डॉ.भरत चौहान, शंकरलाल भाटी माली नवयुवक मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र परिहार, पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र परिहार, महेश टांक, चम्पालाल परिहार, पूर्व पार्षद अल्पेश गहलोत, रमेश परिहार, रणजीत चौहान सहित अनेक सदस्यों ने उपस्थिति देकर चर्चा में भाग लेते हुए प्रस्तावों पर अपनी सहमति जताई।

## मंडार को पंचायत समिति बनाने की मांग, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** राज्य सरकार के कैबिनेट बैठक के फैसले अनुसार ग्राम पंचायत के पुनर्गठन करके 25 ग्राम पंचायत को मिलकर पंचायत समिति बनाई जाएगी। जिस पर मंडार क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता मफतलाल बुनकर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम उप तहसीलदार को ज्ञापन देकर मंडार गांव को पंचायत समिति बनाने की मांग की इस अवसर पर बुनकर ने बताया कि मंडार गांव सिरोही जिले का सबसे बड़ा कस्बा है। आबादी में भौगोलिक दृष्टि जालौर गुजरात की सीमा व व्यापार का केंद्र बिंदु है। मंडार को पंचायत समिति बनाई जाती है तो क्षेत्र के लोगों को अपने सरकारी कार्य में बहुत ही सुविधा रहेगी। पुनःगठन से ग्राम मंडार को पंचायत समिति बनाना प्रस्तावित था। मण्डार को पंचायत समिति बनने की सूचना से ग्रामीणों में खुशी की लहर छा गई थीं। ग्रामीणो को अब जानकारी मिल रही है कि मंडार में जो पचायत समित्ति बनने वाली थी उसको अनादरा ले जाने की चर्चा सुनने में आ रही है जिसका हम समस्त उपखण्ड क्षेत्र मण्डार के ग्रामीण विरोध करते है। यदि मण्डार को पंचायत समिति नहीं बनाने पर हम सभी ग्रामीणों को धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा। इस अवसर पर कांग्रेस नेता मफतलाल बुनकर अजय कुमार टांक, करसन भाई पंचाल, मोंटू सोनी, परेश कुमार पंचाल रमेश पुरोहित समेत दर्जनों ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## महामंडलेश्वर हितेश्वरानंद सरस्वती का किया अभिनंदन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** महामंडलेश्वर हितेश्वरानंद सरस्वती महाराज के पिंडवाड़ा पहुंचने पर क्षेत्र वासियों जगह- जगह स्वागत अभिंनदन किया। जिसमें मालेरा टोल से यात्रा प्रारम्भ की यह यात्रा नगर में प्रवेश के साथ ही स्वागत समारोह प्रारम्भ हो गया। नगर के मुख्य मार्गो में स्वागत हुआ। जिसमे उरिया अरठ, काशी बाबा मंदिर, सदर बाजार, महालक्ष्मी मंदिर, द्वारकाधीश मंदिर सहित कई जगहों पर स्वागत अभिनंदन किया गया व नगर के सनातन धर्म के संगठनों विप्र नवयुवक मंडल, विश्व हिन्दू परिषद, शक्ति माता ट्रस्ट, द्वारकाधीश भक्तमण्डल सहित सभी ने स्वागत अभिनंदन किया। महालक्ष्मी मंदिर पहुंचने पर महालक्ष्मी के दर्शन कर विश्व कल्याण की कामना की। श्रीमाली ब्राह्मण समाज के लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वस्तिवाचन कर माल्यार्पण किया व दुशाला पहनाई । इस अवसर पर कांतिलाल दवे, पवन व्यास,अर्जुन दवे, अर्जुन ओझा, हनुमान प्रसाद ओझा, इंद्र व्यास, रवि व्यास, धीरज ओझा, नीलेश व्यास, पंकज दवे, विक्रांत ओझा, रोहित व्यास, पुजारी निखिल ओझा, यश व्यास, नकुल ओझा, रजत ओझा, अनुराग दवे, प्रथम व्यास, निर्मल ओझा श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज के सदस्य, महाकाल सेना जिलाध्यक्ष यश रावल व महाकाल सेना की टीम श्रीमाली महिला मंडल व नवयुवक मण्डल सहित नगर के सभी भक्तजन उपस्थित रहे। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक यश व्यास व नकुल ओझा ने दी।



## स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झाड़ोली पी।** सिवेरा में स्वास्थ्य जांच शिविर पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल उदयपुर की ओर से स्व. बाबूलाल पालीवाल पुत्र स्व. अचल दास पालीवाल पूर्व सरपंच की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 250 मरीजों ने ओपीडी जांच करवाकर निशुल्क दवाइयां प्राप्त की और 50 मरीज जो विभिन्न बिमारियों की जांच एव इलाज के लिए पेसिफिक हॉस्पिटल भीलो का बेड़ला उदयपुर भेजा। जिनका वहां पर संपूर्ण इलाज और रहने व खाने की सुविधा बिल्कुल मुफ्त रहेगी। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष व जिला परिषद सदस्य किरण पुरोहित और नरेश राजपुरोहित का सान्निध्य रहा। कार्यक्रम में सरपंच कन्हैयालाल मीना, पूर्व सरपंच ताराराम पालीवाल, प्रधानाचार्य बाबूलाल मीना, उप सरपंच मोकाराम मीना, समाज सेवी मनोज पालीवाल, निमेश पालीवाल, हरमत सिंह , राकेश राव, डूंगर दास, नारायण दास, मुकेश पालीवाल, देवाराम राठौड़ सहित कई जने मौजूद थे।



## न्यूज़ ब्रीफ

### वार्षिकोत्सव आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही का वार्षिकोत्सव कार्यं म ज्ञान 2025 का आयोजन विद्यालय परिसर में मंगलवार को किया जाएगा। प्रधानाचार्य राजेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि वार्षिकोत्सव 'ज्ञान 2025' कार्यक्रम में राजूगरी महाराज( श्री गणेण आश्रम वाण ), साधु योगीकिशोर दास, साधु अमृत वल्लभ दास (अक्षरधाम मंदिर संस्था) मुख्य अतिथि लुम्बाराम चौधरी (सासंद, जालोर-सिरोही), ओटाराम देवासी (पंचायती राज, ग्रामीण विकास आपदा प्रबंधन मंत्री), विशिष्ट अतिथि डॉ.नरेन्द्र सिंह सोलंकी (डॉ.आर्थो. सर्जन, राज.चिकित्सा सिरोही), दलपत राजपुरोहित (व्यवसायी व समाजसेवी), हरिसिंह गहलोत, (मुख्य प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक,सिरोही), लक्ष्मण सुथार (व्यवसायी व समाजसेवी), पूरणसिंह राठौड़ (समाज सेवी, दहीवा) एवं मुख्य वक्ता महेन्द्र कुमार दवे (सचिव, विद्या भारती जोधपुर प्रान्त) उपस्थित रहेंगे। वार्षिकोत्सव में घोष, सामूहिक नृत्य, साहसिक प्रदर्शन, योग कार्यक्रम, बाल संसद, एंकाकी, प्रसंग एवं गणेण व सरस्वती वंदना,रामायण आधारित गीत व नृत्य होंगे।

### मनरेगा से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वास दत्ताणी।** महानरेगा से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण को लेकर लोकसभा कांग्रेस प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिला चेयरमैन रामाराम कोली ने बताया कि सूरजमल कर्दम स्टेट चेयरमैन राजस्थान अखिल भारतीय असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस के नेता व प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नाम ज्ञापन प्रेषित कर समस्या निस्तारण की मांग की। ज्ञापन में मनरेगा योजना की न्यूनतम मजदूरी समय पर दिलवाने, सिरोही जिले में अखिल भारतीय असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस केकेसी के कार्यालय के लिए रियायती दर पर भूमि आवंटन करवाने, अर्ध घुमंतु समाज के लोगों को मूलभूत सुविधा दिलवाने तथा आबूरोड क्षेत्र से सटे हुए दत्तानी पंचायत के समस्त गांव जैसे सालोतरा, पिपलिया, नया पिपलिया, पालड़ी खेड़ा, बहादुरपुरा, वास करजिया, मूलिया खेड़ा तथा बिदमिया को टीएसपी क्षेत्र घोषित करवाने की मांग की। इस अवसर पर रामाराम, प्रेम सिंह मीणा राज्य संगठन महासचिव, मोहनलाल गरासिया सिरोही जिला उपाध्यक्ष, अशोककुमार डिंग व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शक्ति माता चौक में गेर नृत्य महोत्सव का समापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** शक्तिमाता मन्दिर ट्रस्ट के सान्निध्य मे शक्ति माता चौक पर आयोजित गेर महोत्सव कार्यक्रम का रविवार रात्रि को समापन हुआ। जिसमे सातम, आठम, नवम तक लगातार 3 दिवसीय गेर नृत्य का आयोजन हुआ। इस कार्यं म मे भाग लेने वाले समस्त भक्तों का एवं सहयोग देने वाले भामाशाह व कमेटी सदस्यों का ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनी ने सभी का धन्यवाद के साथ आभार व्यक्त किया।

### संकुलों के संयोजक एवं सहसंयोजक की कार्यशाला का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** रेवदर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा रेवदर की ओर से महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पूर्व विधायक जगसीराम कोली के मुख्य आतिथ्य, शैतान सिंह राठौड़ प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षक संघ राष्ट्रीय पाली संभाग के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिला मंत्री डूंगर सिंह देवड़ा एवं भूराराम चौधरी की पर्यवेक्षता तथा उपशाखा अध्यक्ष वीपी सिंह मंडार की अध्यक्षता आयोजन में रही। रेवदर ब्लॉक की 39 संकुलों के संयोजक एवं सहसंयोजक की कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जगसीराम कोली ने बताया कि शिक्षक संघ राष्ट्र एक मात्र संगठन हे जो राष्ट्र सर्वोपरि की भावना पर चलता हे और सामाजिक सरोकार के कार्य करता है। प्रदेश उपाध्यक्ष शैतान सिंह राठौड़ ने संकुल टोली के कार्यो से परिचय करवा के भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार का संदेश दिया । जिला मंत्री डूंगरसिंह ने उपशाखा की समस्याओं का संकलन किया। उपशाखा अध्यक्ष वीपी सिंह मंडार ने बताया संकुल टोली को एक राह पर चलने और निष्पक्षता से कार्य करने का सदेश दिया । इस अवसर पर सेवानिवृत हुए अध्यापक भेराराम संत का संगठन द्वारा बहुमान किया एवं 39 स्कूल संयोजकों ओर 50 सह संयोजकों का सम्मान किया गया । इस अवसर पर भामाशाह लक्ष्मण सिंह राणावत, अजीत सिंह भाटी के साथ रामनिवास मोठसरा, ओमप्रकाश जोशी, मनाराम कोली रावताराम, मुकेश राजपुरोहित, पोपट लाल, मनोज सिंह, ओम प्रकाश दशरथ सिंह, खेतदान, सुखाराम , राजू नाथ, महेंद्र सिंह, मांगाराम, अरविंद सिंह पन्नालाल राव, भेराराम संत, भरतसिंह, सुरेंद्र कुमार, जया जोशी, राधिका, नानु कुमारी सहित कई जने मौजूद थे।

## युवा उद्यमियों के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र की ओर से विश्वकर्मा कौशल केंद्र बरलूट में उद्यमियों के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आई टी आई बरलूट के छात्रों एवं स्थानीय युवाओं को राज्य सरकार की स्वरोजगार से सम्बंधित योजनाओं राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024, डॉ भीमराव अम्बेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यं म योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला का शुंभारम्भ संस्थान की निदेशक डॉ. सुनीता जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के सहायक आयुक्त अनंत आर्य ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि डॉ भीमराव अम्बेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना विशेष तौर पर अनुसूचितजाति/ जनजाति वर्ग को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लागू की गई है। इस योजना में लाभार्थी को 25 लाख रुपए तक मार्जिनमनी सब्सिडी और 9 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान परियोजना अनुसार देय होगा। इस योजना द्वारा जिले में बेकरी उद्योग, टैक्सी सर्विस, आयल मिल जैसे उद्योगों की सफ्ल स्थापना हुई है। इसी के साथ राज्य सरकार ने बजट 2025-26 में विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना की भी घोषणा की है, जिसमे युवा उद्यमियों को ब्याज और मार्जिनमनी अनुदान दिया जाएगा। विश्वकर्मा कौशल विकास केंद्र के प्राचार्य भरत परमार ने युवाओं को सरकार की स्वरोजगार योजनाओं से लाभ उठाने का आह्वान किया और जिले में उद्योगों की संभावनाओ पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में विवेक रावल, दिलीप कुमार, कृष्णा कुमार मीना, नरेश दवे सहित अधिक स्थानीय युवाओं ने भाग लिया।



## अपनी रेसिपी खुद बनाएं, जानकारी दी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वासन में ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड द्वारा संचालित हेल्दी स्कूल प्रोग्राम के तहत स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित अपनी रेसिपी खुद बनाएं गतिविधि के माध्यम से बच्चों को जानकारी प्रदान की गई। जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, शारीरिक सिं यता पर विशेष फोकस रखना और जंक फूड, फास्ट फूड आदि से होने वाली बीमारियों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा आदि बीमारियों के बारे में फील्ड कोऑर्डिनेटर अर्जुन मेघवाल सोरडा ने जानकारी दी। जिससे हम सभी स्वस्थ और निरोगी रहेंगे। अंत में संस्था प्रधान हितेश कुमार जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान शारीरिक शिक्षक निशांत, अध्यापक छगनलाल रोहिन, पंचायत शिक्षक नरेश अग्रवाल एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## नया सानवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से संगोष्ठी, प्रदर्शनी व प्रश्नोत्तरी के माध्यम से पिंडवाड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत परिसर, नया सानवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रभारी अधिकारी फूलचंद गहलोत ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, सुकन्या समृद्धि योजना के खाता खोलने की प्रिं या व पात्रता एंव संविधान के 75 वर्ष पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पर जानकारी प्रदान की। राज्य स्तरीय सम्मानित वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता भीक सिंह भाटी ने बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण के लिए होने वाले दुष्परिणाम पर जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया व विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता जीतू रावल, कनिष्ठ सहायक मंसाराम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इत्यादि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

## अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश | परिवेदनाओं के मौके पर ही निस्तारण से आमजन खुश | सौगातों के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने वहां उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति से आत्मीयता से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं को सुना। शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री ने जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण एवं चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से संबंधित समस्याएं सुनी तथा कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर परिवादी को राहत दी। जनसुनवाई के दौरानआमजन ने राज्य बजट वर्ष 2025-26 में दी गई सौगातों के लिए शर्मा का आभार जताया तथादुपट्टा ओढ़ाकर उनका अभिनन्दन किया।इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

### बबीता कुमारी को चिकित्सा सहायता, गायत्री को कैंसर की दवा

*जनसुनवाई में बालोतरा कीबबीता कुमारीने मुख्यमंत्री को दांतों से संबंधित बीमारी से अवगत करवाया तथा शीघ्र इलाज के लिए निवेदन किया। इस पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बबीता कुमारी को तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। पालीसे आई कैंसर रोग से ग्रसित गायत्री ने कैंसर की दवा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया। इस पर शर्मा ने गायत्री को निःशुल्क कैंसर की दवा उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।बबीता और गायत्री अपनी परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण से बेहद खुश नजर आई और मुख्यमंत्री को बार-बार धन्यवाद दिया।*

## जयपुर में सनी देओल को देखने जाम हुई सड़क

### सनी बोले अब साउथ वाले देखेंगे ढाई किलो का हाथ

**जयपुर।** सनी देओल आज अपने को-स्टार विनीत कुमार और रणदीप हुड्डा के साथ अपनी फिल्म जाट का ट्रेलर लांच करने राजमंदिर में आए। इस दौरान सड़क पर बड़ी संख्या में फैंस मौजूद रहे। इस दौरान सनी देओल के फैंस ने उनसे तेजाजी की जय के नारे लगाने की जिद की तो उन्होंने विनीत कुमार के साथ तेजा जी की जय बोला। इस दौरान सनी ने कहा मैं जाट हूं, अभी तक ढाई किलो के हाथ को नॉर्थ वालों ने देखा था, अब साउथ वाले देखेंगे। इसके बाद उन्होंने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। तेलुगू निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणदीप हुड्?डा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा हैं। राजमंदिर में सोमवार को इसके लिए इवेंट आयोजित किया गया। इसमें सनी देओल के साथ फिल्म की पूरी स्टारकास्ट, निर्देशक और प्रोड्यूसर भी मौजूद रहे। इस फिल्म का संगीत तेलुगू और तमिल संगीत निर्देशक थमन एस ने तैयार किया है। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी ऋषि पंजाबी ने की है। अविनाश कोला ने प्रोडक्शन डिजाइन किया है। फिल्म में रणदीप हुड्डा खलनायक के किरदार में नजर आएंगे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा बैठक संपन्न



### नवंबर से तीन सप्ताह तक घर घर संपर्क अभियान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक जनसेवा विद्या केंद्र, चन्नेन, दिल्ली, बेंगलुरु में सम्पन्न हुई। इसमें देशभर से 1482 कार्यकर्ता शामिल हुए। इसमें संघ की ओर से देशभर में सर्वस्पर्शी सर्वव्यापी अभियान चलाने के निर्णय के साथ ही बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हुए अत्याचारों को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया।

राजस्थान क्षेत्र के संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल ने सोमवार को भारती भवन में पत्रकारों को बताया कि प्रतिनिधि सभा में संगठनात्मक कार्यों का विश्लेषण, विकास, प्रभाव और समाज परिवर्तन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि संघ ने गत 100 वर्षों में कार्य के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है। वर्तमान देशभर में 51570 स्थानों पर प्रतिदिन कुल 83129 शाखाएं संचालित की जाती हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 हजार से अधिक हैं। साप्ताहिक मिलन में पिछले वर्ष की तुलना में 4430 की वृद्धि के साथ 32147 हो गए है। देश में शाखाओं और मिलन की कुल संख्या 1,15,276 है। राजस्थान क्षेत्र के कार्य की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023-24 में 6102 स्थानों पर 9556 शाखाएं 3903 मिलन थे। जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 6839 स्थानों पर 10757 शाखाएं और 1,5311 मिलन हो गए हैं। अग्रवाल ने बताया कि पिछले वर्ष सरसंघचालक मोहनराव भागवत के आव्हान पर संघ कार्य के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए 2,453 स्वयंसेवकों ने दो साल के लिए स्वयं को इस कार्य के लिए समर्पित किया। राजस्थान में ऐसे स्वयंसेवकों की संख्या 468 थी। इस बैठक में सक्षम द्वारा आयोजित महाकुम्भ में आयोजित नेत्र कुम्भ और कुम्भ को थर्मोकोल प्लेट और पॉलीथिन बैग मुक्त बनाने के लिए विभिन्न संगठनों के 'एक थाली एक थैला' अभियान की सराहना के साथ लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर की 300वीं जयंती पर देशभर में आयोजित कार्यकमों चर्चा की। संघचालक अग्रवाल ने कहा कि संघ का लक्ष्य 'सर्वस्पर्शी' सर्वव्यापी होना है, जो समाज और राष्ट्र के सभी पहलुओं को स्पर्श करे। संघ आज देश के 134 प्रमुख संस्थानों में मौजूद है और आने वाले वर्षों में सभी संस्थानों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। संघ आज देश के सुदूर और आदिवासी इलाकों में काम करता है। उदाहरण के लिए, ओडिशा के कोरापुट और बोलनगीर के जनजातीय क्षेत्रों में 1031 शाखाएं हैं, जिनमें उन समुदायों से ही कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं। सभा के अंतिम दिन संघ शताब्दी के उपलक्ष्य में एक संकल्प लिया गया। इसके अलावा भारत की अप्रतिम महिला स्वतंत्रता सेनानी, महारानी अबक्का के जन्म की 500वीं वर्षगांठ के अवसर पर सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले जी का वक्तव्य भी आया। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष की शुरुआत विजयादशमी 2025 के अवसर पर होगी, जिसमें गणवेश संघ गणवेश में स्वयंसेवकों के मंडल खंड/नगर स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हरवर्ष की तरह इस अवसर पर सरसंघचालक जी स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे।

रमेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि नवंबर 2025 से जनवरी 2026 तक तीन सप्ताह तक बड़े पैमाने पर घर-घर संपर्क अभियान की योजना बनाई गई है, जिसका विषय हर गांवए, हर बस्ती, घर-घर होगा। संपर्क के दौरान संघ साहित्य वितरित किया जाएगा और स्थानीय इकाइयों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी मंडलों और बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक के जीवन में एकता और सद्भावए राष्ट्र के विकास में सभी का योगदान और पंच परिवर्तन में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी का संदेश दिया जाएगा।

खंड/नगर स्तर पर सामाजिक सद्भाव बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिसमें एक साथ मिलकर रहने पर बल दिया जाएगा। इन बैठकों का उद्देश्य सांस्कृतिक आधार और हिन्दू चरित्र को खोए बिना आधुनिक जीवन जीने का संदेश देना होगा। उन्होंने महाकुम्भ का उदाहरण दिया जहां सभी क्षेत्रों के लोग एक साथ आए थे।

शेख हसीना के तख्तापलट के बाद

## बांग्लादेश में 7 महीने में कपड़े की 140 फैक्ट्रियां बंद

### 1 लाख बेरोजगार



**ढाका।** बांग्लादेश का गारमेंट सेक्टर इस समय भयंकर संकट से गुजर रहा है। पूर्व पीएम शेख हसीना के तख्तापलट के बाद सात महीनों में 140 से ज्यादा गारमेंट फैक्ट्रियां बंद हो चुकी हैं। इसके चलते एक लाख से ज्यादा मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। सिर्फ गाजीपुर, सावर, नारायणगंज और नर्सिंदी में 50 से ज्यादा फैक्ट्रियां पूरी तरह बंद हो चुकी हैं, जबकि करीब 40 फैक्ट्रियां अस्थायी रूप से बंद हैं।

दूसरी ओर कई गारमेंट कंपनियों में मजदूरों के 2 महीने से 14 महीने तक के वेतन बकाया हैं, जिससे वे सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। ईद के करीब आते ही स्थिति और भयावह होती जा रही है। ईद के बाद और अधिक फैक्ट्रियां बंद होने की आशंका है। इसके बावजूद, सरकार और गारमेंट मालिकों द्वारा कदम नहीं उठाया जा रहा है। बांग्लादेश गारमेंट मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के सूत्रों के अनुसार, 20 प्रतिशत ऑर्डर देश से शिफ्ट हो चुके हैं। अब यह ऑर्डर भारत, वियतनाम, श्रीलंका, इंडोनेशिया और पाकिस्तान को मिल रहे हैं।

## तुर्किये में राष्ट्रपति एर्दोगन के खिलाफ सबसे बड़ा प्रदर्शन

### अब तक 1100 प्रदर्शनकारी हिरासत में

**अंकारा।** तुर्किये में इस्तांबुल के मेयर और विपक्षी नेता इकरम इमामुलू की गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रपति एर्दोगन के खिलाफ सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन जारी है। पिछले 5 दिन में 1,133 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। तुर्की के मंत्री अली येरलिकाया का कहना है कि हमारी सड़कों पर आतंक फैलाना और हमारे देश की शांति और सुरक्षा को खतरे में डालना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कई जगहों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई है। प्रदर्शनकारी सड़कों, यूनिवर्सिटी और मेट्रो स्टेशनों पर सरकार विरोधी नारे लगा रहे हैं। कई सड़कों और मेट्रो लाइनों को भी बंद कर दिया गया है।

## संभल हिंसा मामले में सांसद जियाउर्रहमान बर्क को नोटिस

### जामा मस्जिद के सदर की गिरफ्तारी के बाद दूसरी कार्रवाई

**चंदौसी।** संभल जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान बीते वर्ष 24 नवंबर को हुई हिंसा के मामले में दंगा भड़काने में जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी के सदर जफर अली को भेजे जाने के बाद अब सांसद जियाउर्रहमान बर्क को भी पुलिस की ओर से 41ए का नोटिस देने की प्रक्रिया की जा रही है।

पुलिस की ओर से संभल कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमा अपराध संख्या (335/24) में जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली, सांसद जियाउर्रहमान बर्क और सुहेल इकबाल को भी नामजद किया गया है। इन पर हिंसा भड़काने की धाराएं लगाई गई हैं। जफर अली को बीते रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब सांसद बर्क को विवेचक की ओर से सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत नोटिस दिया जाएगा। इस मामले सांसद से विवेचना में सहयोग करने को कहा जाएगा। बताया जाता है कि सात वर्ष से अधिक की सजा के प्रावधान वाले मुकदमों में विवेचना में सहयोग करने करने के लिए यह नोटिस देने की प्रक्रिया की जा सकती है। संबंधित व्यक्ति को विवेचना में सहयोग करने के दौरान आरोपी होते हुए भी जमानत कराने की जरूरत नहीं होती। हालांकि, पुलिस कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करती है तो कोर्ट द्वारा कार्रवाई की जा सकती है और जमानत करानी होगी।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा है कि सांसद को विवेचना में शामिल करना जरूरी है, उनकी सार्वजनिक बयान और अदालत में दिए गए हलफनामे की भी जांच होगी। इस केस में रविवार को पहली गिरफ्तारी जामा मस्जिद के सदर जफर अली की हुई थी। सांसद की गिरफ्तारी को लेकर एसपी ने कहा कि यह विवेचक के विवेक पर निर्भर होगा।

## किसानों को क्यों नहीं मिल रहा लोन? वित्त मंत्री ने लोकसभा में बताई पूरी बात

**नई दिल्ली।** देश के कुछ हिस्सों में सरकारी बैंकों की तरफ से कम सिबिल स्कोर वाले किसानों को कर्ज देने से इनकार किए जाने का मुद्दा संसद में भी उठ गया है। इस बारे में एक लिखित सवाल वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से पूछा गया था। सीतारमण ने सोमवार (24 मार्च) को जब सवाल का कोई स्पष्ट जवाब देने के बजाय यह बताया कि सरकार कितनी आसानी से कृषि क्षेत्र को कर्ज मुहैया करा रही है और बगैर बंधक के कृषि कर्ज की सीमा कितनी बढ़ा दी गई है।



## 21 कुण्डीय महायज्ञ कार्यक्रम में पहुंचीं डिप्टी सीएम दिया कुमारी

**जयपुर।** डिप्टी सीएम दिया कुमारी रविवार को 21 कुण्डीय महायज्ञ कार्यक्रम में पहुंचीं। कार्यक्रम सर्व हिंदू समाज और गायत्री परिवार की ओर से विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वीकेआई रोड़ नंबर 17 में किया गया था। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में सुख-शांति, सुरक्षा और प्रगति के लिए प्रार्थना की।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने महिलाओं के साथ जमीन पर बैठकर उनका हालचाल जाना और उन्हें इस आयोजन की बधाई दी। इस मौके पर उन्होनें कहा- यज्ञ-हवन पर्यावरण को स्वच्छ रखने और आध्यात्मिक ज्ञान एवं ध्यान का माध्यम हैं। हवन पूजा से मन शांत होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता हैं। यह औषधीय गुणों के कारण वातावरण में शुद्धता के लिए भी उपयोगी है। सामूहिक रूप से हवन किया जाना सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का परिचायक है। उन्होंने कहा अध्यात्म से जुड़ी यह सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक धरोहर धीरे-धीरे कम होती जा रही है, उसका भी हमें संरक्षण और संवर्धन करना चाहिए। यह हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है, इस तरह के प्रयास इस पहचान को और मजबूत करेंगे।

## मणिपुर हिंसाः जल्द ही स्थिति का समाधान निकलेगा : जस्टिस बीआर गवई

नई दिल्ली। पिछले दो वर्षों से जातीय हिंसा की आग में झुलस रहे मणिपुर के दौरे पर गए सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस बीआर गवई ने उम्मीद जताई है कि राज्य में जल्द ही स्थिति का समाधान निकलेगा। राज्य के दौरे पर गए सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जस्टिस गवई ने कहा कि मणिपुर में राहत शिविरों में रह रहे प्रभावित लोग अच्छे मूड में हैं और सामान्य स्थिति में लौटना चाहते हैं। जस्टिस गवई ने कहा, राहत शिविरों में लोग अच्छे मूड में हैं और वे सभी शांति और सामान्य स्थिति में लौटना चाहते हैं। मैंने दोनों समूहों से बात की है और मुझे पूरी उम्मीद है कि बहुत जल्द कोई समाधान निकल आएगा। इससे पहले जजों के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को इंफाल में द्विवार्षिक समारोह में भाग लिया। जस्टिस गवई ने मणिपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के सचिवालय और अन्य भवनों एवं परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रतिनिधिमंडल ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों से मुलाकात की और उनसे कई अहम बिंदुओं पर बातचीत भी की। गौरतलब है कि शनिवार को सुप्रीम कोर्ट के पांच सदस्यीय जजों का प्रतिनिधिमंडल इंफाल पहुंचा था।



प्रतिनिधिमंडल में जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एन. कोटेश्वर शामिल थे। उन्होंने चूड़चांदपुर में एक राहत शिविर का भी दौरा किया। जस्टिस गवई राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं।

## पेपरलीक में एग्जाम करवाने वाली कम्पनी का प्रोजेक्ट मैनेजर गिरफ्तार

### इंजीनियर दोस्त के साथ मिलकर 60 लाख में किया था सौदा

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने पेपर लीक के मामले में एग्जाम कराने वाली टीसीएस कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर जगजीत सिंह समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जेल प्रहरी भर्ती-2018 का जगजीत ने ही पेपर लीक किया था। उसने अपने इंजीनियर दोस्त की मदद से 6 0 लाख रुपए में पेपर का सौदा किया था।

एसओजी इस मामले में अब तक 15 लोगों को अरेस्ट कर जेल भेज चुकी है। एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया- एसओजी ने जगजीत सिंह (37) निवासी सिंहभूम (झारखंड) को गिरफ्तार किया है। वह अभी उत्तरप्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में रह रहा था। इसके साथ करण कुमार (36 ) निवासी सिंहभूम (झारखंड) को गिरफ्तार किया गया है। जो देहरादून के कोतवाली में रह रहा था। आरोपी जगजीत को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 12 दिन के रिमांड पर सौंपा गया है। एसओजी ने पेपर लीक मामले में शामिल एक आरोपी देवव्रत को चेन्नई से पकड़ा है, जिसे देर रात तक एसओजी जयपुर ले आएगी।

## दो आईएएस अफसरों की सजा पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

### पीडब्ल्यूडी से जुड़े मामले में कहा-संबंधित कंपनी को बकाया का भुगतान जल्द कर दिया जाएगा

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट से राज्य सरकार के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी प्रवीण गुप्ता और भास्कर ए सावंत को बड़ी राहत मिल गई है। जस्टिस सुदेश बंसल की अदालत ने दोनों अधिकारियों को कॉमर्शियल कोर्ट द्वारा सुनाई गई तीन-तीन माह के सिविल कारावास पर रोक लगा दी है।

इसके साथ ही हाईकोर्ट ने कॉमर्शियल कोर्ट की अग्रिम कार्रवाई पर भी रोक लगा दी है। आज दोनों अधिकारियों की ओर से महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी से जुड़े मामले को लेकर कहा- हम संबंधित कंपनी को भुगतान करने की प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं। संबंधित कंपनी को बकाया का भुगतान जल्द कर दिया जाएगा। वहीं, पीएचईडी विभाग को लेकर कॉमर्शियल कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को लेकर कहा कि इस आदेश में कोर्ट ने संपत्तियों का विवरण देने का आदेश समय से पहले दिया, जो मनमाना और गलत हैं। जयपुर के कॉमर्शियल कोर्ट-1 ने अदालत के आदेशों के बावजूद कंपनियों को भुगतान करने के आदेशों की पालना नहीं करने पर दोनों आईएएस को सजा सुनाई थी।

### कॉमर्शियल कोर्ट ने पीडब्ल्यूडी की संपत्तियों की सूची मांगी थी

नागौर-मुकुंदगढ़ हाईवे प्राइवेट लिमिटेड ने साल 2020-21 में सड़क बनाने के प्रोजेक्ट का काम किया था। इसके कॉन्ट्रैक्ट में समय से पहले सड़क प्रोजेक्ट का काम पूरा करने पर बोनस देने का प्रावधान था। कंपनी को जब बोनस का भुगतान नहीं किया तो भुगतान को लेकर आर्बिट्रेटर के आदेश को कॉमर्शियल कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक चुनौती दी गई, लेकिन पीडब्ल्यूडी को राहत नहीं मिली। 167 करोड़ रुपए के बकाया भुगतान से संबंधित मामले में कॉमर्शियल कोर्ट ने पीडब्ल्यूडी की संपत्तियों की सूची मांगी, ताकि उनको कुर्क कर बकाया भुगतान दिलवा सके। कोर्ट ने इसी मामले में भुगतान को लेकर विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) प्रवीण गुप्ता का शपथ-पत्र मांगा।

## कर्नाटक डिप्टी सीएम के बयान पर संसद में हंगामा

### मुस्लिम आरक्षण पर कहा था कॉन्स्टिट्यूशन बदलेंगे; खड़गे बोले- कोई संविधान नहीं बदल सकता

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बयान पर संसद में हंगामा हुआ। मंत्री किरेन रिजिजू ने इस्तीफे की मांग की।

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बयान पर संसद में हंगामा हुआ। मंत्री किरेन रिजिजू ने इस्तीफे की मांग की। संसद में बजट सत्र के दूसरे फेज के 9वें दिन कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के एक बयान पर राज्यसभा में हंगामा हुआ। इसके चलते सदन की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

इससे पहले सदन 2 बजे तक स्थगित किया गया। दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर फिर हंगामा हुआ, तो राज्यसभा पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। दरअसल, डिप्टी सीएम शिवकुमार ने 23 मार्च को कर्नाटक के एक कार्यक्रम में मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर कहा था कि संविधान बदल देंगे। सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने यह मुद्दा उठाया।

## जयपुर के स्पा सेंटर पर दो युवतियों समेत 4 गिरफ्तार



**जयपुर।** जयपुर में प्रताप नगर थाना पुलिस ने एक स्पा सेंटर पर रविवार को कार्रवाई कर दो युवती सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अवैध गतिविधियों की सूचना मिलने पर स्पा सेंटर पर छापेमारी की। मौके पर मिले चार लोगों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया। सीआई प्रताप नगर मनोज बेरवाल ने बताया कि अवैध गतिविधियों में संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ के लिए विशेष कार्रवाई के आदेश आयुक्तालय की ओर से दिए गए थे। जानकारी मिलने पर स्पा सेंटर पर रेड की गई। यहां पर से दो युवक और दो युवतियों को डिटेन किया गया। चारों को पूछताछ के बाद शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया है। मौके से दिल्ली को दो लड़कियां, अजमेर का एक लड़का और यूपी का एक लड़का मिला। चारों से सेंटर और उस में हो रहे काम को लेकर पूछताछ की जा रही हैं।

## जयपुर में साथी कर्मचारियों ने युवती से किया गैंगरेप

### धोखे से मिलने बुलाकर की जबरदस्ती, अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

जयपुर। सांगानेर सदर इलाके में दो सहकर्मियों के युवती से गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। जयपुर में दो सहकर्मी युवकों के युवती से गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। धोखे से मिलने बुलाकर आरोपियों ने रेप किया।

अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर देहशोषण करने लगे। सांगानेर सदर थाने में पीड़िता ने दोनों आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच एसीपी (चाकसू) सुरेन्द्र सिंह कर रहे हैं। पुलिस ने बताया चाकसू की रहने वाली 26 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह सांगानेर सदर इलाके में स्थित एक फैक्ट्री में जॉब करती है। उसी फैक्ट्री में साथ काम करने के कारण दोनों आरोपियों से मुलाकात हुई थी। आरोप है कि साल-2024 में बातचीत के दौरान दोनों से अच्छा परिचय हो गया था। धोखे से आरोपियों ने मिलने के बहाने उसे वाटिका बुलाया। मिलने जाने पर डरा-धमकाकर दोनों आरोपी सहकर्मियों ने उसके साथ गैंगरेप किया। आरोपियों ने अपने मोबाइल में उसके अश्लील वीडियो बना लिए। विरोध करने पर अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी दी।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com